**सुविचार**

कांच का कटोरा, नेत्रों का जल, मोती और मन, ये एक बार टूटने पर पहले जैसे नहीं रह जाते। अतः सावधानी बरतनी चाहिए।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज *Published from Ranchi*

Ranchi ● Tuesday, 09 January 2024 ● Year : 01 ● Issue : 349 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




डेडली में पहली बार दिखेगी जान्हवी... 12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 71,355.22 |
| निफ्टी | : | 21,513.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,940 |
| चांदी | : | 77.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## शेख हसीना लगातार चौथी बार बांग्लादेश की पीएम

**DHAKA :** बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना (76) लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने जा रही हैं। रविवार 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता। गोपालगंज-3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। हसीना को 2 लाख 49 हजार 965 तो निजामुद्दीन को महज 469 वोट मिले। हसीना पहली बार 1986 में चुनाव जीती थीं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार चुनाव में 40 प्रतियात वोट पड़े। यह आंकड़ा बदल सकता है। 2018 के चुनाव में 80 प्रतियात मतदान हुआ था। देश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आवामी लीग की जीत के बाद ढाका में भारत के राजदूत प्रणय वर्मा ने शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने बुके देकर शेख हसीना को भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जीत की बधाई दी। प्रणय वर्मा ने उम्मीद जताई है कि शेख हसीना की नई पारी में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, भारत के अलावा चीन और रूस ने भी शेख हसीना को बधाईयां भेजी हैं।

## लेबनान पर इजराइली हमला हिजबुल्लाह कमांडर ढेर

**TEL AVIV :** इजराइल लगातार गाजा के साथ लेबनान पर भी हमला कर रहा है। अल जजीरा के मुताबिक इजरायली सेना ने सोमवार शाम लेबनान की तरफ हमला किया। इसमें हिजबुल्लाह का सीनियर कमांडर विसाम अल-तविल मारा गया। हिजबुल्लाह के आतंकी एक कार में थे, जब इजराइल ने एयरस्ट्राइक की। वहीं, इजराइल के हमले में पिछले 24 घंटे में 249 फिलिस्तीनी मारे गए। अब तक 22 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। 1200 इजराइली मारे गए थे। इधर, टाइम्स ऑफ इजराइल ने हयोम न्यूजपेपर के हवाले से अपनी खबर में लिखा कि इजराइली सेना हमास लीडर सिनवर की लोकेशन जानता है। लेकिन उस पर हमला करने से बच रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिनवर बंधकों के साथ ही छुपा हुआ है। वो इजराइली सेना से हमलों से बचने के लिए बंधकों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है। वहीं, इजराइल और हमास की जंग के बीच बंधकों की रिहाई का मसला उलझता जा रहा है। टाइम्स ऑफ इजराइल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमास की कैद में मौजूद बंधकों के कुछ परिवारों ने कतर की राजधानी दोहा जाकर वहां के प्रधानमंत्री से मुलाकात की है।

# बिलकिस गैंगरेप के 11 दोषी फिर जाएंगे जेल

## सुप्रीम कोर्ट बोला- गुजरात सरकार ने सत्ता का किया दुरुपयोग, पीड़िता के घर जश्न

**CRIME REPORTER RANCHI :** गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है।



**2004** में आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार

**2008** में 11 दोषियों को उम्रकैद की मिली थी सजा

- सभी 11 दोषियों को 2 सप्ताह में सरेंडर करने का कोर्ट ने दिया आदेश
- गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं

### अमृत महोत्सव के तहत रिहा किए गए थे दोषी

बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है? केस के सभी 11 दोषी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रिहा कर दिए गए थे। गुजरात में गोधरा कांड के बाद 3 मार्च 2002 को दंगे भड़के थे। दंगों के दौरान उग्र भीड़ बिलकिस बानो के घर में घुस गई थी। तब बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वे 5 महीने की गर्भवती थीं। दंगाइयों ने बिलकिस का गैंगरेप किया। उनकी मां और तीन और महिलाओं का भी रेप किया गया।

## राजधानी में बादल छंटते ही बढ़ेगी ठंड

**RANCHI :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम में बदलाव ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। रिम्स व सदर अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। दरअसल राजधानी व आसपास के जिलों में सुबह में कोहरा या धुंध के साथ साथ धूप खिलते ही गर्मी का अहसास होने लगता है जबकि शाम ढ़लते ही सर्दी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है। यह सिलसिला पिछले एक सप्ताह से जारी है। वहीं गत दिनों हुई वर्षा के बाद लगातार आंशिक बादल छाए रहने के कारण तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा जा रहा है। न्यूनतम तापमान में भी बड़ा अंतर नहीं दिख रहा है। हालांकि मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद का कहना है कि बादल छंटने के बाद तापमान में कमी होगी और 11 जनवरी के बाद एक बार फिर न्यूनतम तापमान में कमी होगी।




अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन।

# चुनावी साल में मार्च नहीं फरवरी में ही आयेगा बजट सीएम हेमंत ने की समीक्षा

- बजट में रोजगार, शिक्षा, ग्रामीण विकास पर जोर
- विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** हेमंत सरकार अपने चार साल के कार्यकाल में पहली बार फरवरी के दूसरे हफ्ते में बजट पेश कर रही है। बजट तीन मार्च को पेश होता था। इस बार चुनावी साल के मद्देनजर फरवरी में बजट को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। मुख्यमंत्री ने आगामी बजट में राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस करने की बात कही है। बजट को लेकर हुई चर्चा में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधान में वृद्धि पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान होंगे। आगामी बजट में एक नई और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इसी साल लोकसभा चुनाव होने के कारण केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में पूर्ण बजट की जगह लेखानुदान बजट पेश करेंगी। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव 10 से 15 फरवरी के बीच विधानसभा में बजट पेश करेंगे।

### 15% तक बढ़ सकता है बजट का आकार

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में झारखंड का कुल बजट 1 लाख 16 हजार 418 करोड़ रुपए का है। अगले बजट में इसमें 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इस बार भी गैर योजना और योजना बजट के स्थान पर स्थापना व्यय और सामान्य बजट का ही कॉन्सेप्ट रहेगा। सरकार आउट कम बजट ही पेश करेगी। वित्त विभाग ने अगले अगले बजट के लिए योजना विकास बजट को लेकर सभी विभागों से केंद्र व राज्य से मिलने वाले आर्थिक संसाधनों की जानकारी मांगी थी।

### पिछले दो माह से चल रही है तैयारी

वित्त विभाग ने दो माह पहले आगामी बजट प्रस्ताव तैयार करने के लिए सभी विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया था। वित्त विभाग ने सभी विभागों को 15 दिसंबर तक योजना बजट मांग पत्र भेजने को कहा था। वहीं 24 नवंबर तक स्थापना बजट और 8 दिसंबर तक राजस्व लक्ष्य का प्रस्ताव देने को कहा था। जो राशि चालू वित्त वर्ष में खर्च होने की संभावना नहीं है, विभागीय सचिवों को वह राशि 31 दिसंबर तक सरेंडर करने की हिदायत दी थी।

## रांची में माहौल बिगाड़ने की कोशिश : विरोध में दो घंटे सड़क जाम

# असामाजिक तत्वों ने भगवान की प्रतिमाओं को किया खंडित, हंगामा

**CRIME REPORTER RANCHI :** बरियातू थाना क्षेत्र के हाउसिंग कालोनी में स्थित राम जानकी मंदिर का ताला तोड़कर रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने नौ मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस का कहना है कि मंदिर से किसी भी सामान की चोरी नहीं की गइ है, असामाजिक तत्वों ने मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि सुबह के वक्त माली मंदिर का ताला खोलने आया तो देखा कि मंदिर में लगा हुआ दोनों ताला काट कर गिराया हुआ है। माली मंदिर के अंदर गया तो देखा कि अन्य सात ताला टूटा हुआ है। नौ मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। माली ने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते दर्जनों लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए। लोग उग्र हो गए और सड़क जाम कर दिया। दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक लोग सड़क पर रहे। लोगों की मांग थी कि जो भी मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है उसकी गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। सड़क जाम होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। सड़क जाम होने की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। लोगों को काफी परेशानी हुई। दोपहर दो बजे के बाद स्थिती सामान्य हुई।

- बरियातू में राम जानकी मंदिर में नौ मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त
- उग्र लोगों ने दो घंटे तक सड़क किया जाम, सैकड़ों वाहन फंसे, लोगों को हुई परेशानी
- पुलिस ने कहा, नहीं हुई चोरी असामाजिक तत्वों ने मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त
- सीसीटीवी फुटेज में दिखा एक संदिग्ध युवक, तलाश में पुलिस कर रही है छापेमारी



### अपनी सैलरी से एक मूर्ति बनवाऊंगा : सिटी एसपी

रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने आंदोलन कर रहे लोगों से कहा कि सांसद और विधायक प्रतिमाएं बनवाएंगे। इसके अलावा मैं खुद अपने वेतन से एक प्रतिमा बनवाऊंगा। इसके अलावा मंदिर में सीसीटीवी लगाया जाएगा। मंदिर के पीछे शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। घटना की जांच पांच थाने की पुलिस को मिला कर एसआईटी बनेगा जो जांच करेगी। रांची सिटी एसपी के इन आश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।

### आरोपी को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

पुलिस का कहना है कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है। डीएवी स्कूल के गेट पर लगे कैमरा को खंगाला गया तो उसमें देर रात एक युवक को संदिग्ध हालत में देखा गया। पुलिस संदिग्ध युवकी को तलाश कर रही है। बरियातू पुलिस का कहना है कि सभी थाना में संदिग्ध का फोटो भेज दिया गया है ताकि जल्द से जल्द उसकी पहचान हो सके। संदिग्ध के पकड़े जाने के बाद इस मामले में सुराग मिलेगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने फिलहाल यह बताया कि चोरी करने वाला युवक संभवतः विक्षिप्त है। बरियातू में मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर सासंद संजय सेठ, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, विधायक समरी लाल समेत कई लोग घटना स्थल पर पहुंचे। सभी ने लोगों से कहा कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**लॉ-एंड-ऑर्डर बिगाड़ने की कोशिश :** मंदिर में मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने पर बीजेपी सांसद संजय सेठ ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग लॉ-एंड-ऑर्डर बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम रांची की शांति भंग होने नहीं देंगे। 22 जनवरी से पहले ये माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत एक्शन हो। मंदिर की मूर्तियां बदली जाए और प्राण प्रतिष्ठा किया जाए।

# मेकॉन में हुए फजीवाड़ा की जांच अब सीबीआई करेगी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए फजीवाड़े मामले की सीबीआई जांच करेगी। मेकॉन लिमिटेड से ओडिशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा 85 लाख रुपये का फजीवाड़ा किया गया था। इस मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड के द्वारा डोरंडा थाना में फजीवाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा जानबूझकर और बेईमानी से मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा दिए गए कार्य आदेशों के संदर्भ में जाली बैंक गारंटी तैयार की। और इस तरह से मेकॉन लिमिटेड को 85 लाख रुपये का नुकसान हुआ था। इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 024202ए0001 दर्ज किया है। इन मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है।




## राजस्थान में मंत्री सुरेंद्र विधानसभा चुनाव हारे

**SRIGANGANAGAR :** राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। यह नतीजे सोमवार को आए। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था।

# केजी बेसिन में गहरे समुद्र से तेल उत्पादन शुरू

## ओएनजीसी धीरे-धीरे बढ़ाएगी उत्पादन, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**AGENCY NEW DELHI :** सरकारी तेल और गैस कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी (केजी) बेसिन में डीप वॉटर ब्लॉक में तेल उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गयी जानकारी के अनुसार, ओएनजीसी ने केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक में क्लस्टर-2 परियोजना से उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी धीरे-धीरे यहां से उत्पादन बढ़ाएगी।



### अर्थव्यवस्था को भी कई होंगे फायदे

समझा जा रहा है कि इससे उसे बरसों के उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटने में मदद मिलेगी। तेल कंपनी की इस सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह भारत की ऊर्जा यात्रा में एक उल्लेखनीय कदम है और आत्मनिर्भर भारत के हमारे मिशन को बढ़ावा देता है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भी कई फायदे होंगे। वहीं, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जटिल और कठिन ब्लॉक से पहला तेल उत्पादन शुरू हो गया है। उन्होंने मौजूदा उत्पादन के बारे में कोई संकेत न देते हुए कहा कि कच्चा तेल उत्पादन प्रतिदिन 45,000 बैरल और गैस उत्पादन एक करोड़ घनमीटर प्रतिदिन रहने की उम्मीद है।

### शेयर में दिखा एक्शन

ओनएजीसी के केजी बेसिन में तेल और गैस उत्पादन की सूचना के बाद कंपनी के शेयर में तेज उछाल आया है। बाजार खुलने के डेढ़ घंटे के अंदर शेयर का भाव 52 सप्ताह के अधिकतम स्तर पर पहुंच गया। ओएनजीसी का स्टॉक सुबह 9 बजे 2.8 रुपये पर ओपन हुआ। जो 10.20 बजे 220.80 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान तीन बजे तक कंपनी के शेयर 0.90 प्रतिशत यानी 1.95 रुपये की तेजी के साथ 218.40 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## वाइब्रेंट गुजरात में एचएएल दिखाएगा फाइटर जेट व स्वदेशी हेलीकॉप्टर

# विदेशी मेहमानों का दिल मोहेंगे भारत के लड़ाकू विमान

**AGENCY NEW DELHI :** वैश्विक शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के दौरान विदेशी मेहमानों को भारतीय रक्षा बाजार के प्रति आकर्षित करने के लिए वायु सेना के फाइटर जेट और लड़ाकू हेलीकॉप्टर भी प्रदर्शित किये जाएंगे। गांधीनगर में 9-13 जनवरी तक होने वाले सम्मेलन के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. (एचएएल) भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के साथ स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है।

- एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई विमान होगा
- दुनिया का पहला लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' भी दिखेगा स्टॉल पर



वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना 2003 में उस समय की गई थी, जब मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद 20 वर्षों में यह समावेशी विकास, व्यापार सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के लिए सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी 9 जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। दोपहर करीब तीन बजे वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे।

### 34 देश व 16 संगठन लेंगे हिस्सा

पीएमओ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी को सुबह करीब 9.45 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां शाम करीब 5.15 बजे वह ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इसकी थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर' रखी गई है। यह संस्करण 'वाइब्रेंट गुजरात' के 20 वर्षों की सफलता को चिन्हित करेगा। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में 34 देश और 16 संगठन भागीदार होंगे। वैश्विक शिखर सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात के 10वें संस्करण में भाग लेने के लिए एचएएल भी पूरी तरह तैयार है। एचएएल के स्टॉल पर प्रमुख आकर्षणों में से एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान होगा, जिसे हवा से जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करने के लिए स्वदेशी रूप से संशोधित किया गया है। एचएएल के स्टॉल पर दुनिया का पहला लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भी प्रदर्शित किया जायेगा।


## मालदीव को भारी पड़ने वाली है भारत से दुश्मनी

**NEW DELHI :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करना मालदीव को भारी पड़ता जा रहा है। पहले देश में इसका विरोध हुआ और अब भारत के भरोसेमंद दोस्त इजराइल भी मालदीव के खिलाफ भड़क गया है। इसी सिलसिले में भारत में स्थित इजरायल के दूतावास ने लक्षद्वीप पर एक बयान भी दिया है। इजराइली दूतावास ने कहा है कि इजरायल लक्षद्वीप में डिसेलिनेशन कार्यक्रम पर काम शुरू करने के लिए तैयार है। दूतावास ने कहा कि वो कल यानी मंगलवार से ही इस काम के लिए तैयार है। अपने ट्वीट में इजराइली दूतावास ने लक्षद्वीप की कुछ मनमोहक तस्वीर भी साझा की है। यहीं नहीं इजराइली दूतावास ने लक्षद्वीप की कुछ शानदार तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। इजरायली दूतावास ने कहा है कि ये तस्वीरें उन लोगों के लिए हैं जो अभी तक लक्षद्वीप की प्राचीन और राजसी पानी के नीचे की सुंदरता को नहीं देख पाए हैं, यहां इस द्वीप के मनमोहक आकर्षण को दिखाने वाली कुछ तस्वीरें हैं।

# सलमान के फार्म हाउस में घुसने की कोशिश, 2 अरेस्ट

## फर्जी आधार कार्ड मिले, गैंगस्टर ने दी थी धमकी

**AGENCY MUMBAI :** सलमान खान के फार्म हाउस में 2 अनजान लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की है। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वो दोनों शख्स खुद को सलमान खान का फैन बता रहे हैं। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इस वजह से दोनों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है। सलमान खान लॉरेंस गैंग के निशाने पर हैं। सलमान खान का फार्म हाउस नवी मुंबई के पनवेल में है। 4 जनवरी की शाम 4 बजे 2 अनजान लोगों ने एक्टर के फार्म हाउस में जबरन घुसने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि वो दोनों शख्स फेंसिंग के तार तोड़कर अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। फार्म हाउस में दो संदिग्ध लोगों को देखकर वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें तुरंत रोका। इसके बाद फार्म हाउस के मैनेजर को भी बुलाया गया। दोनों शख्स से पूछताछ के दौरान उन्होंने खुद को सलमान खान का फैन बताया।



BRIEF NEWS

## गिरिडीह में 215 पेटी अवैध शराब बरामद

**GIRIDIH :** सरिया थाना पुलिस ने एक पिकअप वैन से 215 पेटी अवैध शराब बरामद की है। बरामद शराब की बाजार कीमत 16 लाख रुपये के करीब बताई गई है। सोमवार को सरिया थाना पुलिस ने डाक बंगला मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन से 215 पेटी अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने वैन के चालक को गिरफ्तार कर लिया।

## अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**DUMKA :** जामा थाना क्षेत्र के गेणुवामारनी गांव में सोमवार को एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि गांव के महेशल सोरेन दो वर्ष पूर्व गांव की एक लड़की से बलात्कार के आरोप में जेल भेजा गया था। चार महीना पहले जेल से छुटकर लौटा था। जेल से आने के बाद मनचला की तरह गांव में तांडव मचाते रहता था। वेवजह किसी से भी लड़ जाता था। सोमवार को किसी बात को लेकर गांव के ही बाबुधन मुर्मू (55) से विवाद हो गया। जिसपर महेशल सोरेन ने बाबुधन मुर्मू को पत्थर व दावा से मारकर घायल कर दी, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

## बिलकिस बानो रेप केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य: रूमी



**RANCHI :** बिलकिस बानो रेप केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। काफी दिनों बाद गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया, और बिलकिस बानो को राहत दिया। सत्य में जयते। सुप्रीम कोर्ट के फैसला से इंसाफ मिला। और न्याय की उम्मीद जगी है। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने कहीं। वह गुरुवार को गुजरात सरकार को बिलकिस बनो से माफी मांगने और 50 लाख रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है।

## घर-घर बांटा गया पूजित अक्षत व आमंत्रण



**RANCHI :** 2-7 कांकेः श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या से आये पूजित अक्षत को महावीर मंडल कांके के द्वारा सोमवार को बजरंग बली मंदिर कांके से आमंत्रण को घर-घर जाकर महावीर मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला परिसद सदस्य अनिल टाईगर के नेतृत्व में हरिजन मुहल्ला, रिनपास कैम्पस, वाडर लाईन, न्यू मार्केट और आस पास के दुकानों में निमंत्रण पत्र बांटा गया। साथ ही लोगो से उस दिन मंदिरों में जा के पूजा अर्चन ,मीठे पकवान बना के खाना, पटाखे जलाना, अपने घरों में दिए जलाना,साथ ही घरों में रंगोली बनाने को ले कर आग्रह किया गया। लोगों में इसे लेके काफी उत्साह है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरजा शंकर पांडेय, मुकेश यादव, लोहा सिंह, सुमित सुरीन, राज कुमार महतो, मनोज वर्मा, प्रभात भूषण, अरुण मंडल, संदीप यादव सहित सैकड़ों राम भक्त शामिल थे।

### रामगढ़ सीओ ने सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को जारी किया नोटिस

# भू माफियाओं पर गिरेगा गाज 24 घंटे में खाली करने का निर्देश

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ शहर के नई सराय बस्ती में भू माफियाओं पर अब बुलडोजर चलेगा। इसका रास्ता भी अब जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है। रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र कुमार पासवान ने नई सराय बस्ती में सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने और इसकी खरीद बिक्री करने के मामले पर बड़ी कार्रवाई की है। उस इलाके में दामोदर नदी के किनारे बड़े



पैमाने पर सरकारी जमीन को फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेचा जा रहा था।

अंचल अधिकारी ने उस सरकारी जमीन पर पहले बोर्ड लगवाया था। लेकिन इसके बाद भी भू माफियाओं की हरकतें शांत नहीं हुई। अब रामगढ़ अंचल अधिकारी ने उस स्थान पर आम सूचना चिपका दिया है। जिसमें 24 घंटे के अंदर अवैध निर्माण को खाली करने का आदेश जारी किया गया है। अगर 24 घंटे में सरकारी जमीन खाली नहीं होती है, तो उसे पूरे इलाके को बलपूर्वक खाली कराया जाएगा।

## साइकिल से घर जा रहे युवक को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, मौत

**GUMLA :** बसिया थाना क्षेत्र में कोनबीर पालकोट मुख्य पथ पर तेतरा गांव के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से 15 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। छात्र अंकित कुल्लू तेतरा बांडुल टोली का रहने वाला था। वह सोमवार शाम को साइकिल से कोनबीर की ओर से अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह साइकिल समेत काफी दूर एक खेत में जा गिरा। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे तब तक कार चालक अपनी गाड़ी पीछे मोड़कर कोनबीर की और भाग गया। घटना के तुरंत बाद आनन फानन में घायल अंकित कुल्लू को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया , जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने अंकित कुल्लू को मृत घोषित कर दिया।

# बाजार में गिरा युवक का पर्स, 72 घंटे के बाद पुलिस ने सकुशल लौटाया

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ यातायात पुलिस ने अपनी कर्मठता का एक बार फिर परिचय दिया है। ट्रैफिक पुलिस ने 72 घंटे पहले एक युवक का बाजार में गिरा पर्स सकुशल सोमवार की शाम लौटा दिया है। इस संबंध में यातायात थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि तमिलनाडु के रहने वाले मनीमंडन बी का पर्स शुक्रवार की शाम बाजार टांड स्थित शालीमार होटल के सामने गिर गया था। वह पर्स ट्रैफिक के आरक्षी चंद्राकर सोरेन और जमादार सत्येंद्र शर्मा को मिला, जिसकी तत्काल जानकारी उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप में दी। पर्सनल मिले आधार कार्ड और नंबर से मनीमंडन बी की पहचान हुई।

पर्स मिलने के बाद मनीमंडन बी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस धन्यवाद की पात्र है। पर्स के अंदर सारे दस्तावेज और रुपए मौजूद थे। उससे यह पता चलता है कि रामगढ़ पुलिस पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करती है। उन्होंने बताया कि वे एनजीओ के तहत कार्य करने के लिए तमिलनाडु से झारखंड आए थे। रामगढ़ में भी चितरपुर इलाके में गरीब बच्चों को स्पोकन इंग्लिश का कोर्स सिखाते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव, गरीब व किसान की विकास यात्रा : बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को गिरिडीह जिलांतर्गत धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बलहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरांडी ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में गांव, गरीब, किसान, वंचित, युवा, महिला, आदिवासी, दलित सभी वर्गों को मोदी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे इज्जत घर के रूप में करोड़ों शौचालय का निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास में पक्का घर हो, किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि



कार्यक्रम में उपस्थित बाबूलाल मरांडी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

हो, जनधन खाता हो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा की गारंटी हो, पेंशन योजनाएं हो, गैस सिलेंडर, चूल्हा हो, प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल की व्यवस्था हो, सभी ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा किया है।

उन्होंने कहा कि आज भी बहुत सारे लोग योजना से जुड़ नहीं पाए हैं जिसका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जन जन को योजनाओं से जोड़कर ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं एवम सरकारी पदाधिकारियों को आम आदमी और जरूरतमंदों तक योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया।

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें कार्यकर्ता : नीलकंठ

**KHUNTI :** खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस बात पर विशेष ध्यान दें कि केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ जरूरतमंदों को मिले। विधायक सोमवार को विकसित संकल्प यात्रा को लेकर खूंटी के नामकोम बस्ती में भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री की संकल्प भारत यात्रा के संबोधन को इएलईडी के माध्यम से सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

# छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल को उजाड़ने का विरोध करेगा संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मध्य भारत का फेफड़ा कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल को उजड़ने से बचाने के लिए फरवरी माह में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी वहां का दौरा कर आदिवासियों के एवं अन्य संगठनों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन करेगा और आंदोलन में शामिल होगा। उपरोक्त बातें सोमवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल को बचाने के संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को एक त्राहिमाम संदेश ईमेल के



विजय शंकर नायक की फाईल फोटो।

माध्यम से भेजा है।

नायक ने अपने भेजे गए त्राहिमाम संदेश में बताया है बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल में लगभग 50 हजार पेड़ रातों-रात विलुप्त हो गए या काट दिये गए। कुछ दिन पहले हंसदेव के जंगल को राजस्व बढ़ाने के लिए खदान के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। यह जंगल जो की 1 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि में फैली हुई है। यहां करीब 23 जंगली जानवरों का आश्रय स्थल है। साथ ही साथ 2 हजार वर्ग किलोमीटर हाथी रिजर्व क्षेत्र है और यहां करीब 10 हजार आदिवासियों का निवास स्थान है।

नायक ने आगे कहा कि खदान की नीलामी केंद्र सरकार ने की है। कोरबा के हंसदेव में कोयले का बड़ा भंडार मिला है। केंद्र सरकार ने खदान की माइनिंग के लिए नीलामी भी कर दी है। खदान की नीलामी होते ही खनन कंपनी ने अपना काम शुरू कर दिया है। अभी तक 137 हेक्टर भूमि के पेड़ काटे जा चुके हैं। जिससे 10 हजार लोग विस्थापन के शिकार होंगे। केंद्र की सरकार अपने राजस्व बढ़ाने के लिए मध्य भारत का फेफड़ा कहे जाने वाला

# अवैध माइनिंग के विरुद्ध डीएमओ की कार्रवाई तेज, ईंटा भट्टा ध्वस्त, एक लाख कच्ची ईंट जब्त

**PHOTON NEWS PALAMU :** अवैध माइनिंग के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने एक बार फिर सतबरवा प्रखंड क्षेत्र में कार्रवाई की। पोलपोल के धमधमवा टोला में अवैध रूप से संचालित हो रहे जीएमपी ब्रिक्स चलंत चिमनी ईट भट्ठे को ध्वस्त किया। इस दौरान एक लाख कच्ची ईट को भी जब्त कर लिया। साथ ही ईट भट्ठा संचालन करने वाले चैनपुर के प्रिंस सिंह और उसके पार्टनर मेदिनीनगर निवासी ज्ञान नंदन सिंह पर सतबरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

डीएमओ ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में सोमवार को एक बार फिर सतबरवा इलाके में कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पुनः अवैध ईट भट्ठा संचालन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजनों से भी जिले में कहीं हो रहे अवैध खनन की सूचना देने की अपील की है।

# वोटिंग अवेयरनेस के लिए खुलेगा ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र

**PHOTON NEWS RAMGARH :** लोकसभा चुनाव की तैयारी अब जोर पकड़ रही है। जिला प्रशासन ने अपनी ओर से सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। अब आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा सवाल राजनीतिक पार्टियों के द्वारा ईवीएम पर ही उठाए जाते हैं। ईवीएम तकनीकी रूप से कितना मजबूत है और कोई भी इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकता है। इसके बारे में भी आम जनता को पता होना चाहिए।

चुनाव आयोग के निर्देश पर ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र खोला जा रहा है। डीसी और एसडीओ कार्यालय में स्थाई रूप से यह डेमोंसट्रेशन चलता रहेगा। इसके अलावा शहर से लेकर गांव तक मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन में मौजूद ईवीएम और वीवीपैट से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस केंद्र पर आने वाला हर आम नागरिक जानेगा कि कोई भी वोटिंग के दौरान इसमें छेड़छाड़ नहीं कर सकता है, जो नागरिक जिस भी प्रत्याशी को वोट डालना चाहता है उसका वोट सीधे-सीधे उसी को जाएगा। समाहरणालय सभाकक्ष में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन का संचालन किया जाना है।

# युवा कांग्रेस ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS RANCHI :** युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी श्री रोहित सिन्हा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज जिला के उपायुक्त श्री राहुल सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बरियातू स्थित श्री रामजानकी मंदिर में प्रतिमा तोड़ने एवं चुराने की उच्चस्तर जांच करने की मांग की और असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। शहर का माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए चाहे उन्हें किसी का भी संरक्षण प्राप्त हो।

श्री रोहित ने उपायुक्त श्री राहुल सिन्हा से अनुरोध करते हुए कहा कि रांची में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह और दिन मे भी तेज शीतलहर चल रही



है।लगातार ठंड तेजी से बढ़ती जा रही है। लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। लेकिन ऐसे में भी बच्चों को सुबह-सुबह जल्दी स्कूल के लिए निकलना पड़ रहा है। बच्चों के स्कूल का समय सुबह 7 - 8 बच्चे से है। जिस तरह ठंड पड़ रही है, ऐसे में बच्चों को लेकर डर बना रहता है।ठंड में स्कूल जाने वाले बच्चे राहत चाह रहे हैं।

बच्चों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में उनकी सेहत खराब होने का खतरा है।कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए स्कूल के शीतकालीन अवकाश को बढ़ाने की आवश्यकता है।

# महिला की मौत के बाद भड़के ग्रामीण अस्पताल में तोड़फोड़, थानेदार घायल

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में द्वारिका जी हॉस्पिटल में ग्रामीण जमकर हंगामा कर रहे हैं। अस्पताल में तोड़फोड़ की जा रही है। आक्रोशित लोगों को समझाने पहुंची पुलिस के साथ भी लोगों ने धक्का-मुक्की की। इस दौरान सदर थानेदार को भी चोट लगी है। आक्रोशित लोगों ने एनएच-75 को जाम कर दिया है। परिजन मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि द्वारिका जी हॉस्पिटल में एक महिला को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। जहां डॉ। कादिर परवेज ने महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। महिला की हालात बिगड़ते देख उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। रांची के एक निजी



महिला की मौत के बाद अस्पताल में जुटी भीड़। ● फोटोन न्यूज

अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया। जहां महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन महिला का शव लेकर अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा करने लगे। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ भी की और एनएच-75 को जाम कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में अच्छे डॉक्टर नहीं थे। एक झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा महिला का ऑपरेशन किया गया, जिसके कारण महिला की नस कट गई थी। जिसके कारण महिला की मौत हो गई। जिला प्रशासन मृतक के आश्रित को जबतक मुआवजा नहीं देगी, तबतक हमलोग न 75 को जाम रखेंगे। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों का हंगामा जारी था। मामले को बिगड़ता देख सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार भी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। मुआवजा मिलने तक ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं। हंगामा जारी है।

### भटौली गांव में ग्राम सभा का आयोजन

# गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**PHOTON NEWS GUMLA :** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन की संयुक्त प्रयास से चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के ग्राम भटौली में सोमवार को ग्राम प्रधान रामेश्वर बैगा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी, महादेव रौतीया, रामचंद्र रौतीया, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि तूर मोहम्मद अंसारी, सुमन कुमार टोप्पो एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

बैठक में गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के लिए संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूर बाल व्यापार, एवं बाल एवं शोषण के रोकथाम करने के करने का निर्णय लिया गया । उपस्थित सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर




सर्व सहमति से निम्नलिखित नियमावली तैयार किया गया। गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा ।सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जाएगा , बच्चों से मजदूरी नहीं करायी जाएगी । किसी भी बच्चे की शादी लड़की 18 वर्ष और लड़का का 21 वर्ष के पूर्व नहीं किया जाएगा ।किसी भी बालिका या बालक के साथ यौन शोषण होने से रोका जाएगा । वही उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा।

### शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस पर विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

# दिलों में रहेगी शेख भिखारी टिकैत उमरांव की शहादत : सुदेश

**PHOTON NEWS RAMGARH :** स्वतंत्रता सेनानी झारखंड के अमर वीर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर सोमवार को चुटूपालू घाटी स्थित प्राचीन वट वृक्ष शहादत स्थल पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

शहादत स्थल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद शेख भिखारी और टिकट उमरांव सिंह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। आज उनके शहादत दिवस पर



श्रद्धांजलि देते सुदेश महतो व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## ऐतिहासिक स्थल को आने वाली पीढ़ी भी रखेंगे याद : चंद्रप्रकाश

चुटूपालू घाटी जैसी मनोरम स्थल पर अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का यह शहादत स्थल हमारी आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी। इस ऐतिहासिक स्थल का विकास बड़े पैमाने पर होना चाहिए, इस स्थल के बारे में आने जाने वाले लोगों को भी जानकारी होनी चाहिए।

आजसू पार्टी श्रद्धा सुमन अर्पित करने आई है। हमारा संकल्प है कि इस पूरे क्षेत्र का विकास कर इस इलाके में ग्राम संसद की स्थापना की जाए, जहां पर इन दोनों शहीदों की मूर्ति स्थापित हो। आज पूरा राज्य इन दोनों अमर शहीदों को याद कर रहा है।

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को गोल बंद करने वाले शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह ने उस वक्त अंग्रेजी हुकूमत की हर नीति विफल कर दी थी। आज उनके शहादत स्थल को सुंदर बनाया गया है। लेकिन उनके गांव में लोग उनको याद रखें और उनके परिवार को पूरा सम्मान मिले, इसके लिए भी सरकार को पहल करने की आवश्यकता है।

## शहादत से ही हुआ देश व राज्य का निर्माण : राजेश कश्यप

शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे खिजरी विधायक राजेश कश्यप ने कहा कि देश और राज्य का निर्माण शहादत के बदौलत ही हुआ है। शहादत स्थल का सौंदरीकरण तो हो गया है, लेकिन इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। उस जमीन पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई चीजे बनाइ जाएंगी। आज इस स्थान पर आने वाले लोग अमर शहीदों की पूरी कहानी नहीं जानते हैं। लेकिन जब उनके बारे में यहां बताया जाएगा तो पूरा झारखंड ही नहीं, देश के हर इलाके से आने वाले लोग उनकी बहादुरी के किस जानेंगे।

### भूमि संबंधित मामलों को लेकर डीसी चंदन कुमार ने की बैठक

# स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करें ओएनजीसी : उपायुक्त

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित ओएनजीसी परियोजनाओं में भूमि संबंधित मामलों को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में ओएनजीसी के प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी गई।

वहीं उनके द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में भूमि संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने परियोजनावार आ रही समस्याओं की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल




। ● फोटोन न्यूज

पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित कर समस्या के समाधान सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, तकनीकी समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने मैनेजर आईटी को आवश्यक निर्देश दिए। इन सब के अलावा उपायुक्त ने ओएनजीसी द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी भी ली एवं सीएसआर के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया।

# अभी जेल में ही रहेंगी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली बेल

## अब मार्च में होगी सुनवाई, मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद है पूजा

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है। अदालत ने पूजा सिंघल को सोमवार भी जमानत नहीं दी। पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई अब मार्च में होगी। बता दें कि खूंटी जिले में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में पूजा सिंघल जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका डाली थी। इसके पहले भी उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत देने की अपील की थी, लेकिन उनकी अपील को शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया था। 2000 बैच की तेज-तर्रार आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। जब उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया, उस वक्त पूजा सिंघल खनन विभाग की सचिव थीं। वर्तमान में वह राजधानी रांची के होटवार जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल और उनके पति से जुड़े कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से करीब 20 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए थे। इसके बाद आगे की जांच के बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।



### बेल पर हैं पूजा के पति अभिषेक झा

पूजा सिंघल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके पति अभिषेक झा एंटीसिपेटरी बेल पर हैं। पूजा सिंघल को कोर्ट से इस मामले में कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पूजा सिंघल से शादी करने के बाद अभिषेक झा की कमाई में कई गुना इजाफा हुआ। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया है कि पूजा सिंघल ने भ्रष्टाचार के जरिए जो पैसे कमाए, वह सीधे उनके पति अभिषेक झा के अकाउंट में ट्रांसफर हुए। दूसरी तरफ, पूजा के पति अभिषेक का कहना है कि उनके अकाउंट में जो पैसे हैं, वह उनकी नौकरी से कमाए पैसे हैं। ज्ञात हो कि पूजा सिंघल की अभिषेक झा के साथ जून 2011 में शादी हुई थी।

# हाईकोर्ट से उग्रवादी नागेश्वर गंझू को एक केस में मिली बेल

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के उग्रवादी नागेश्वर गंझू की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने नागेश्वर गंझू को आर्म्स एक्ट के एक मामले में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी। हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी नागेश्वर फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ सकता, क्योंकि उसपर कई अन्य गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। न्यायाधीश जस्टिस राजेश



कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। नागेश्वर गंझू तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी का सब जोनल कमांडर था। उसने करीब तीन वर्ष पहले आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। नागेश्वर पांच लाख रुपये का इनामी उग्रवादी था।

# पीआईएल कैश कांड में ईडी के गवाह ने कहा- अधिवक्ता राजीव कुमार को दो बार टिकट कटवाकर कोलकाता भेजा

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** पीआईएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया। उनका बयान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने दर्ज करवाया। अपने बयान में विष्णु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने के लिए उन्होंने ही फ्लाइट की टिकट करवाई थी और ऐसा उन्होंने दो बार किया। ईडी की ओर से बयान दर्ज होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का प्रतिप्रेक्षण (क्रॉस एग्जामिनेशन) करने के लिए 23 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। दरअसल 31 जुलाई 2022 को झारखंड हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी। व्यवसायी अमित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका में राहत पहुंचाने के नाम पर अधिवक्ता ने पहले 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। लेकिन बाद में एक करोड़ रुपये देने की बात तय हुई। पहली किस्त में 50 लाख रुपये लेने के लिए ही राजीव कुमार कोलकाता आये थे। हेयर स्ट्रीट थाने में इसकी शिकायत के बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी ने पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस में कांड संख्या ईसीआईआरी-05/2022 दर्ज की है। इस केस में कोलकाता के व्यवसाई अमित अग्रवाल भी आरोपी हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के प्रारंभिक आपत्ति पर हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी, आदेश सुरक्षित

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो की ओर से दायर प्रारंभिक आपत्ति पर बहस हुई । प्रारंभिक आपत्ति पर दोनों पक्षों की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई, इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल





ने कोर्ट से आग्रह किया कि इस चुनाव याचिका को निरस्त किया जाए क्योंकि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पिछली सुनवाई में प्रारंभिक आपत्ति पर सुनवाई के दौरान प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया की उक्त चुनाव याचिका में कई त्रुटियां हैं। प्रार्थी ने कोई ऐसा बिंदु नहीं दिया है जिससे इस चुनाव याचिका पर सुनवाई हो सके। इस चुनाव याचिका में एक तरफ कोर्ट का समय बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। दरअसल प्रार्थी ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पेंपलेट छपवाया था जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है। इसलिए ररबींद्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।

## BRIEF NEWS

### सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**RANCHI :** रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ है। प्रशिक्षण 12 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स के तहत जांच प्रक्रियाएं और अपराधों पर एक अवलोकन विषय पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिले से दो सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। पांच दिनों तक यह प्रशिक्षण सुबह दस बजे से चार बजे तक चलेगी।

### बच्चे को पालतू कुत्ते से पहुंचाया क्षति, थाना में शिकायत दर्ज

**RANCHI :** रास्ता अतिक्रमण करने का विरोध करने पर हेसाग गांव के ग्रामीणों के बच्चों को पालतू कुत्ते से क्षति पहुंचाया गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने जगरनाथपुर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों ने थाना में दर्ज कराए गए शिकायत में कहा है कि हेसाग गांव में थाना संख्या 215 के प्लॉट नंबर 306 के जमीन मालिक सुनील कुमार उपाध्याय ने रास्ता वाली जमीन पर अतिक्रमण कर बॉउन्ड्री बनाया जा रहा है। बीते छह जनवरी को इसका विरोध करने पर सुनिल कुमार उपाध्याय और उनके साथ आए कुछ अन्य लोगों ने ग्रामीणों के बच्चों पर दो कुत्ता छोड़ दिया।

### 3 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति

**RANCHI :** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने चान्हो और एटीएस थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। चान्हो थाना काण्ड संख्या-171/2023 और एटीएस झारखण्ड, थाना काण्ड संख्या- 11/2023 के प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। चान्हो थाना काण्ड संख्या-171/2023 में अलीम अंसारी, थाना-चान्हो, जिला-रांची एवं लक्ष्मण गंझू, थाना-चान्हो, जिला-रांची के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी)ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है। वहीं एटीएस थाना के काण्ड संख्या- 11/2023 में प्राथमिकी अभियुक्त अभिमन्यु कुमार साव, पे०-सुरेश साव, सा०-चमातु, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा झ 25 (1-बी)ए/25(6)/25(7)/26 के अन्तर्गत उपायुक्त द्वारा अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### अंतराष्ट्रीय मास्टर एथलीट की सड़क हादसे में मौत

**RANCHI :** अंतराष्ट्रीय मास्टर एथलीट सह राज्य एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी शांति मुक्ता बारला का सरायकेला से गुमला लौटने के क्रम में रांची रोड में दुर्घटना में आज प्रातः निधन हो गया गया। मूल रुप से गुमला की रहने वाली शांति मुक्ता बारला ने मलेशिया,दुबई में भारत के लिए पदक जीता था।

### एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**RANCHI :** सोमवार को एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ की बैठक हुई। सुनील कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सप्लाई कर्मचारियों के गंभीर विषयों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें महामंत्री उदय शंकर ने प्रबंधन से कहा कि टेंडर प्रक्रिया, बोनस, वेतन सहित अन्य मांगों का समाधान जल्द करने के मुद्दे पर बात की। साथ ही सितंबर माह से अभी तक का पे-स्लीप नहीं मिला है, जिसको लेकर मजदूरों में काफी नाराजगी है। बैठक में कहा गया की प्रबंधन इन गंभीर विषयों को लेकर जल्द से जल्द पहल नहीं करती है तो एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा झटका, इसी महीने बढ़ेगी दर

## 58 लाख बिजली उपभोक्ताओं की जेब होगी ढीली

**PHOTON NEWS RANCHI :** जनवरी का महीना राज्य के 58 लाख बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने वाला होगा। इस माह के अंत तक झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग वर्ष 2023-24 के लिए बिजली की नई दर जारी कर देगा। आयोग के सदस्य तकनीक अतुल कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम से सात दिनों के अंदर जनसुनवाई पर आई आपत्ति पर मंतव्य मांगा है। वितरण निगम से आए मंतव्य के बाद सलाहकार समिति की बैठक होगी। इसके बाद नियामक आयोग नई बिजली दर जारी कर देगा। इसके पहले साल 2023 के जून में नयी बिजली दरें घोषित की गई थीं।



### ऐसा है निगम का प्रस्ताव

- घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव
- शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर 8.60 रुपये यूनिट करने का प्रस्ताव
- 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव

**वितरण निगम को टैरिफ से चाहिए 9302.94 करोड़ रुपये**

वितरण निगम को बिजली बिल के टैरिफ से 9302.94 करोड़ रुपये का राजस्व चाहिए। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं से 5276.31 करोड़, कॉमर्शियल उपभोक्ताओं से 1080.29 करोड़, एसएस कटेगरी कंज्यूमर से 81.92 करोड़, एलटी कनेक्शन से 371.14 करोड़, सिंचाई से 161.49 करोड़, एचटी कनेक्शन से 2735.01 करोड़, रेलवे से 74 करोड़ और एमइएस से 12.80 करोड़ का राजस्व चाहिए।

# फर्जी तरीके से लिया अनुदान सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमशेदपुर में कुछ लोगों ने स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट नामक संस्था के मिलते-जुलते नाम से दूसरा ट्रस्ट बनाकर फर्जी तरीके से केंद्र सरकार से 42 लाख का अनुदान ले लिया। गबन का यह मामला 20 साल पुराना है, जिसकी जांच अब सीबीआई की एसीबी रांची ब्रांच करेगी। इस मामले में सीबीआई ने कांड संख्या आरसी 0242024एस0002 दर्ज की है। सीबीआई स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट जमशेदपुर, सरोज दास, रंजीत चौधरी, नकुल चंद्रा, कमल कांति, कमल दास, प्रकाश चंद्रा, असीम बॉस और अन्य लोगों की इस गबन में भूमिका की जांच करेगी। इंस्पेक्टर मुकुंद कुमार करण को इस केस का आईओ बनाया गया है। बीते बीस सितंबर 2023 को झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। जमशेदपुर में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट आदिवासी बालिकाओं के लिए हॉस्टल चला रहा था। इसके संचालन के लिए केंद्रीय जनजाति विकास विभाग (मंत्रालय) ट्रस्ट को पैसे देता था।

### प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता कल से

**RANCHI :** रांची में 10 और 11 जनवरी को प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया जायेगा। खेलकूद निदेशालय, झारखंड से मिले निर्देश के बाद राज्य में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में खाली पड़े स्थानों को भरने को अलग अलग प्रमंडलों में पहल शुरू हुई है। इसी क्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा) अंतर्गत रांची में चयन ट्रायल होगा।

# रांची में किराए के मकान में रह रही पलामू की युवती ने की आत्महत्या

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी इलाके में एक युवती ने घर के कमरे में खुदकुशी कर ली है। युवती श्रुति श्रीवास्तव मूल रूप से पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की निवासी थी। रांची के इंद्रपुरी इलाके में युवती किराए के मकान में रहती थी। युवती सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मोहल्ला स्थित रोड नंबर-12 में नारायण प्रसाद के मकान में किराए पर रह रही थी। सोमवार को युवती का कमरा काफी देर तक बंद था। इस पर मकान मालिक को शक हुआ। इसके बाद मकान मालिक के परिवार वालों ने आवाज लगाई, लेकिन फिर भी कमरे का दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद मकान मालिक के परिवार वालों ने खिड़की से झांक कर देखा तो युवती अपने कमरे में मृत अवस्था में नजर आई। घटना के बाद मकान मालिक ने फौरन सुखदेव नगर थाना को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। हालांकि मौके से पुलिस को कोई सुसाइडल नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले में अलग-अलग बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले में पुलिस ने मकान मालिक से भी पूछताछ की है। साथ ही लड़की के घरवालों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस आत्महत्या के पीछे की वजह को तलाश कर रही है।

# हथियार के साथ एक अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने नगर निगम की पानी टंकी के पास से एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश का नाम मोहम्मद आसिफ अंसारी बताया गया है। वह डोरंडा थाना क्षेत्र के हाथीखाना का रहने वाला है। उसके पास से एक देशी कट्टा,



एक गोली और एक ब्लू रंग की स्कूटी बरामद की गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश जो ब्लू रंग का जैकेट और ब्लू जिस पहना हुआ है, वह ब्लू रंग का स्कूटी से और वह लोअरबाजार थाना के नगर निगम पानी टंकी के बगल से जाने वाले रास्ते में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद छापेमारी टीम ने बदमाश को ने पकड़ लिया।

## विज्ञान से लेकर कला कौशल तक सरकारी स्कूलों के बच्चे रच रहे कीर्तिमान

# बदल रही है शिक्षा की सूरत, बच्चे बना रहे उत्कृष्ट पहचान

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के सरकारी स्कूलों में बड़ा बदलाव आया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निरंतर प्रयास का नतीजा है कि राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चे अब पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों, विज्ञान से लेकर कला कौशल तक हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। बच्चे अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से लगातार नयी बुलंदियों को हासिल कर रहे हैं। हर बच्चे की प्रतिभा अब प्रतिस्पर्धा का आकार लेती जा रही है, जहां हर बच्चा अपने कौशल और ज्ञान से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है। सरायकेला की अंकिता राय ने अपनी डांस प्रतिभा की



बदौलत अमिट पहचान बनाई है। 11वीं साइंस की छात्रा अंकिता बताती है कि उसे बचपन से ही डांस का शौक है। उसकी मां को भी डांस का शौक था, मगर घर के हालात की वजह से उन्हें कभी डांस का मौका नहीं मिला। रूढ़िवादी मानसिकता को पीछे छोड़कर अंकिता ने डांस से अपनी पहचान बनाई और आज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर चुनी गयी है। अंकिता ने साबित किया कि अगर बेटियां चाहे तो सामाजिक रूढ़िवादी बंधनों और मानसिकताओं की बेड़ियां तोड़कर समाज में अलग मुकाम हासिल कर सकती हैं। सिमडेगा के एसएस 2 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के कुमार अमन और उनकी टीम ने सिमडेगा में हाल ही में आयोजित हुई जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। कुमार अमन ने अपने मॉडल में चंद्रयान 3 के रोवर की सफल लैंडिंग और स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### सुतत्व ने 2500 किमी. साइकिलिंग कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रांची के टीवीएस 2 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा सात में पढ़ने वाले सुतत्व ऋजु ने गंगोत्री से देवघर तक 2500 किलोमीटर साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति का संदेश दिया है। सुतत्व के पिता सौमित्रो बोराल अपने बेटे की उपलब्धि पर बताते हैं कि सुतत्व ने मात्र 12 साल की उम्र में ही 7500 किलोमीटर साइकिलिंग का रिकॉर्ड बना लिया है। उसे बचपन से ही साइकिलिंग का शौक है। सुतत्व ने कम उम्र में ही साइकिलिंग की कई प्रतियोगिताओं में प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत अपने नाम की है। सुतत्व ने नौ साल की उम्र में ही बेतला से डाल्टनगंज 35 किलोमीटर साइकिल चलाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया था। 11 साल की उम्र में सुतत्व ने आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर 75 किलोमीटर की साइकिलिंग की थी। 2022 में सुतत्व ने 250 किलोमीटर डाल्टनगंज से नेतरहाट तक नॉन स्टॉप साइकिलिंग कर हिल क्लाइंब राइडिंग का रिकॉर्ड तोड़ा था।

# राजभवन में पड़े लिफाफे पर न हो सियासत : भाजपा

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा ने राजभवन में पड़े लिफाफे पर राजनीति करने से बचने की सलाह सत्ताधारी दलों को दी है। रांची सांसद संजय सेठ के अरगोड़ा चौक स्थित कार्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राजभवन को राजनीति के केंद्र में नहीं लाया जाना चाहिये। राज्यपाल अपने संवैधानिक दायरे में रहकर अपना काम किया करते हैं। राजभवन में राज्य सरकार से संबंधित जिस लिफाफे के पड़े होने को लेकर सत्तारूढ़ दल राजनीति कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। राजभवन द्वारा सरकार को डिस्टर्ब किए जाने की बातें सरासर निराधार हैं। मौके पर संजय सेठ ने नमो बुक बैंक के तीन साल पूरे होने पर जनता का आभार जताया। इसे और समृद्ध करने में लोगों से मदद मांगी। हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल, रांची विधायक सीपी सिंह और दूसरे माध्यमों के जरिये भी नमो बुक बैंक में किताबें उपलब्ध कराए जाने की अपील लोगों से की। संजय सेठ ने यह भी बताया कि 10 जनवरी को हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वानों, लेखकों को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम है। इसके अलावा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर सुप्रीम कोर्ट के वकील और प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता अश्विनी उपाध्याय रांची में होंगे। आर्यभट्ट सभागार, रांची में होने वाले कार्यक्रम में सनातन के प्रमुख खतरे और उसका समाधान पर विचार गोष्ठी में शामिल होंगे।

BRIEF NEWS

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के लहुनीपारा पुलिस सीमा के अंतर्गत टैंकाजोड़ा के पास स्टेट हाईवे-10 पर एक युवा लड़के की बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा जाने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दराईकेला गांव के गगन त्रिपाठी के रूप में की गई।

### क्लीन एंड ग्रीन ने की स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



**ROURKELA :** क्लीन एंड ग्रीन ने अपने सामाजिक उन्नति और स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से राउरकेला शहर में एक अनूठी पहचान बनाई है। इसी कड़ी में आज सप्ताहांत न्यारा कार्यक्रम के तहत एक अनूठा कार्य किया गया। बनभोज सीजन के दौरान शहर भर के लोग सेक्टर 9 में लुगुन पार्क पर निर्भर रहते हैं। आम लोगों को बनभोज मनाने के दौरान कारों और मटरसाइकिल पार्किंग के लिए जगह की कमी महसूस होती थी। इसी को मद्दे नजर में रखते हुए राउरकेला क्लीन एंड ग्रीन के सदस्य द्वारा सड़क के दोनो तरफ बंजर झाड़ियों को साफ कर बांभोज में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की जगह बनाए।संस्था के संपादक पीके दास और अध्यक्ष डॉ। देवेन्द्र सेठी के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने अपने हातों से बेलचा, फावड़ा,टांगिया के मदत से दोनों तरफ की बंजर झाड़ियों को साफ किया। संस्था के इस महान कार्य की काफी प्रशंसा हुई।

### हाथियों के उत्पात से परेशान होकर ग्रामीणों ने



### किया सड़क जाम

**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के बणई रेंज अंतर्गत धरणीधर पाली और तलिता खंड के 20 से 30 गांवों में हाथियों की गतिविधि जारी है। एक माह से अधिक समय से हो रही इस घटना से ग्रामीण परेशान हो गये और बीती रात जकईकेला-बणई सड़क को जाम कर दिया। लोग रात भर सड़क पर अलाव जलाकर बैठे हुए थे। हाथी गांव में आकर घर तोड़ देते हैं, अनाज खा जाते हैं और फर्नीचर तोड़ देते हैं। वे फसलों को भी नष्ट कर रहे हैं और सब्जी खेती को भी नष्ट कर रहे हैं। अंचल वासियों के कहना है कि वन विभाग हाथियों को भगाने में विफल रहा है, ग्रामीणों ने अंततः सड़क को अवरुद्ध करने का चरम कदम उठाया है। सड़क को पूरी रात जाम करने वाले ग्रामीणों ने रेंजर और फॉरेस्टर को बंधक बना कर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त मकान व फर्नीचर के मुआवजा की मांग की है।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

**CHAIBASA :** यादव समाज चाईबासा के तत्वाधान में स्थानीय सेन टोला स्थित ज्योति भवन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सदर थाना में कार्यरत पुलिसकर्मी महेंद्र यादव के सेवानिवृत्ति पर शॉल ओढ़कर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर यादव समाज के अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि महेंद्र यादव एक मृदभाषी एवं सामाजिक व्यक्ति है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के पश्चात महेंद्र यादव को जीवन की नई पारी को लेकर शुभकामनाएं दी। मौके पर यादव समाज के पदाधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जिला बार एसोसिएशन परिसर में दो अधिवक्ताओं का मना जन्मदिन

**CHAIBASA :** जिला बार एसोसिएशन परिसर में सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद एवं प्रमोद प्रसाद का अधिवक्ताओं द्वारा जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुरेंद्र प्रसाद एवं प्रमोद प्रसाद को शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अधिवक्ता अनिल कुमार महतो, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केसर परवेज, सरकारी वकील पवन शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अंकुर चोधरी, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, कृष्णा महतो, सतीश चन्द्र महतो, शरण पान, अमरेश राव, राकेश पांडे, एवं काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

### सारंडा विकास समिति गुवा के सीजीएम कमल भाष्कर को सौंपा मांग पत्र

# चारों खदानों से एक साथ अयस्क ढुलाई को बंद करने की दी चेतावनी



सीजीएम कमल भाष्कर को मांग पत्र सौंपते समिति के सदस्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सारंडा विकास समिति, जामकुन्डिया-दुईया के अध्यक्ष सह गंगदा पंचायत के मुखिया सुखराम उर्फ राजू सांडिल तथा सारंडा पीढ़ के मानकी सह समिति के सचिव लागुडा. देवगम के नेतृत्व में सारंडा एवं कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित विभिन्न गांवों के मुंडाओं व ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सेल, गुवा के सीजीएम कमल भाष्कर व अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने सीजीएम को साफ शब्दों में कहा कि सारंडा व कोल्हान जंगल तथा जंगल में रहने वाले विभिन्न गांवों के ग्रामीणों को निरंतर अपनी प्रदूषण, लाल पानी, मिट्टी-मुरुम आदि से प्रभावित करने, हमारी खेतों को बंजर करने वाली सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुआ व चिड़िया खदानों में किसी भी बाहरी की नियुक्ति को हम ग्रामीण बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सेल प्रबंधध सारंडा क्षेत्र का शांत माहौल को बाहरी लोगों की नियुक्ति कर खराब करने की साजिश नहीं रचे। अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतना होगा। इन्होंने कहा कि गुआ खदान में योगदान देने आये बाहरी लोगों के खिलाफ लडाई लड़ने वालें तमाम संगठनों के लोगों के हम आभारी हैं। लेकिन अब हम अपना सर कटा देंगे, शहादत देंगे लेकिन इन खदानों में बाहरी लोगों को योगदान देने नहीं देंगे। जो भी राजनीतिक अथवा सामाजिक संगठन इस लडाई में हमारा साथ नहीं देगा तो उसका हम सभी सारंडा व कोल्हान वन क्षेत्र के ग्रामीण न सिर्फ खुल कर विरोध करेंगे बल्कि अपने अपने गांवों में घुसने नहीं देंगे। ग्रामीणों ने इस आंदोलन में साथ देने व खडे. रहने वाले तमाम जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

उक्त ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि हमने आज सेल की गुआ प्रबंधन को जो मांग सौंपी है उसमें बाहरी लोगों की नियुक्ति को रद्द करना, खदान से बंजर हुई किसानों की भूमि का मुआवजा व नौकरी देना, सारंडा के ग्रामीणों को सेलकर्मियों की तरह बडे. अस्पतालों मे मुफ्त चिकित्सा सुविधा व गांवों में एम्बुलेंस की व्यवस्था, गांव स्थित स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करना, सेल की देखरेख में संचालित डीएवी व केन्द्रीय विद्यालयों में निःशुल्क शाक्षा सुविधा, अपनी कृषि व वनोत्पाद को बेचने हाट-बाजार जाने हेतु वाहन की व्यवस्था करना, मानकी-मुंडाओं की सामाजिक कार्यक्रम में जाने हेती वाहन की व्यवस्था करना आदि के अलावे सेल की उक्त चारों खदानों में सारंडा व कोल्हान जंगल क्षेत्र के अलावे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों के लिये 500-500 पदों के लिये विशेष नियुक्ति निकालना शामिल है।

## राउरकेला : एकल अभियान ओडिशा एथलेटिक्स कार्यक्रम का समापन


समापन समारोह में उपस्थित अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** एकल अभियान, ओडिशा द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह राउरकेला के बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6 धावक, 2 लंबी कूद, 2 ऊंची कूद, 4 कुश्ती, 2 योगा, 20 कबड्डी कुल 36 प्रतियोगी जातीय स्तर पर होने वाला खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह इस महीने की 19, 20, 21 और 22 तारीख को नागपुर में आयोजित किया जाएगा। आज के खेल कूद समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सनातन प्रधान (पश्चिम प्रांत संघ चालक), शंकर ओराम (विधायक बीरमित्रपुर), मृदुला ठाकुर (निदेशक डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट), अशोक मुदुली (ओडिशा एसोसिएशन अध्यक्ष), दमू तिर्की (सुंदरगढ़ क्षेत्र अध्यक्ष), बाबाजी साहू (संपादक सुंदरगढ़), रवि देहुरी (कोषाध्यक्ष क्षेत्र), राठू महंत (संपादक ओडिशा), राजीव पात्र, अशोक गांधी, आनंद जैन, सुभाष सिंह निहार रॉय, जगबंधु बेहरा, संतोश तिर्की बिपिन बिहारी साहू प्रभारी प्रचार-प्रसार.बसंत कुमार सामल, बाबुली मुर्मू, विष्णु तुघला उपास्थित थे।

## पीएम ने लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत देशभर के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर देशवासियों को वर्चुअली संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लेकर जमशेदपुर में भी भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली वैन के माध्यम से जमशेदपुर महानगर के पोटका प्रखंड, जुगसलाई नगर परिषद एवं मानगो नगर निगम अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पीएम के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान पोटका प्रखंड के हेंसलआमदा पंचायत भवन में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, मानगो नगर निगम अंतर्गत अंतर्गत मानगो बाजार मैदान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव एवं जुगसलाई नगर परिषद अंतर्गत बालक मध्य विधालय में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार समेत विभिन्न मंडल अध्यक्षों के संग हजारों लोगों ने भाग लिया।

**योजनाओं के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी :** संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सशक्त भारत तब सुनिश्चित होगा जब चार जातियां गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि जब से यात्रा शुरू हुई है, लगभग 12 लाख नए उज्ज्वला योजना लाभार्थियों ने मुफ्त उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए आवेदन दिया है। यह यात्रा गरीबों के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे पहले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों को मोदी की गारंटी वाली वैन के माध्यम से कई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया एवं कई लोगों के आवेदन पत्र को भरवाकर जमा कराया।

## इंटरमीडिएट में कार्यरत शिक्षकों को दूसरे जगह शिफ्ट करने की मांग

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज चाईबासा का एक प्रतिनिधिमंडल इंटरमीडिएट प्रभारी प्रोफेसर करण चंद्र टुडू के नेतृत्व सोमवार को जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो से जैक कार्यालय रांची में मुलाकात की। प्रोफेसर टुडू ने बताया कि अध्यक्ष को महाविद्यालय परिवार की और से पहले नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और इसके बात कॉलेज के विकाश के संबंध में बात हुई। उन्होंने अध्यक्ष से अंगीभूत कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई नही हटाने के लिए आग्रह किया।

उस पर अध्यक्ष ने कहा कि इस पर निर्णय सरकार को लेना है हमलोग तो बस अपनी बातें सरकार को रख सकते है। प्रतिनिधिमंडल में साथ गए कॉमर्स कॉलेज के प्रोफेसर डॉ मुरारी लाल बैध ने अध्यक्ष से कहा कि यदि इंटरमीडिएट को अंगीभूत महाविद्यालय से हटाया जाता है तो वहां पर कार्यरत शिक्षककर्मी और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को समायोजित करते हुए दूसरे जगह शिफ्ट किया जाये।

## रोटरी क्लब ने कुपोषित बच्चों के बीच स्वेटर मौजा, टोपी व बेबी ब्लैंकेट का किया वितरण



उपलब्ध सामानों के साथ बच्चे व क्लब के सदस्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** रोटरी क्लब के तत्वाधान में सोमवार को स्थानीय सदर अस्पताल में कुपोषित बच्चों के विभाग एवं नवजात शिशु विभाग के बच्चों के बीच 50 स्वेटर, 50 मौजें, टोपी एवं 50 बेबी ब्लांकेट का वितरण डॉक्टर शिवचरण हासदा एवं क्लब के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इसकी जानकारी क्लब की अध्यक्ष हीना ठक्कर ने दी। इस मौके पर क्लब के सचिव हर्ष राज मिश्रा ने सबका अभिवादन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम रो. अनिल शर्मा एवं रो. कविता शर्मा के पिता स्व. चंडी प्रसाद शर्मा एवं माता स्व. रत्ना देवी की स्मृति में किया गया। उन्होंने डॉक्टर हासदा एवं अस्पताल की पुरी टीम का अभिवादन किया। डॉक्टर शिवचरण हसदा ने कहा कि चाईबासा रोटरी क्लब हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है। भविष्य में यदि वे इस तरह के कार्यक्रम अस्पताल में करना चाहेंगे, तो हमारा सहयोग हमेशा ही उनके साथ रहेगा। रो. अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इन बच्चों के लिए यदि हम कुछ और भी कर पाए तो यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात होगी। साथ ही उन्होंने भविष्य में इसी तरह आयोजन वहां करने की बात भी की। मौके पर उपाध्यक्ष रमेश दत्तानी, कविता शर्मा ,शीतल मूंदड़ा, रितेश मूंदड़ा, सुशील मूंदड़ा, दुर्गेश खत्री, नरेंद्र ठक्कर, सुमित खिरवाल, राजश्री बासु एवं ईशान बासु उपस्थित थे।

## मनोरंजन से भरपूर रहा चैंबर का वनभोज, परिवार के सदस्यों के बीच विविध स्पर्धाओं का हुआ आयोजन



वनभोज में शामिल चैंबर के सदस्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** उद्यमियों व व्यवसाइयों की प्रतिनिधि संस्था राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का वार्षिक वनभोज यानी पिकनिक का कार्यक्रम मनोरंजन से भरपूर रहा।कांसबहाल एल एंडी पंप परिसर में सुबह नौ बजे से शुरू हुआ पिकनिक शाम पांच बजे तक चला।

चैंबर के एनुअल पिकनिक में चैंबर सदस्यों के परिवार की महिलाओं ब बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।इनके बीच खेलकूद प्रतियोगिता हुई और हाउजी के कार्यक्रम का सभी ने लुफ्त उठाया।वहीं गीत संगीत का कार्यक्रम पिकनिक के आकर्षण का केंद्र रहा।चैंबर अध्यक्ष सुनील कयाल समेत कई सदस्यों ने अपनी सुरीली आवाज से मनभावन गीतों को प्रस्तुत कर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया।टीम चैंबर के आमंत्रण पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप तिर्की,आरएसपी प्रमुख अतनु भौमिक, आरएसपी ईडी ए के बेहुरिया, आरएसपी ईडी सोमनाथ त्रिपाठी, आईटीओ अजय कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट अशोक जलवानी और पत्नी समेत वनभोज मे शामिल हुए। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील कयाल ने सभी का स्वागत बुके देकर किया।चैंबर परिवार के इस पिकनिक में निवर्तमान अध्यक्ष शुभ पटनायक, पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पी.सी.नायक, संतोष पारीक, बृजमोहन अग्रवाल, रामोतार अग्रवाल, के.के. पोद्दार,

विशेष आमंत्रित सदस्य नरेश अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, नरेश आर्य, सचिव प्रभात टीबरेवाल, वित सचिव संतोष अग्रवाल, एडमिन सचिव शुभम कपूर, आई टी सचिव प्रमोद कुमार नतुल्य, ऋषि आर्या, मनीष मोदी, उदय राजगढ़िया, आशुतोष सिंघल, सिद्धाथ कोचर, रोहित गर्ग, विजय कुमार प्रधान, पवन बगड़िया, नितिन खेतान, नेमू जैन, प्रवीण जैन, गुरिंदर सिंह, मिलन मोदी, अभय अग्रवाल, खिरोद साहू आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## मुख्य प्रशासनिक सचिव और परिवहन सचिव के साथ चर्चा के बाद कर्मचारी महासंघ ने वापस लिया आंदोलन


मुख्य प्रशासनिरक सचिव व परिवहन सचिव के साथ बैठक करते कर्मचारी महासंघ। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा परिवहन कर्मचारी महासंघ का आंदोलन सोमवार को वापस ले लिया गया है। यह जानकारी महासंघ के अध्यक्ष जनार्दन पति ने दी। उन्होंने कहा, मुख्य प्रशासनिक सचिव और परिवहन सचिव के साथ चर्चा के बाद ओडिशा परिवहन कर्मचारी महा संघ आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

जनार्दन पति ने कहा कि मुख्य प्रशासनिक सचिव के निमंत्रण पर आज बैठक हुई।इसमें मुख्य प्रशासनिक सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि हिट एंड रन एक्ट को लेकर उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव से बात की है। केंद्रीय गृह सचिव के मुताबिक सरकार ने अभी तक इसे कानून नहीं बनाया है। इसलिए इसे लेकर आंदोलन करना ठीक नहीं है।

गौरतलब है कि ओडिशा ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन का अभियोग कि है हिट एंड रन के मामले में कर्मचारियों को 10 साल की जेल और 7 लाख रुपये जुमार्ने की व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों को फांसी लगने जैसा है। इसके विरोध में यूनियन ने सोमवार से आम हड़ताल का आह्वान किया था। कल यूनियन ने ये भी कहा कि ओडिशा सरकार इन मजदूरों को न्याय दे। राज्य सरकार केंद्र सरकार पर कानून वापस लेने का दबाव बनाएं।यदि राज्य सरकार पुलिस बल का प्रयोग कर मजदूरों के आंदोलन को दबाने की कोशिश करती है तो समझ लेना चाहिए कि वह शांतिपूर्ण कदम नहीं उठाना चाहती। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीटू के राज्य महासचिव बिष्णु मोहंती, उपाध्यक्ष सत्यानंद बेहरा, संपादक रमेश जेना, पूर्णचंद्र पाढ़ी, महासंघ के महासचिव उल्लास स्वाई, विमान मैईती, प्रदीप नायक और प्रभात मणिग्रही प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सेल, बीएसएल व जेजीओएम प्रबंधन के खिलाफ मजदूरों ने निकाला मशाल जुलूस


मशाल जुलूस में शामिल मजदूर व ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सेल, बीएसएल एवं जेजीओएम प्रबंधन के खिलाफ गुवा के मजदूरों, सारंडा के ग्रामीण, स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 8 जनवरी को गुवा में मशाल जुलूस निकाला। यह मशाल जुलूस राम मंदिर से सेल की गुआ प्रबंधन के जेनरल आफिस तक निकाला गया। मशाल जुलूस के दौरान सभी ने जेनरल आफिस पास सेल की बीएसएल प्रबंधन का पुतला फूंका एवं सेल प्रबंधन मुदार्बाद आदि के गगनभेदी नारे लगाये।

आंदोलनकारियों ने कहा कि पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा में स्थित सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुआ और चिड़िया खदान में अब बाहरी लोगों की नियुक्ति बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अब आर-पार की लडाई होगी। गुआ खदान में योगदान देने आये 18 नव नियुक्त बाहरी को किसी भी परिस्थिति में योगदान करने नहीं दिया जायेगा। आंदोलन में शामिल मजदूर नेताओं ने कहा कि खदान से प्रभावित व स्थानीय लोग क्षेत्र से रोजगार के लिये दूसरे राज्य में पलायन करें, और हमारे घर में खदान व रोजगार का व्यवस्था होने के बावजूद दूसरे क्षेत्रों से लोगों को नियुक्त कर यहां नौकरी दिया जाये यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक

# ऑटोमोबाइल स्किल लैब व मैथ्स पार्क का लोकार्पण


लोगों को जानकारी देते उपायुक्त अनन्य मित्तल। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी प्रखंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। प्रबंधन समिति की बैठक से पूर्व विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में सर्वप्रथम उपस्थित प्रबंधन समिति के चेयरमैन-सह-जिला उपायुक्त एवं उपस्थित समिति सदस्यों को पुष्प प्रदान कर अभिनंदन व स्वागत किया गया। इसके बाद उपायुक्त के कर-कमलों से स्कूली बच्चों संग विद्यालय परिसर में डीएमएफटी फंड से नवनिर्मित तीन अतिरिक्त वर्ग कक्षा सहित पीएम श्री स्कूल के तत्वाधान पर संचालित फूड प्रोडक्शन एवं ऑटोमोबाइल स्किल लैब तथा मैथ्स पार्क का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य अध्यनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिसर में सभी उचित व्यवस्थाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि संस्थागत विकास के साथ-साथ विषयगत शिक्षा के अलावे सीखने-सिखाने के सभी आयामों में आप उत्कृष्ट रहें, यही हम सबों का ध्येय है।

नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या जेके माला द्वारा विद्यालय संचालन/प्रबंधन व इससे संबंधित प्रमुख बिंदुओं का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रबंधन समिति की बैठक में उपायुक्त ने गत वर्ष की बोर्ड परीक्षा में आए बेहतर परिणाम हेतु विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय अंतर्गत शैक्षणिक विकास के लिए फाइबर इंटरनेट कनेक्शन व ब्रॉडबैंड कनेक्शन, समय-समय पर अध्यनरत विद्यार्थियों का चिकित्सा जांच तथा भोजनालय की जल निकासी व्यवस्था, विद्यालय परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने, नए मैस एवं ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए पत्र व्यवहार करने को लेकर संलग्न पदाधिकारी को निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में बन रहे रैंप निर्माण के लिए भवन प्रमंडल चाईबासा के कार्यपालक अभियंता को तथा विद्यालय परिसर को हरा-भरा रखने के लिए सोशल फॉरेस्ट्री के तहत विद्यालय में पौधारोपण करने तथा पौध रक्षक लगाने की बात कही।

## डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**PHOTON NEWS CHAIBASA :** भारत निर्वाचन आयोग के तय गाइडलाइन के आलोक में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। मौके पर विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मासिक निरीक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं तथा कमरों के निरीक्षण बाद निर्धारित मानकों का पालन करते हुए जिला अंतर्गत ईवीएम जागरूकता अभियान हेतु राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्टोर से आगामी लोक सभा के मद्देनजर प्रचार-प्रसार हेतु ईवीएम भी निकाला गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनिमेष रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लौग, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में कांग्रेस के त्रिशानु राय, भाजपा के रविशंकर विश्वकर्मा, सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अयोध्या में ब्लास्ट करवा सकती है बीजेपी

## राजद विधायक अजय यादव ने कहा-जिसने पत्नी को छोड़ा वो करेंगे मयार्दा पुरुषोत्तम की प्राण प्रतिष्ठा





**गया ।** बीजेपी खुद अयोध्या में बम ब्लास्ट करवा देगी और कहेगी कि पाकिस्तान के आतंकवादियों ने किया। मुस्लिम का नाम जोड़ा जाएगा। ये कहना है गया के अथरी से राजद के अजय यादव का। उन्होंने कहा कि राम में हमारी भी आस्था है। हम भी राम को मानते हैं। अयोध्या में इतनी भीड़ जमा की जा रही है। बीजेपी वाले अपने ही लोगों से कहीं ब्लास्ट करवा देंगे और कहेंगे कि पाकिस्तान वाला आतंकवादी किया। यह हो सकता है या नहीं भी हो सकता है। इसके साथ ही राजद विधायक ने देश के प्रधानमंत्री मोदी पर भी कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनी पत्नी को भटकने के लिए छोड़ दिया वो मयार्दा पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। गया के नीमचक बथानी में रविवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ अजय यादव बैठक कर रहे थे। उसी दौरान ये बातें कहीं।बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। इसे लेकर बीजेपी बड़ी तैयारी कर रही है। इधर बिहार में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इंडी गठबंधन के नेता लगातार राम मंदिर को लेकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। राजद अजय यादव ने कहा कि फ्री में लोगों को अयोध्या बुलाया जा रहा है लेकिन बेरोजगार जब परीक्षा देने ट्रेन से कहीं जाते हैं तो उन्हें मुफ्त में क्यों नही ले जाया जाता है।

जो बीजेपी में आया वो पवित्र हो गया आरजेडी विधायक अजय यादव ने बयान देते हुए कहा, पीएम मोदी के बड़े भाई ने खुद कहा था कि घर का सारा सामान लेकर भाग गए थे। जो खुद अपनी पत्नी को छोड़ दिए थे भटकने के लिए और वह नारा लगा रहे हैं राम मंदिर का, प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन करेंगे। हम लोग भी सनातन धर्म से हैं. देवी-देवताओं को मानते हैं। सालों से पूजा करते आ रहे हैं तो हमलोग अलग हो गए? बीजेपी में जो गया वह गंगा स्नान कर पवित्र हो गया। मानसिक रूप से बीमार ऐसी बात कर सकते-सम्राट विधायक अजय यादव के बयान पर सम्राट चौधरी ने कहा कि 'मानसिक रूप से बीमार आदमी ऐसी बातें कर सकते हैं।'

'अजय यादव के माता-पिता दोनों लोग जेल जा चुके हैं।' विधायक अजय यादव की मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है।

तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस तरह की बात कर रहे हैं।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि इस तरह का आरोप लगाना देश की आस्था पर सवाल खड़े करना है। इसके लिए देश की जनता ने कभी माफ नहीं करेगी उन्होंने कहा कि इंडी अलाइंस के लोग अब मोदी जी का विरोध करते-करते भगवान राम का इस देश की आस्था का, सनातनियों की आस्था का देवी देवताओं का धर्म ग्रंथो का विरोध करने लगे हैं। इन्हें समझ नहीं आ रहा कि 2024 में एक बार फिर से मोदी जी की जो प्रचंड जीत होने वाली है। इसका मुकाबला कैसे करें। इस घबराहट में यह धर्म और सनातन का लगातार अपमान करते आ रहे हैं।

## किसानों ने प्रशासन पर लगाया उदासीनता का आरोप



**भागलपुर ।** गंगा दियारा में किसानों की वह जमीन जिस पर पहले गंगा की धारा बहने के कारण राज्य सरकार के नाम से दर्ज कर ली गई थी। अब वह जमीन गंगा की धारा बदलने के कारण बाहर आ गई है। ऐसी जमीनें कृषि योग्य हैं। इसलिए इन जमीनों को उनके पुराने रैयतों के नाम से जमाबंदी में दर्ज की जाए, ताकि आने वाले दिनों में उक्त जमीन पर दूसरा कोई दावेदारी न कर सके।

अगर पुराने रैयतों के नाम से ऐसी जमीनों की जमाबंदी दर्ज नहीं की जाती है तो यह झगड़े की जड़ बनेगी। यह बात राज्य किसान सभा के तत्वावधान में बिहपुर दक्षिण, सोनवर्षा पंचायत में आयोजित किसानों व रैयतों के क्षेत्रीय सम्मेलन में किसानों ने कहीं।किसानों का कहना था कि गंगा कि जमीन की समस्या को लेकर बीते 30 अक्टूबर को जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम को आवेदन सौंपे गए थे। डीएम ने इस दिशा में विधिसम्मत पहल करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इसके चलते किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।सम्मेलन में आसपास के आधा दर्जन गांवों के किसान और रैयत शामिल हुए।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुखिया नीनारानी व संचालन प्रणेश समदर्शी ने की। सम्मेलन के जरिए सरकार व जिला प्रशासन से किसानों ने अपनी मांगे रखीं। सम्मेलन को कामरेड रामशरण यादव, सरपंच प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार व रंजीत राणा आदि ने भी संबोधित किया।

## अपराध की साजिश रचते 2 बदमाश अरेस्ट



**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी जब्त किया गया। उनके निशानदेही पर अन्य के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मामला जिले के देवरिया थाना क्षेत्र का है।दरअसल, एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन को गुप्त सूचना मिली कि देवरिया थाना क्षेत्र के एक बंद लाइन होटल के पास अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। देवरिया थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों अपराधी भागने लगे। उसके बाद पुलिस ने खदेड़ कर दो बदमाश को पकड़ लिया। इनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। पूरे मामले पर एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार और चोरी की बाइक जब्त की गई है। उनके निशानदेही पर अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## ताड़ी पीने के विवाद में युवक की हत्या



**हाजीपुर ।** वैशाली में ताड़ी पीने के विवाद में दुकानदार ने दो युवकों के ऊपर हसियां से हमला कर दिया। जिसमें एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि दूसरे का इलाज सदर के लिए अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टर ने घायल को पटना के पीएमसीएच में रेफर कर दिया है। मामला महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा बुजुर्ग की है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा रामराय गांव निवासी राम भगत के पुत्र विवेक कुमार उर्फ ढेमन (22) जबकि घायल की पहचान सिंघाड़ा बुजुर्ग गांव निवासी हरिशंकर सिंह का पुत्र सोनू उर्फ टुनटुन (22) बताया गया है। वही आरोपी की पहचान सिंघाड़ा रामराय गांव निवासी दिनेश चौधरी के रूप में हुई है।मृतक विवेक के दादा भागवत भगत ने बताया कि विवेक और सोनू उर्फ. टुनटुन दोनों दोस्त थे। दोनों घर एक साथ ही निकले थे। दोनों कहा के लिए निकले थे किसी को कुछ नहीं बताया था। पता नहीं दोनों कैसे वहां पहुंच गए थे। रविवार की शाम सूचना मिला कि दिनेश चौधरी (ताड़ी दुकानदार) ने उसकी हत्या कर दी है। जबकि टुनटुन घायल है।मारपीट में घायल टुनटुन ने बताया कि मैं तो विवेक को बचाने गया था। मुझे नहीं पता क्या हुआ था। तभी ताड़ी दुकानदार दिनेश चौधरी(45) ने मेरे ऊपर भी हमला कर दिया। सूचना पार महुआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लए भेज दिया। वही मामले में कार्रवाई करते हुए महुआ पुलिस ने हत्यारा दिनेश चौधरी को घटना से महज छः घण्टे के अदंर ही गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार एक बार फिर दागदार हुआ:मनीष कश्यप बोले



**गया ।** यूट्यूबर मनीष कश्यप ने कहा कि नए साल में 5 जनवरी को एक बार फिर से बिहार पर दाग लग गया। यहां एक भी रणजी मैच के लिए स्टेडियम नहीं है। बिहार के मोइनुल हक स्टेडियम में जिन परिस्थितियों में मैच खेला जा रहा है वो सबके सामने है।उससे बिहार का अपमान हो रहा है। सरफराज खान, शिवम दुबे समेत इस देश के बड़े-बड़े खिलाड़ी रणजी खेलने पहुंचे हैं और स्टेडियम की स्थिति क्या है।मनीष कश्यप ने कहा जिस तरह रणजी मैच में भारत देश के बड़े-बड़े खिलाड़ी आए। लेकिन ग्राउंड की हालत क्या थी, ये किसी से छिपी नहीं है। वो प्रसिद्ध डॉक्टर बीडी शर्मा के यहां आयोजित दही चूड़ा भोज कार्यक्रम में पहुंचे थे। मनीष कश्यप ने यह भी कहा कि राजनीति गंदी चीज नहीं है और नहीं गलत चीज है। बस इसे कुछ लोगों ने गंदा कर रखा है। आप ही लोगों के जैसे अटल बिहारी वाजपेयी थे।

### नन्दलाल मांझी बोले- इंडिया गठबंधन को जनता सिखाएगी सबक



**गया ।** गया। एक वर्ष पूर्व भगवान राम और रामायण को काल्पनिक कहने वाले जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा वरीय कार्यकर्ता भी हिन्दू राम अलापने लगे हैं। वे अब भगवान राम पर टिपण्णी करने वाले की निंदा करने में जुट गए हैं।बीते दिनों इंडिया गठबन्धन के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणी को हम के नेता घटिया राजनीति बता रहे हैं। साथ ही में यह भी कह रहे हैं कि आनेवाले समय में जनता उन्हें जवाब देगी। किसी की आस्था पर कहने से बचना चाहिए।गौरतलब है कि वर्ष 20 22 और 2023 में भगवान राम पर विवादित बयान दे कर पूर्व मुख्य मंत्री चर्चा में आये थे। पूर्व मुख्यमंत्री विवादित बयान देकर खूब सुर्खियां बटोरी थी। लेकिन अब समय बदल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री मांझी की पार्टी अब एनडीए के साथ हैं। एनडीए के साथ आते ही हम के कार्यकताओं के सुर भी बदल गए हैं।पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर नन्दलाल मांझी ने एक वीडियो जारी किया है। उस वीडियो में वे इंडिया गठबंधन के उन नेताओं को कोस रहे हैं। जिन्होंने बीते दिनों भगवान श्री राम पर टिप्पणी की थी। नन्दलाल मांझी का कहना कि किसी की आस्था पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। किसी को आहत नहीं करना चाहिए। इंडिया गठबन्धन के नेताओं ने लगातार भगवान राम पर टिप्पणी किया जाना घटिया राजनीति को दशार्ता है। यह गलत है। इंजीनियर नन्दलाल मांझी का कहना है कि भगवान श्री राम पर राजनीतिक टिप्पणी गलत है। आने वाले समय में जनता उन्हें अपने तरीके जवाब देगी।

### प्रखंड प्रमुख की गाड़ी में मिली युवक की लाश



**सीवान ।** सीवान में बड़हिया प्रखंड प्रमुख की गाड़ी में एक युवक का शव मिला है। परिजनों ने जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिधवलिया मोड़ के पास का है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी सुरेश प्रसाद के बेटे दीपक प्रसाद (32) के रूप में हुई है। नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि गाड़ी किसकी है, इसकी जांच की जा रही है।एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि अपराधी किसी बड़े वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। इस सूचना पर एसआईटी और पुलिस की टीम सिधवलिया मोड़ के पास पहुंची। इसी दौरान प्रतापपुर की तरफ से दो स्कॉर्पियो गाड़ी आ रही थी। पुलिस को देखकर स्कॉर्पियो में बैठे लोग गाड़ी से बाहर निकलकर भागने लगे। हालांकि, पुलिस की टीम ने पीछा कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो लोग भागने में कामयाब रहा।पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उसमें हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया के रहने वाले कुतुबुद्दीन खां के बेटे सैफ अली खां उर्फ सलमान, छोटका माझा के रहने वाले सुदर्शन यादव के बेटे राहुल कुमार यादव, तीतरा गांव के रहने वाले संजय यादव के बेटे अमन कुमार यादव और बड़हरिया थाना क्षेत्र के हबीबपुर के रहने वाले मुस्ताक अहमद के बेटे मिनहाज अहमद उर्फ सल्लू को शामिल हैं।स्कॉर्पियो के नजदीक पहुंचे तो देखा गाड़ी में दीपक का शव पड़ा है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने बताया कि दीपक पर कई आपराधिक मामले दर्ज है और वह फरार चल रहा था।

## दो बाइक के बीच टक्कर, दो की मौत, 2 घायल



**मोतिहारी ।** मोतिहारी में दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका इलाज मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। वही दोनों की स्थिति नाजुक बनी हैं। घटना मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र के एनएच 28 इमाद पट्टी गांव के पास की है।इस हादसे में दोनों मरने वाले और घायल इमाद पट्टी गांव के रहने वाले हैं। मृतक की पहचान इमाद पट्टी गांव निवासी जाकिर अलि का पुत्र मो. मोअज्जम(21) उर्फ दानिश और सरफराज आलम(20) के रूप में हुई है। वही घायल की पहचान अलि असगर(21) और तौकीर रजा(20) के रूप में हुई है।

नानी के घर से लौट रहा था मृतक के रिश्तेदार नुरैन आलम ने बताया कि दानिश बीए कर नौकरी की तलाश में था। वह रविवार को अपनी नानी के घर मेहसी के ढरगांवा में किसी की मौत होने पर मिट्टी देने अपनी बाइक से गया था। मिट्टी देकर घर लौट रहा था, इसी दौरान उसी के गांव इमाद पट्टी के ही तीन युवक एक बाइक पर सवार हो कर बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई।जिसमें दानिश और सरफराज आलम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा अल्ली असगर और तौकीर रजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों घायल को स्थानीय लोगों चकिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में रेफर कर दिया।

## खंभे से टकरायी स्कॉर्पियो



**नालंदा ।** नालंदा में कोहरे की वजह से सड़क हादसे में एक युवक की बीती रात मौत हो गई। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर छिलका के समीप की है। वहीं इस घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल है। मृतक की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र के मुफ़्तीपुर गांव निवासी कलेश्वर राउत के (35) वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। जबकि हरनौत थाना क्षेत्र के छतियाना गांव निवासी सोनू का दोस्त शैलेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया हैं।

कोहरे की वजह से अनियंत्रित हुई कारघटना के संबंध में सोनू के परिजन ने बताया कि सोनू अपने दोस्त के साथ बिन्द थाना क्षेत्र के जमसारी गांव एक अन्य दोस्त के यहां बर्थडे पार्टी में रविवार की शाम गया था। जहां से देर रात वह शैलेश के साथ घर लौट रहा था। इसी बीच कोहरे के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और विशुनपुर छिलका के समीप सड़क किनारे बिजली के खंभे में जा टकराई।

## पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश



**दरभंगा ।** दरभंगा में मोर थाने में आग लगाने की कोशिश की गई है। एक शख्स थाना परिसर में जवलनशील पदार्थ लेकर घुस गया और आग लगाने की कोशिश करने लगा। बताया जाता है कि थाने में रात की ड्यूटी में पुलिसकर्मी तैनात थे।आग लगाने की कोशिश करते शख्स को थाने के चौकीदार ने देख लिया। इसके बाद वो बदमाश वहां से भाग निकला। थाने में लगे सीसीटीवी में आग लगाने की कोशिश की घटना कैद भी हुई है। फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी भी मौके पर पहुंचे। सिटी एसपी सागर कुमार ने बताया की मध्य रात्रि में मोरो थाना अध्यक्ष ने सूचना दी कि मोरो थाना के परिसर में असामाजिक तत्व के द्वारा आग लगाने का प्रयास किया गया है।लेकिन थाना के रिजर्व गार्ड के सक्रियता से बड़ी घटना टल गई।वरीय पदाधिकारी मौके पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान कर जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## चंद्रशेखर बोले-मंदिर गुलामी का रास्ता





**सासाराम ।** बिहार के शिक्षा मंत्री और राजद विधायक चंद्रशेखर का कहना है कि मंदिर गुलामी का रास्ता है, जबकि शिक्षा प्रकाश का मार्ग है। फतेह बहादुर के बयान का समर्थन करते हुए मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि उन्होंने अपनी नहीं, बल्कि हमारी मां सावित्री बाई फुले की बात को दोहराया है।बता दें कि हाल ही में आरजेडी के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने मां सरस्वती को लेकर विवादित बयान दिया था। फतेह बहादुर सिंह ने इससे पहले मां दुर्गा पर भी विवादित बयान दिया था जिसका खूब विरोध हुआ था। बिहार के मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर रोहतास के डेहरी में रविवार को एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंदिर को लेकर ये बयान दिया।इसके बाद चंद्रशेखर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अगर आपको चोट लगेगी तो आप कहां जाएंगे? मंदिर या अस्पताल? अगर आप शिक्षा चाहते हैं और अधिकारी, विधायक या सांसद बनना चाहते हैं तो क्या आप मंदिर जाएंगे या स्कूल जाएंगे? फतेह बहादुर सिंह (राजद विधायक) ने वही बात कही जो सावित्रीबाई फुले ने कही थी। इसमें क्या गलत है? उन्होंने सावित्रीबाई फुले का हवाला दिया।क्या शिक्षा आवश्यक नहीं है?...हमें छद्म हिंदुत्व और छद्म राष्ट्रवाद से सावधान रहना चाहिए...जब भगवान राम हममें से प्रत्येक में व्याप्त हैं, तो हम उन्हें खोजने के लिए कहां जाएंगे?... जो स्थल निर्धारित की गई हैं उन्हें शोषण का स्थल बनाया गया है, जिसका उपयोग समाज में कुछ षड्यंत्रकारियों की जेबें भरने के लिए किया जाता है। एकलव्य का बेटा अंगूठा नहीं देगाह्व बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा, ह्यफतेह बहादुर ने अपनी बात नहीं बोली, बल्कि उन्होंने तो हमारी माता सावित्रीबाई फुले की बात को दोहराया। लेकिन, षडयंत्रकारियों ने उनके गले की कीमत लगा दी। चंद्रशेखर ने कहा कि अब एकलव्य का बेटा अंगूठा दान नहीं देगा। शहीद जगदेव प्रसाद का बेटा आहूति नहीं देगा। बिहार के शिक्षा मंत्री ने कहा कि अब वह आहूति लेना जानता है। उन्होंने कहा षड्यंत्रकारी याद रखें बहुजन लोगों का इतना पसीना बहेगा कि समंदर बन जाएगा और विरोधी सात समंदर पार खड़े नजर आएंगे।चिराग ने महागठबंधन पर साधा निशानाबिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बयान पर छखढ (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा, मुझे इस बात का ताज्जुब होता है कि उनकी पार्टी का नेतृत्व और उनके गठबंधन के साथी क्यों इन बातों को बर्दाश्त करते हैं। कहीं न कहीं वे लोगों की भावनाओं को भड़का रहे हैं, उनकी भावनाओं को आहत कर रहे हैं।

इनके दल को जवाब देने की जरूरत है कि क्या सनातन पर हो

# सूर्य के पास आदित्य

भारतीय अंतरिक्ष यान आदित्य एल1 को हासिल ऐतिहासिक कामयाबी सुखद और स्वागतयोग्य है। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की एक और यादगार कामयाबी ने देश को गर्व का अच्छा अवसर दिया है और इससे देश में युवाओं के बीच विज्ञान के प्रति लगाव में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वाभाविक ही वैज्ञानिकों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई दी है। भारत का सौर अभियान बिल्कुल योजना और समय के अनुरूप चल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष आधारित भारतीय वेधशाला, आदित्य एल1 को अपनी गंतव्य कक्षा लेगरेंज प्वॉइंट, यानी एल पी-1 में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। सूर्य के करीब अंतरिक्ष में स्थित इस विशेष जगह की सूर्य से दूरी करीब 15 लाख किलोमीटर रह गई है। इसके आगे यान को कक्षा में स्थापित करने से उसे नुकसान पहुंच सकता है और एल पी-1 कक्षा को यान के लिए सुरक्षित माना जा रहा है। जिस जगह यह यान स्थापित है, वहां से सूर्य लगातार नजर आएगा और दिन-रात का क्रम वहां बाधक नहीं बनेगा। चूंकि यह यान स्वयं अध्ययन में सक्षम है, इसलिए इसे वेधशाला भी कहा जा रहा है, जहां से अंतरिक्ष की गतिविधियों पर निगाह रहेगी। सूर्य के आस-पास होने वाले परिवर्तनों की पड़ताल हो सकेगी। सूर्य के आस-पास के वायुमंडल का अध्ययन बहुत जरूरी है और इसके लिए अभी तक अमेरिका ही ज्यादा सक्षम रहा है। इस वेधशाला आदित्य एल1 के प्रक्षेपण में सक्षम होने से भारत अंतरग्रहीय अध्ययन या अभियान में भी कामयाबी की दिशा में बढ़ चला है। इस अभियान से इसरो के आत्म-विश्वास में बहुत वृद्धि होगी। इसरो इस यान को धीरे-धीरे पूरी तरह से सक्रिय करेगा। आदित्य-एल1 में सात पेलोड शामिल हैं, जिनको अलग-अलग तरह के कार्यों को अंजाम देना है। इस यान से सबसे बड़ी मदद चित्र और परिवेश के अध्ययन के मोर्चे पर मिलने वाली है। विशेष रूप से सूर्य की बाहरी परत का अध्ययन आसानी से हो सकेगा। सूर्य की इस परत को कोरोना भी कहा जाता है। सौर कोरोना की भौतिकी और इसकी गरम होने की प्रक्रियाओं को गहराई से जानना, उसके तापमान में होने वाले बदलावों को परखना, उसके वेग और घनत्व का विश्लेषण करना प्रमुखता से संभव हो सकेगा। वैज्ञानिक आश्वस्त हैं कि इसरो यान में लगे सभी उपकरणों को सक्रिय कर देगा। यह बहुत महत्पूर्ण बात है कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में ऐसे चुनिंदा देशों में शामिल है, जो अंतरिक्ष में एक यान या उपकरण को दूसरे यान या उपकरण से अलग करने और किसी भी कक्षा में स्थापित करने या यान को लौटाने में सक्षम हो गया है। चंद्रयान-3 के समय भी भारत ने ऐसा सफलतापूर्वक किया था। चंद्रयान-1 के समय भी यान को अंतरिक्ष में भेजना, यान से किसी यान का अलग करना और यान को वापस पृथ्वी की कक्षा में लाना मुमकिन हुआ था। ध्यान रहे, बहुत इंतजार के बाद पिछले ही साल भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला देश बना है।

# औषधि युद्ध

बचाव, इलाज से बेहतर होता है। लेकिन चिकित्सा से जुड़े चलन में इस कहावत के चरम इस्तेमाल से रोगियों को ठीक करने के वास्ते इलाज करने का मकसद ही खटाई में पड़ सकता है और यहां तक कि यह कवायद नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। एंटीबायोटिक दवाओं के रोगनिरोधी इस्तेमाल के संदर्भ में, इससे पैदा होने वाला रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) घातक साबित होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा कराए गए ह्यभारत में 20 एनएसी-नेट साइटों पर एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल से संबंधित पहला बहुकेंद्रित बिंदु प्रसार सर्वेक्षण 2021-22ह्न ने चौंकाने वाले आंकड़े सामने लाए हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने उन बारीक अहम समस्याओं को रेखांकित किया है जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा सालों से इंगित किया जाता रहा है। कुल 15 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों के तृतीयक देखभाल वाले अस्पतालों में 70 फीसदी से ज्यादा रोगियों को एंटीबायोटिक दवाओं का नुस्खा दिया गया। नुस्खे के तौर पर दिए गए इन 50 फीसदी से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाओं में एएमआर की स्थिति पैदा करने की क्षमता थी। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण खुलासा यह था कि सर्वेक्षण में शामिल 55 फीसदी रोगियों को रोग निरोधक (प्रोफिलैक्सिस) के रूप में या निवारक के रूप में एंटीबायोटिक दवाएं दीं गईं थीं। मात्र 45 फीसदी को वास्तव में संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवाएं दीं गई थीं। इनमें से केवल छह फीसदी को विशिष्ट बैक्टीरिया की पहचान करने के बाद दवाएं दी गईं। एएमआर की स्थिति तब पैदा होती है जब रोगजनक दवाओं के खिलाफ खुद को मजबूत करते हुए विकसित होते हैं और रोगाणुरोधी दवाओं के असर में आना बंद कर देते हैं। यों तो निरंतर विकसित होते रहना रोगजनकों की प्रकृति होती है, लेकिन खराब चिकित्सा और पशुपालन संबंधी कार्यप्रणालियों की वजह से यह संकट लगातार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जैसा कि सर्वेक्षण से पता चला है, यह दरअसल रोगाणुरोधी दवाओं का दुरुपयोग व जरुरत से ज्यादा इस्तेमाल ही है, जो दवा-प्रतिरोधी रोगजनकों के विकास की वजह बनता है जो बदले में जीवन के लिए बड़ा खतरा पैदा करता है और रुग्णता को बढ़ाता है।

# यूं बनी मधुबाला मुगले-ए-आजम की अनारकली

ANALYSIS

अजय कुमार शर्मा

आसिफ ने सलीम का रोल दिलीप कुमार को देने के बारे में सोचा लेकिन उनके दुबले -पतले और छोटे दिखने के कारण यह रोल फिर सप्रू को दिया गया। संवाद का काम कमाल अमरोही को सौंपा गया। अनिल विश्वास के संगीत में एक गीत भी रिकॉर्ड किया गया जिसे सितारा ने गाया था। फिल्म का काम धीरे-धीरे चल रहा था कि इस बीच चंद्रमोहन का निधन हो गया। भारत-पाकिस्तान का विभाजन होने के कारण इसके निमार्ता शिराज अली हकीम पाकिस्तान चले गए । आसिफ का अपनी पत्नी सितारा से तलाक हो गया। इस सबके चलते फिल्म का काम रुक गया। इस बीच के . आसिफ ने अपना प्रोडक्शन हाउस खोलकर 'हलचल' फिल्म बनाई और 'मुगल-ए-आजम' के बारे में भी लगातार सोचते रहे। अब उन्होंने पृथ्वीराज कपूर, दुर्गा खोटे, मुराद, सुरेंद्र, अजित, विजयालक्ष्मी, कुमार आदि कलाकारों को अनुबंधित कर लिया था। अब 'मुगल-ए-आजम' में बहार का रोल आसिफ की दूसरी पत्नी निगार सुलताना को सौंपा गया। हलचल में दिलीप कुमार थे और उनसे आसिफ के घनिष्ठ संबंध हो गए थे अत: वह इस बारे में निश्चित थे कि दिलीप कुमार सलीम की भूमिका निभाने के तैयार हो जायेगें.।. लेकिन वे इसके लिए ना- नुकुर करने लगे लेकिन आसिफ ने उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर इस रोल के लिए मना लिया।

के.आसिफ ने जब पहली बार 'मुगल-ए-आजम' बनाना तय किया तब उनकी पहली फिल्म 'फूल' के निमार्ता शिराज अली हकीम ही उसमें पूंजी लगा रहे थे। आसिफ ने अकबर के रोल के लिए चंद्रमोहन को अनुबंधित किया। दुर्गा खोटे को जोधाबाई की भूमिका सौंपी गई, नरगिस को अनारकली बनाया गया और हिमालयवाला को दुर्जन सिंह का रोल दिया गया। हॉल में ही बांबे टॉकीज द्वारा दिलीप कुमार की पहली फिल्म 'ज्वार भाटा' रिलीज हुई थी। आसिफ ने सलीम का रोल दिलीप कुमार को देने के बारे में सोचा लेकिन उनके दुबले -पतले और छोटे दिखने के कारण यह रोल फिर सप्रू को दिया गया। संवाद का काम कमाल अमरोही को सौंपा गया। अनिल विश्वास के संगीत में एक गीत भी रिकॉर्ड किया गया जिसे सितारा ने गाया था। फिल्म का काम धीरे-धीरे चल रहा था कि इस बीच चंद्रमोहन का निधन हो गया। भारत-पाकिस्तान का विभाजन होने के कारण इसके निमार्ता शिराज अली हकीम पाकिस्तान चले गए । आसिफ का अपनी पत्नी सितारा से तलाक हो गया। इस सबके चलते फिल्म का काम रुक गया। इस बीच के . आसिफ ने अपना प्रोडक्शन हाउस खोलकर 'हलचल' फिल्म बनाई और 'मुगल-ए-आजम' के बारे में भी लगातार सोचते रहे। अब उन्होंने पृथ्वीराज कपूर, दुर्गा खोटे, मुराद, सुरेंद्र, अजित, विजयालक्ष्मी, कुमार आदि कलाकारों को अनुबंधित कर लिया था। अब 'मुगल-ए-आजम' में बहार का रोल आसिफ की दूसरी पत्नी निगार सुलताना को सौंपा गया। हलचल में दिलीप कुमार थे और उनसे आसिफ के घनिष्ठ संबंध हो गए थे अत: वह इस बारे में निश्चित थे कि दिलीप कुमार सलीम की भूमिका निभाने के तैयार हो जायेगें.।. लेकिन वे इसके लिए ना- नुकुर करने लगे लेकिन आसिफ ने उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर इस रोल के लिए मना लिया। इतनी तैयारी होने के बाद आसिफ ने अंधेरी में मोहन स्टूडियो के दो कमरे किराए पर लिए और फिल्म के लिए आवश्यक भव्य सेट के निर्माण का कार्य प्रारंभ करवा दिया। अब 'मुगल-ए-आजम' के नए निमार्ता शापूर जी पालम जी थे। उन्होंने खुलकर अपनी जेब खाली करना शुरू कर दिया। फिल्म के कला निर्देशक एम. के. सईद दिल्ली के लाल किला तथा अन्य पुरातत्त्व वस्तु-संग्रहालय देख आए थे। इस अध्ययन के आधार पर अकबर के जमाने की पोशाकें तथा उसके महल की वस्तुएं कैसी होनी चाहिए, इसकी खोजबीन करते हुए उनके निर्देशन के अनुसार हर वस्तु का निर्माण होने लगा। कमाल अमरोही, एहसान रिजवी, वजाहत मिर्जा और जीनत अमान के पिता अमानुल्ला खान दिनभर संवादों पर विचार-विमर्श करने लगे । अकबर और सलीम के युद्ध में प्रयुक्त होने वाली पोशाकें, उस काल के अनुरूप उचित ढालें, तलवारें, बाण आदि शस्त्र कहीं मिल पाएंगे या उनके लिए अलग से कारखाना खोलना होगा, इस बात पर भी सलाह मशविरा होने लगा। इतना सब होने के बावजूद 'मुगल-ए-आजम' में सर्वाधिक प्रमुख पात्र अनारकली का अब तक कहीं पता ही नहीं था। आखिर आसिफ ने 'स्क्रिन' में विज्ञापन देकर सोलह से बाईस आयु वाली युवतियों को अनारकली के रोल के लिए आवेदन पत्र भेजने की अपील की। इस विज्ञापन में यह भी छपा था कि युवतियों का प्रारंभिक परीक्षण 'मुगल-ए-आजम' के निर्माण-प्रबंधक जैदी करेंगे और उनके द्वारा चुनी गई युवतियों का मुंबई में दिलीप कुमार और आसिफ फाइनल करेंगे। इस प्रकार लखनऊ, दिल्ली और हैदराबाद से आठ युवतियों को जैदी ने चुन लिया। उनके स्क्रिन टेस्ट और इंटरव्यू तथा अंतिम निर्णय लेने के लिए उन्हें मुंबई में बुलाया गया लेकिन अनारकली की भूमिका के लिए कोई खरी न उतरी। हां इतना जरूर हुआ की इनमें से एक इंदौर की शीला दलाया को अनारकली की छोटी बहन सुरैया की भूमिका के लिए चुना गया। थक-हारकर आसिफ ने अनारकली के लिए नूतन से बात की लेकिन उन्होंने उसके लिए नरगिस और मधुबाला का नाम लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया। तभी 'मुगल-ए-आजम' को जबरदस्त झटका देने वाली एक घटना घटित हो गई। एम. एंड टी. संस्था के मालिक माखनलाल जैन और उनके पुत्र राजेंद्र जैन ने अनारकली पर फिल्म बनाना तय किया। कमाल अमरोही से कहानी लिखने को कहा गया और निर्देशन का काम भी उन्हें ही सौंपा गया और अनारकली का रोल मधुबाला को दिया गया। इधर इसी समय फिल्मिस्तान कंपनी के निर्देशक शशिधर मुखर्जी ने इसी विषय पर फिल्म बनाने की घोषणा करके इस समस्या को और उलझा दिया। निर्देशक नंदलाल जसवंत, संगीतकार सी. रामचंद्र, गीतकार राजेंद्रकृष्ण और सलीम के रोल के लिए प्रदीपकुमार तथा अनारकली की भूमिका के लिए बीना रॉय आदि को अनुबंधित करके फिल्म की शूटिंग भी धड़ल्ले के साथ शुरू कर दी गई। फिल्मिस्तान की 'अनारकली' में 'मुगल-ए-आजम' का एक भी कलाकार/ तकनीशियन नहीं था। इसलिए आसिफ उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर सकते थे। लेकिन जैन पिता-पुत्र को समझाकर उन्होंने इस फिल्म को न बनाने को कहा लेकिन वे तैयार नहीं हुए। अंततः आसिफ ने इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इम्पा) की शरण ली। लेकिन जैन पिता-पुत्र ने इस संबंध में, हम बहुत आगे बढ़ गए हैं, यह कहकर समझौता करने से साफ इनकार कर दिया। अब दिलीप कुमार आसिफ की सहायता के लिए आगे आए। तब तक मधुबाला और उनके संबंध काफी नजदीकी हो गए थे। दिलीप कुमार ने मधुबाला को कहा कि वह 'अनारकली' में रोल स्वीकार न करें। साथ-साथ यह भी वचन दिया कि 'मुगल-ए-आजम' की अनारकली का रोल वे उन्हें ही दिलाएंगे। अप्रैल,1951से शुरू हुई इस उठा -पटक का अंत यह हुआ कि आठ महीने बाद अनारकली के कपड़ों में मधुबाला की एक फोटो छापी गई और अताउल्ला खान, मधुबाला, दिलीप कुमार और के. आसिफ की संयुक्त बैठक में यह निर्णय किया गया कि मधुबाला 'अनारकली' फिल्म नहीं करेगी और अब वह यह रोल 'मुगल-ए-आजम' में निभाएगी। इस प्रकार बहुचर्चित अनारकली का रोल मधुबाला को मिल गया। मधुबाला के निकलते ही जैन पिता-पुत्र की अनारकली का अंततः भट्ठा ही बैठ गया। इधर फिल्मिस्तान ने अपनी 'अनारकली' फि ल्म पूरी करके सन् 1953 में प्रदर्शित की। संगीतकार सी. रामचंद्र के स्वरबद्ध किए गए गीत बेहद लोकप्रिय' हुए। 'अनारकली' का रोल मधुबाला को देने की बात तय होने पर अनुबंध हेतु मधुबाला के पिता अताउल्ला खान ने अपनी नई नई शर्तें रखना शुरू कर दिया कि रात में शूटिंग नहीं होगी, सेट पर एक भी अतिथि नहीं आएगा, फिल्म के संवादों की पूरी कॉपी हाथ में मिलनी चाहिए आदि .।. ये शर्तें इतनी कठोर थीं कि अनुबंध के समय के. आसिफ नाराज हो गए। मधुबाला उनके पीछे दौड़ी और बोली, ₹आसिफ मियां, अब्बा जो कहेंगे, आप इस वक्त उनकी हां में हां मिला दीजिए और कॉन्ट्रैक्ट हो जाने दीजिए। फिल्म में काम तो मैं कर रही हूं। अपनी ओर से पूरा सहयोग दूंगी।₹ इस पर आसिफ ने भी ज्यादा तूल नहीं दिया और अनुबंध पर हस्ताक्षर हो गए। मधुबाला ने जब 'मुगल-ए-आजम' साइन की तब वह तलवार की 'संगदिल', निर्देशक फली मिस्त्री की 'अरमान' और रवैल की 'साकी' फिल्मों में भी काम कर रही थी। साथ-साथ पी. एन. अरोरा की पार्टनरशिप में चल रही 'रेल का डिब्बा' में भी वह काम कर रही थी। ये सारी फिल्में साधारण थीं। उनमें अभिनय करते समय भूमिका में एक-सा बनने तथा फिल्म के मूड में पहुंचने की कोई बात ही नहीं उठती थी। वह बड़ी सहजता के साथ सेट पर आती और अपना रोल निभाकर चलती बनती। 'मुगल-ए-आजम' के बारे में भी यही हालत रही। उसकी बार-बार हंसने की आदत आसिफ को खटकने लगी। इस प्रकार चार-पांच दिन बीत जाने पर आसिफ ने उन्हें अलग बुलाकर हिदायत दी कि तुम 'मुगल-ए-आजम' में अनारकली का अहम रोल निभाने के लिए यहां आती हो। यहां हंसना, मटकना या चुलबुलाना बिलकुल नहीं चलेगा। इस किरदार के लिए संजीदगी और खामोशी से बर्ताव करना जरूरी है। अगले दिन जब मधुबाला सेट पर आई तब एक अलग ही मधुबाला थी।

**लेखक, वरिष्ठ साहित्य व कला समीक्षक हैं।**

# दक्षिण भारत में प्रधानमंत्री की सक्रियता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दक्षिणी राज्यों पर ध्यान देना, वहां सभाएं करना और विभिन्न योजनाओं की घोषणा करना नयी परिघटना नहीं है। ऐसा वे लंबे समय से करते आ रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में उनकी इस सक्रियता में बढ़ोतरी हुई है और इसमें अनेक आयाम जोड़े गये हैं। संसद की नयी इमारत में लोकसभा के कक्ष में सेंगोल को राजदंड के प्रत्येक रूप में स्थापित करना और तमिलनाडु यात्रा में उसका उल्लेख करना, काशी संगमम जैसे बड़े आयोजन का किया जाना और इस पहल के अंतर्गत तमिल साहित्य, व्याकरण और अन्य शास्त्रों के प्रसिद्ध ग्रंथों का कई भाषाओं में अनुवाद कराना उल्लेखनीय गतिविधियां हैं। वाराणसी में जो श्रद्धालु आते हैं, उनमें 20 प्रतिशत लोग तमिलनाडु से होते हैं। यह भगवान शिव की नगरी है और दक्षिण भारत में उन्हें मानने वाले लोगों की बड़ी संख्या है। हाल में प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण में आउटरीच की कोशिशें बहुत तेज हो गयी हैं। पिछले दिनों उन्होंने तमिलनाडु और केरल की यात्रा की है। उन्होंने तिरुचिरापल्ली में हवाई अड्डे के नये टर्मिनल का उद्घाटन किया और 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत की अनेक परियोजनाओं की घोषणा भी की। ये परियोजनाएं हवाई अड्डे, रेल, राजमार्ग, बंदरगाह, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा, उच्च शिक्षा आदि क्षेत्रों की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि बीते एक साल में 40 से अधिक केंद्रीय मंत्रियों ने तमिलनाडु की 400 से अधिक यात्राएं की हैं। उन्होंने तमिलनाडु को सांस्कृतिक प्रेरणा भी बताया। केरल में तो वे राजनीतिक रूप से बहुत आक्रामक नजर आये और अपने भाषण में उन्होंने कांग्रेस और वाम मोर्चे की तीखी आलोचना की। वहां भाजपा ने महिलाओं की एक बड़ी सभा का आयोजन किया। लक्षद्वीप, जहां बड़ी मुस्लिम आबादी है, में भी उन्होंने महिलाओं के लिए चल रहीं केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया। साथ ही, उन्होंने तिहरे तलाक से छुटकारा दिलाने की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। यदि हम देश के अन्य हिस्सों में देखें, तो महिलाओं का भरोसा हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा लगातार प्रयास करते रहे हैं। इसका उन्हें बहुत राजनीतिक लाभ भी हुआ है। दक्षिण में सांस्कृतिक एवं धार्मिक मुद्दों तथा विकास योजनाओं को आधार बनाने के साथ-साथ उनकी कोशिश है कि महिलाओं को अपने पाले में लाकर जनाधार बढ़ाया जा सकता है। पिछले दिनों मैं बनारस में थी। वहां मैंने देखा कि प्रधानमंत्री के बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हैं, जिनमें वे तमिल भाषा में तीर्थयात्रियों का अभिनंदन कर रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव को देखें, तो उत्तर और पश्चिम में भाजपा ने बहुत बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण में कर्नाटक में भी उसने लगभग सभी सीटें जीत ली थीं। अब इन राज्यों में अधिक बढ़त की गुंजाइश तो है नहीं। कुछ सीटें कम भी हो सकती हैं। कर्नाटक में पिछले रिकॉर्ड को दुहराना आसान नहीं होगा। ऐसे में भाजपा के लिए आवश्यक है कि वह दक्षिण में कुछ सीटें जीते, ताकि दूसरी जगहों के नुकसान की भरपाई की जा सके। हमें ध्यान रखना चाहिए कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का लक्ष्य केवल बहुमत जुटाना नहीं है, वे चाहते हैं कि उनकी सीटें 303 से अधिक हों। इसलिए उनका ध्यान दक्षिण की ओर बढ़ा है। तमिलनाडु में उनकी कोशिश तो बहुत समय से चल रही है। राज्य में अन्नामलाई जैसे युवा के हाथ में पार्टी की कमान देने के बाद से पार्टी अधिक सक्रिय हुई है। अन्नामलाई बहुत मेहनती नेता माने जाते हैं और उनके बयान भी सुर्खियों में रहते हैं। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में दक्षिणी राज्यों के लिए और परियोजनाओं की घोषणा हो सकती है। इसके अलावा, भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों के साथ तालमेल भी करने की कोशिश करेगी। तमिलनाडु में उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उपस्थिति में दिवंगत एमडीएमके नेता और फिल्म स्टार विजयकांत की प्रशंसा करते हुए श्रद्धांजलि दी, जो स्टालिन की डीएमके के विरोधी थे। मुख्य विपक्षी दल अन्ना द्रमुक से भाजपा की निकटता पहले से है। अभी उनका औपचारिक गठबंधन नहीं है, पर चुनाव आते-आते कुछ समझौता संभावित है। तेलंगाना में भाजपा के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति से समझौता कर सकती है। आंध्र प्रदेश में भी मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की वाइएसआर कांग्रेस से संपर्क की बात सुनी जा रही है। चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम और फिल्म स्टार पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने तो खुले तौर पर भाजपा से गठबंधन बनाने की बात कही है। कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल (सेकुलर) से भाजपा का गठबंधन हो ही चुका है। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि कर्नाटक के अलावा अन्य दक्षिणी राज्यों में भाजपा की सांगठनिक उपस्थिति कमजोर है। कर्नाटक में भी पार्टी के भीतर गुटबाजी है और भ्रष्टाचार के आरोप भी हैं। हाल में कांग्रेस से मिली हार से भी पार्टी को धक्का लगा है। तेलंगाना में पहले लग रहा था कि मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और भाजपा के बीच होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रचार भी किया था, लेकिन भाजपा बहुत पीछे रह गयी और कांग्रेस ने बाजी मार ली। इसकी बड़ी वजह पार्टी संगठन का कमजोर होना रहा। ऐसे में भाजपा अपने प्रसार के लिए प्रधानमंत्री मोदी की छवि और लोकप्रियता पर बहुत हद तक निर्भर है। हालांकि उत्तर और पश्चिम भारत में भी उनकी लोकप्रियता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन दक्षिण भारत में उनकी सक्रियता ही भाजपा को आगे ले जा सकती है। व्यक्तिगत रूप से बतौर नेता प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण में भी बहुत लोकप्रिय हैं। इसका एक अंदाजा उनकी सभाओं में आने वाली भीड़ से लगाया जा सकता है।

## Social Media Corner

सच के हक



पिछले 9 सालों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों का जीवन आसान हुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



अपराध की नई रिपोर्ट आई है, एक बार फिर से हेमंत सोरेन ने छलांग लगाई है। हेमंत सरकार ने सुनियोजित ढंग से पिछले 9 महीने में प्रदेश में लगभग 50000 अपराध की घटनाओं का नेतृत्व किया है। सड़कों पर पड़ा खून हो या चौराहे में बंद पड़ी दुकानें हों,महिलाओं के साथ किया गया कुकृत्य कार्य हो या प्रतियोगी छात्रों को पढ़ाई छोड़कर सड़कों पर अपने हक के लिए उतरने पर मजबूर करना हो, हेमंत राज में कोई भी वर्ग शेष नहीं बचा जिसपर राज्यपोषित अपराध और अत्याचार न किया गया हो।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# कभी न भूल पाने वाले पल

श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन का इतिहास लगभग आठ सौ वर्ष पुराना है। यानी बाबर से भी 300 वर्ष पूर्व से अनेक राजा और रानियों ने सेना सहित तथा भक्तों ने व्यक्तिगत अथवा सामूहिक तौर पर अपने प्राण न्योछावर किए और इनकी कुल संख्या लाखों में है। अस्सी के दशक के अंतिम वर्षों में गहन चिंतन और मनन के बाद हिंदू संगठनों ने पहले विश्व हिंदू परिषद उपरांत भाजपा और विविध सहयोगियों के साथ इस धार्मिक आंदोलन को अपनाने का जोखिम पूर्ण निर्णय लिया था। पालमपुर में आयोजित बैठक में इसे विधिवत घोषित भी कर दिया गया । इस सांस्कृतिक आंदोलन का मैंने नजदीक से अध्ययन और अवलोकन करने का मन बनाया । इस विषय में शेष राजनीतिक और सामाजिक ढांचे के विरोध का आलम ऐतिहासिक और भीषण था। इसी क्रम में मुलायम सिंह यादव के समय 1990 में कारसेवकों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी ने हिन्दू समाज को अत्यंत आक्रोशित किया जिस के कारण 1992 का दृश्य बना और संतसमाज, न्यायालय और जनसाधारण के सक्रिय योगदान से भाजपा को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा । राष्ट्रीय आह्वान के परिप्रेक्ष्य में चार दिसंबर को हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से भी सात रामभक्तों ने अयोध्या के लिए प्रस्थान किया जिनमें मेरे अतिरिक्त स्व. लश्करी राम और चमनलाल अजंता वाले भी थे। मेरी आयु 37 वर्ष थी और वीरेन्द्र जी को छोड़कर शेष लगभग साठ वर्ष के थे। शैलेन्द्र जी की बाजू लाठीचार्ज में टूट गई थी और उन्होनें प्रतिज्ञा करते हुए दाढ़ी रख ली थी कि अब यह मंदिर बनने पर ही कटेगी । इस प्रतिज्ञा के साथ ही वे इस दुनिया से विदा हुए। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए जिन्होंने मुझे इस ओर प्रेरित किया । अंबाला से रेलमार्ग पर पहला रोमांचक अनुभव हुआ जब टीटी ने कहा कि आप लोग अयोध्या जा रहे हो तो टिकट क्यों खरीदा है । अगले रेलवे-स्टेशन पर युवा लोग चना, पूरी, हलवा देने आए । यह क्रम बाराबंकी फैजाबाद तक सभी स्टेशनों पर देखा । हमसे पुराना पैकेट ले लिया जाता था और ताजा नया थमा दिया जाता था। फैजाबाद में पैकेट लेकर लंगर खिलाया गया। सभी ट्रेन और अन्य वाहनों के यात्रीगणों के लिए आसपास के हजारों लोग महीने भर से ऐसी सेवा कर रहे थे ऐसी जानकारी भी मिली। देश-विदेश से लाखों-लाख नर नारी, युवा, बृद्ध और बाल एक ही मंजिल तक पहुंचे। चेहरों पर निडरता, उत्साह और जनून स्पष्ट झलक रहे थे। शाम तक कैंप में समाचार आया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कल यानी छह दिसंबर को कारसेवा नहीं होगी। इस पर ग्यारह दिसंबर तक रोक लगाई गई है। साथ ही बताया गया कि कल सरयू से रेत लाकर यहां तक पहुंचाया जायेगा और यही कारसेवा होगी। आग की तरह खबर फैली और पूरे कैंप में निराशापूर्ण विद्रोह के स्वर सुनाई दिये । हम जिस काम के लिए आए हैं वह होगा अन्य कोई निर्देश या सुझाव नहीं माने जायेंगे। हम बार-बार नहीं आ सकते हैं। रात भर माहौल गर्म रहा। छह दिसंबर की सुबह अविस्मरणीय है। कुछ लोग रेत ला रहे थे। कुछ बड़ी संख्या में मंच के सामने उपस्थित होकर संबोधन सुन रहे थे। मैं और वीरेन्द्र जी हनुमानगढ़ी की तरफ आ गये जहां भारी सुरक्षा के प्रबंध थे। बैरिकेड्स के आगे दीवार और पहाड़ी के ऊपर ढांचा था। हमने सीता रसोई के और उस सारे परिसर के अंतिम दर्शन भी किए। मंच से बार-बार घोषणा सुनाई दे रही थी कि आज कारसेवा नहीं होगी। कोई भी स्वयंसेवक ढांचे की तरफ न जाए। स्वयंसेवक गणवेश में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर लाठी के साथ पहरा दे रहे थे और ऊपर चढ़ने की कोशिश करने वालों को पीछे धकेल रहे थे। ढांचे के अन्दर बाहर राज्य और केन्द्रीय बलों का कड़ा पहरा था।

# प्रिंट मीडिया में साहित्य की कमी पर जरूरी दखल

इन दिनों किताबों की दुनिया में बहुत कुछ नया घट रहा है। हाल ही में छपी किताब 'हिंदी प्रिंट मीडिया और साहित्य की घटती भूमिका' पत्रकारिता के रेगिस्तान में फैले सन्नाटे को तोड़ती नजर आती है। इसके लेखक विक्रम उपाध्याय ने लंबे समय तक पत्रकारिता की है। उन्होंने मुख्य धारा की हिंदी पत्रकारिता में इस संक्रमण की पीड़ा को महसूस करने की कोशिश के साथ 'हिंदी प्रिंट मीडिया और साहित्य की घटती भूमिका' के माध्यम से इस विमर्श को व्यापक फलक पर आगे बढ़ाने की अच्छी और ईमानदार कोशिश की है। उन्होंने 124 पन्नों में इस गांभीर्य विषय को समेटते हुए इसके हर पहलू को बारीकी से समझाने की कोशिश भी की है। विक्रम लिखते हैं, 'भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय की सीनियर फैलोशिप के तहत तैयार यह पुस्तक सही मायने में मीडियाकर्मियों, विद्यार्थियों और पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसा उन्हें भरोसा है।' यह पुस्तक कई भागों में विभक्त है। इसका पहला भाग-'समाचार पत्रः एक विवेचना' है। इसमें लेखक का मत है कि आज का समय सूचना क्रांति का है। हर जानकारी खबर नहीं होती, पर हर खबर एक नई जानकारी होती है। जैसे स्टेशन पर ट्रेन के बारे में जानकारी देना खबर नहीं होती, पर कोई ट्रेन विलंब से चल रही है, रद्द हो गई है या तकनीकी कारणों से बाधित हो गई है, ये सभी जानकारियां खबर हो सकती हैं। विक्रम उपाध्याय का आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग करना इस किताब को अन्य पुस्तकों से अलग करता है। किताब के शीर्षक की दृष्टि से इसके दो भागों 'हिंदी प्रिंट मीडिया और साहित्यः एक दूसरे के पूरक' और ' हिंदी पत्रकारिता कल, आज और कल' को बहस के केंद्र में रखा जा सकता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## गुजरात और तमिलनाडु के इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेगा सिंगापुर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिंगापुर 9 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) में सहभागी देश के रूप में भाग लेगा। नई दिल्ली स्थित सिंगापुर उच्चायोग ने बयान जारी कर यह जानकारी दी है। सिंगापुर उच्चायोग ने बयान में कहा है कि सिंगापुर और उसकी कंपनियां गुजरात राज्य के साथ आर्थिक सहयोग मजबूत करेंगी। यह गुजरात की हरित अर्थव्यवस्था और स्थिरता के क्षेत्र में विस्तारित निवेश के जरिये किया जाएगा। गांधीनगर में 9 से 12 जनवरी तक आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के दौरान निवेश की जानकारी दी जाएगी। सिंगापुर 30 अन्य देशों के साथ वीजीजीएस में एक भागीदार देश के रूप में भाग लेगा। राज्य में मजबूत उपस्थिति के साथ सिंगापुर की कंपनियों को संचालन में मदद के लिए एक समर्पित सिंगापुर मंडप भी स्थापित किया जाएगा। एक अन्य बयान में सिंगापुर ने तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 में भी अपनी भागीदारी की जानकाी दी। इसका आयोजन 7 और 8 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि सिंगापुर और उसकी कंपनियां तमिलनाडु राज्य के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करेंगी। यह तमिलनाडु की हरित अर्थव्यवस्था और स्थिरता क्षेत्र के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास (डेटा केंद्रों, आईटी पार्क और रसद सहित) क्षेत्र में अपना निवेश बढ़ाएगा। इन निवेशों की घोषणा 7 और 8 जनवरी को चेन्नई में आयोजित तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (टीएनजीआईएम) के दौरान की जाएगी। सिंगापुर उच्चायोग ने बताया कि सिंगापुर आठ अन्य देशों के साथ टीएनजीआईएम में पहले भागीदार देश के रूप में भाग लेगा।

## 88 पैसे के शेयर को खरीदने टूटे निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लिस्टेड कई ऐसी कंपनियां हैं जिनके शेयर की कीमत 2 रुपये से भी कम है लेकिन वो तगड़ा मुनाफा दे रही हैं। ऐसी ही एक कंपनी-जॉनसन फार्माकेयर है। बीते शुक्रवार को इस कंपनी के शेयरों को खरीदने की लूट सी मच गई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बीएसई पर 1.05 रुपये के भाव पर बंद हुआ। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। एक दिन पहले के 88 पैसे की क्लोजिंग प्राइस के मुकाबले शेयर में 19.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बता दें कि मार्च 2023 में इस शेयर की कीमत 0.36 पैसे थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। शेयर ने इस साल अब तक 50 फीसदी रिटर्न दे दिया है। मतलब यह रिटर्न साल के शुरुआती पांच दिन के हैं। एक महीने का रिटर्न 85 फीसदी का रहा है। छह महीने की अवधि में शेयर ने 105.88 फीसदी रिटर्न दिया है। बता दें कि इस शेयर में प्रमोटर की जीरो हिस्सेदारी, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 100 फीसदी है। जॉनसन फार्माकेयर ने साल 2022 में बोनस शेयर और स्प्लिट का ऐलान किया। बोनस शेयर 1:10 के रेश्यो से बांटे गए। मतलब 10 पर एक बोनस शेयर दिए गए। वहीं, शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा गया। जॉनसन फार्माकेयर सभी तरह की फार्मास्युटिकल्स के थोक और खुदरा व्यापार में लगी हुई है। यह सभी तरह की फार्मास्युटिकल्स और संबद्ध उत्पादों के केमिस्ट, ड्रगिस्ट, खरीदार, विक्रेता, एजेंट, वितरक और स्टॉकिस्ट के व्यवसाय में भी सक्रिय है। बीते शुक्रवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान थोड़ी देर फिसला। लेकिन उसके बाद इसमें तेजी से सुधार हुआ और यह अंत में 178.58 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,026.15 अंक पर बंद हुआ।

# बादाम 680 तो पिस्ता के 3800 रुपये प्रति किलो पहुंचे भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कंपकंपाती ठंड और शादियों के सीजन को देखते हुए बाजारों में ड्राई फ्रूट्स की डिमांड बढ़ गई है। डिमांड के हिसाब से इसकी सप्लाई कम हो रही है। इसकी वजह से करीब दो महीने में पिस्ते की कीमत दोगुनी हो गई है। व्यापारियों का दावा है कि शादियों में ज्यादातर लोग मिठाई बनवाने में पिस्ता और बादाम का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है। दिल्ली में कड़ाके की ठंड की वजह से खारी बावली में ड्राई फ्रूट्स की डिमांड हाई है। पिछले साल की तुलना में 10 से 15 फीसदी मार्केट बढ़ गया है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता बताते हैं कि ठंड के दिनों में सभी ड्राई फ्रूट्स की डिमांड बढ़ जाती है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल मार्केट काफी अच्छा है।



### कम आ रही सप्लाई

इस बार पिस्ता की नई क्रॉप काफी कम है। इसकी वजह से अफगानिस्तान से पिस्ता की सप्लाई कम आ रही है। नतीजतन, अक्टूबर में 1500 से 1700 के बीच बिकने वाले पिस्ता की कीमत जनवरी में 3300 से 3800 रुपये प्रतिकिलो हो गई है। पिछले दो महीने के अंदर बादाम की कीमत में भी प्रतिकिलो 40 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। राहत की बात यह है कि किशमिश, काजू, अंजीर और अखरोट के दाम में कोई खास बढ़ोतरी नहीं है। खारी बावली के एक व्यापारी ने बताया कि शादी का सीजन शुरू होने वाला है। इससे पहले मिठाई बनाने के लिए ड्राई फ्रूट्स का ऑर्डर आने लगा है। रेट हाई होने के चलते ज्यादातर मिठाई कारोबारी पिस्ता खरीदने में कटौती भी कर रहे हैं।

### दो गुने से ज्यादा बढ़ी कीमतें


थोक मार्केट में पिस्ता 3300 से 3800 रुपये प्रति किलो, बादाम 650 से 680 रुपये प्रति किलो, काजू 600 से 650 रुपये प्रतिकिलो, अखरोट 900 से 950 रुपये प्रति किलो, अंजीर 500 से 1500 रुपये प्रति किलो और किशमिश 150 से 250 रुपये प्रति किलो है।

# जज के सामने रोने लगे जेट एयरवेज के फाउंडर, बोले- ऐसी स्थिति में जीने से बेहतर है, जेल में मर जाऊं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल ने हाथ जोड़कर कोर्ट से कहा है कि उन्होंने लाइफ की हर उम्मीद खो दी है और ऐसे में जीने से बेहतर जेल में मर जाना है। शनिवार को मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट में पेशी के दौरान भावुक हुए गोयल ने यह बात कही। नरेश गोयल 538 करोड़ रुपए के केनरा बैंक धोखाधड़ी मामले में जेल में हैं। ईडी ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में नरेश गोयल को पिछले साल 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था। गोयल इस समय मुंबई की आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। शनिवार को हुई पेशी के दौरान गोयल की आंखों में आंसू आ गए थे। कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने कहा, मैं अपनी पत्नी अनीता को बहुत मिस करता हूं, जो कैंसर की लास्ट स्टेज में है। मैं जीवन की हर उम्मीद खो चुका हूं और ऐसी स्थिति में जीने से बेहतर है, जेल में मर जाऊं।

### कोर्ट ने कही ये बात

गोयल ने कोर्ट को बताया कि उनकी हेल्थ बहुत खराब है। पेशी के दौरान वे कांप भी रहे थे। इस पर कोर्ट ने कहा कि उनकी हेल्थ का पूरा ध्यान रखा जाएगा और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। जेट एयरवेज के फाउंडर ने स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। साथ ही गोयल ने जज से कुछ मिनट की व्यक्तिगत सुनवाई का अनुरोध भी किया था, जिसे जज ने मान लिया।




विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने बताया, मैंने गोयल को ध्यान से सुना। उनका शरीर कांप रहा था। उन्हें खड़े होने के लिए मदद की जरूरत पड़ रही थी। गोयल ने बताया कि उनके घुटनों में सूजन और दर्द है, जिससे वे उन्हें मोड़ नहीं पाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पेशाब करते समय भी बड़ा दर्द होता है और कभी कभी इसके साथ खून भी निकलता है। गोयल ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर बार उन्हें हेल्प नहीं मिल पाती है। जेल स्टाफ की भी मदद करने की अपनी लिमिटेशन है।

### अस्पताल ना ले जाकर जेल में मरने दें

गोयल ने कोर्ट से कहा, मैं काफी कमजोर हो गया हूं और मुझे जेजे अस्पताल रेफर करने का कोई मतलब नहीं है। जेल से अस्पताल तक की यात्रा थकाऊ है, जिसे मैं सहन नहीं कर सकता। अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है। मुझे जेजे अस्पताल नहीं भेजा जाए और जेल में ही मरने दिया जाए। गोयल का बयान सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि उनके स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाएगा और उन्हें हरसंभव मदद दी जाएगी।

## कपड़ा मिल संघों ने सरकार से वित्तीय मदद की गुहार लगाई

**मुंबई एजेंसी।** कपड़ा मिल संघों ने गुणवत्ता नियंत्रण मुद्दों के साथ निर्यात में मंदी के कारण चल रहे संकट से निपटने में मदद के लिए सरकार से वित्तीय राहत देने की अपील की है। कपड़ा मिल संघों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपनी एक अपील में कहा है कि यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध जैसे बाहरी कारकों की वजह से निर्यात, खासकर कपास पर आधारित क्षेत्र में मंदी आने से उद्योग गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है। मिल संगठनों ने एक बयान में कहा कि वैश्विक संघर्षों के दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव, कपास पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क होने और मानव-निर्मित फाइबर (एमएमएफ) के गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों से संबंधित मुद्दों के कारण उनके क्षमता उपयोग में गिरावट आई है। उनका क्षमता का इस्तेमाल एक साल से 50 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक गिर गया है। मिल संगठनों के मुताबिक, इस स्थिति ने कई कताई मिलों, खासकर छोटे एवं मझोले स्तर की मिलों को गंभीर वित्तीय तनाव में डाल दिया है, जिससे वे कर्ज चुकाने और स्थायी शुल्कों की भरपाई में असमर्थ हो गई हैं।



## इलेक्ट्रिक वाहन के लिए भारत में प्लांट लगाएगी विदेशी कंपनी



भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के लिए विदेशी कंपनी ने दिलचस्पी दिखाई है। दरअसल, वियतनाम की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मैन्युफैक्चरिंग विनफास्ट तमिलनाडु में इलेक्ट्रिक कार और बैटरी बनाने की इकाई लगाएगी। इसके लिए कंपनी दो अरब डॉलर (करीब 16,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। जानकारी के मुताबिक अपनी निवेश योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए विनफास्ट रविवार को शुरू होने वाली तमिलनाडु वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) 2024 के दौरान राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगी।

विनफास्ट ने शनिवार को एक बयान में कहा, विनफास्ट और तमिलनाडु सरकार राज्य में परियोजना के पहले चरण के लिए 50 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता के साथ कुल दो अरब डॉलर (16,000 करोड़ रुपये) के निवेश की दिशा में काम करेंगे। यह निवेश पांच वर्षों के भीतर किया जाएगा। यह कदम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े वाहन बाजार में विनफास्ट के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, विनफास्ट 16,000 करोड़ रुपये के निवेश से तूतीकोरिन में ईवी कार और बैटरी विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह महज एक निवेश नहीं है। यह दक्षिण तमिलनाडु में आर्थिक वृद्धि के लिए एक बड़ी छलांग है।

### क्या है कंपनी का टारगेट

वियतनाम की फर्म के इस प्रस्ताव से लगभग 3,500 नौकरियां पैदा होने की संभावना है। विनफास्ट की तमिलनाडु परियोजना का लक्ष्य इस क्षेत्र में 1.50 लाख इकाई तक की वार्षिक उत्पादन क्षमता हासिल करना है। उत्पादन इकाई का निर्माण इस साल शुरू होने की उम्मीद है।

विनफास्ट की वैश्विक उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) त्रान मेई होवा ने कहा कि यह परियोजना तमिलनाडु समेत पूरे भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए एक मजबूत नींव रखेगी। इससे हरित प्रौद्योगिकी की दिशा में तेजी भी आएगी।

# टॉप 10 में से 6 कंपनियों का मार्केट कैप 57408 करोड़ घटा, दो को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा। एक जनवरी को सेंसेक्स 72,561.91 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 20,929.77 करोड़ रुपए घटकर 13,67,661.93 करोड़ रुपए रह गया। सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस ही रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,536.48 करोड़ रुपए घटकर 12,77,435.56 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की बाजार हैसियत 10,114.99 करोड़ रुपए गिरकर 6,15,663.40 करोड़ रुपए रह गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 4,129.69 करोड़ रुपए घटकर 6,36,222.11 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का 1,608.05 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 6,97,357.42 करोड़ रुपए पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत में 89.24 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,72,826.22 करोड़ रुपए पर आ गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,816.85 करोड़ रुपए बढ़कर 17,63,644.77 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,409.32 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,91,219.09 करोड़ रुपए हो गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 8,200.55 करोड़ रुपए बढ़कर 5,88,846.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 7,020.75 करोड़ रुपए बढ़कर 5,34,082.81 करोड़ रुपए रहा।



शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी का स्थान रहा।

## स्नैपडील की कंपनी का आ रहा आईपीओ, 2.98 करोड़ शेयर बेचने का प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्नैपडील के मालिकाना हक वाले सास प्लेटफॉर्म यूनिकॉमर्स ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी को आवेदन दिया है। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू नहीं हैं। वहीं, ऑफर फॉर सेल के जरिए 2.98 करोड़ शेयरों की बिक्री होगी। आपको बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक, फर्स्टक्राई और मोबिक्विक के बाद यूनिकॉमर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के साथ एक ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दायर किया है।इस आईपीओ में 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले कुल 29,840,486 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। इसमें ऐसवेक्टर लिमिटेड (जिसे पहले स्नैपडील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के 11,459,840 इक्विटी शेयर शामिल हैं। बता दें कि एसबी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स (यूके) लिमिटेड के पास एसबी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स (यूके) लिमिटेड के साथ 2,210,406 इक्विटी शेयर हैं। हाल ही में एंकरेज कैपिटल फंड, माधुरी मधुसूदन, रिजवान कोइता और जगदीश मूरजानी, दिलीप वेलोडी और अन्य सहित निवेशकों के एक समूह ने कंपनी में शेयर हासिल किए हैं। आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड और सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। वित्त वर्ष 2023 में यूनिकॉमर्स का राजस्व लगभग 53 प्रतिशत बढ़कर 90 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का प्रॉफिट 8 प्रतिशत बढ़कर 6 करोड़ रुपये हो गया। ऐसा माना जा रहा है कि यह कंपनी चालू वित्त वर्ष में 120-150 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने की राह पर है।

## टीवी देखना होगा महंगा, फेवरेट चैनल देखने के लिए चुकाने होंगे ज्यादा पैसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट, वायाकॉम 18 और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया जैसे देश के टॉप ब्रॉडकास्टर्स ने आम लोगों को बड़ा झटका दिया है। इन तमाम ब्रॉडकास्टर्स ने बढ़ते कंटेंट खर्चों की भरपाई के लिए टीवी चैनलों की कीमतों में इजाफा कर दिया है जिससे कंज्यूमर के मंथली बिल में इजाफा हो जाएगा। नेटवर्क18 और वायाकॉम18 की इंडियाकास्ट ने अपने चैनल्स की कीमत में 20-25 फीसदी का इजाफा कर दिया है। जी ने 9-10 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है।

सोनी ने भी 10-11 फीसदी का इजाफा किया है। डिज्नी स्टार ने अभी तक अपने प्राइस का खुलासा नहीं किया है। ब्रॉडकास्टर्स ने कहा है कि नई कीमत 1 फरवरी से लागू होगी। रेगुलेशन में कहा गया है कि वे रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) के पब्लिकेशन के 30 दिन बाद नई कीमत लागू कर सकते हैं। 2024 चुनावी वर्ष होने के कारण, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई कस्टमर्स की नाराजगी को रोकने के लिए ब्रॉडकास्टर रेट कार्ड की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रहा है।



नवंबर 2022 में ट्राई द्वारा एनटीओ 3.0 के इंप्लीमेंटेशन के बाद ब्रॉडकास्टर्स ने दूसरी बार अपनी कीमतें बढ़ाई हैं। एनटीओ 2.0 के इंप्लीमेंटेशन पर गतिरोध के कारण फरवरी 2023 से पहले टीवी चैनल की कीमतें लगभग तीन साल तक फ्रीज थीं। फरवरी 2023 में कीमतों में बढ़ोतरी ब्रॉडकास्टर्स और केबल टीवी कंपनियों के बीच विवाद के बाद हुई, जिसकी वजह से ब्रॉडकास्टर्स ने केबल टीवी ऑपरेटर्स के लिए टीवी सिग्नल बंद कर दिए। ब्रॉडकास्टर्स को अपने चैनलों के लिए ला कार्टे यानी लिस्ट और बुके दोनों कीमतों की घोषणा करने की आवश्यकता होती है लेकिन अधिकांश कंज्यूमर ऐसे बुके को पसंद करते हैं जो सस्ता हो। उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि वायाकॉम18 की तरफ से ज्यादा इजाफा स्पोर्ट्स राइट्स में 34,000 करोड़ से अधिक के निवेश के कारण हुआ है जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) डिजिटल राइट्स, बीसीसीआई मीडिया राइट्स, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका मीडिया राइट्स और ओलंपिक 2024 शामिल हैं।

ब्रॉडकास्टिंग फर्म के अधिकारी ने कहा कि वायाकॉम18 बीसीसीआई के जुड़ने के कारण सब्सक्रिप्शन रेवेन्यू में डबल डिजिट का ग्रोथ टारगेट बना रहा है। सोनी और जी ने महंगाई की वजह से इजाफा किया है। मीडिया रिपोर्ट में एक सूत्र के मुताबिक,डिज्नी ने अपने अभी तक प्राइस का अनाउंमेंट नहीं किया है। बीसीसीआई के मीडिया राइट्स खोने के बाद वह इस पर गहन मंथन कर रहा है। डिज्नी स्टार ने 3 बिलियन डॉलर में आईसीसी मीडिया राइट्स हासिल किए हैं और डिजिटल राइट्स बरकरार रखते हुए टीवी अधिकार जी को सब-लाइसेंस दे दिए। ज़ी को अभी भी डिज़्नी स्टार के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का हिस्सा पूरा करना बाकी है, जो सब -लाइसेंसिंग डील को रोके हुए है। जानकारों की मानें तो ज़ी की बुके कीमत का आईसीसी टीवी राइट्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। डिज्नी स्टार की नई कीमत देखना दिलचस्प होगा क्योंकि उन्होंने बीसीसीआई राइट्स खो दिए हैं और आईसीसी टीवी राइट्स अब उनकी जिम्मेदारी हैं।

# टीसीएस, इन्फोसिस के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम, रुपए-डॉलर का उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। बाजार भागीदार डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के तिमाही नतीजों की घोषणा बृहस्पतिवार को होगी। वहीं एचसीएल टेक्नोलॉजीज और विप्रो के नतीजे शुक्रवार को आएंगे।



एसबीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड के बुनियादी इक्विटी शोध प्रमुख सनी अग्रवाल ने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजों का सीजन जनवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। यह शेयर बाजार को दिशा देने का एक बड़ा कारक होगा। वृहद आर्थिक मोर्चे पर दिसंबर के मुद्रास्फीति के आंकड़े और नवंबर के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद आएंगे। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, ''बाजार घरेलू वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल, कच्चे तेल के भंडार, डॉलर सूचकांक के उतार-चढ़ाव और एफआईआई तथा डीआईआई की निवेश गतिविधियों पर प्रतिक्रिया देगा। नंदा ने कहा कि अमेरिकी के मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दावे के आंकड़े, चीन का महंगाई का आंकड़ा और ब्रिटेन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का आंकड़ा भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत नीचे आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 20.6 अंक या 0.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि बाजार आगामी सप्ताह तिमाही नतीजों के सीजन से संकेत लेगा, जिसकी शुरुआत 11 जनवरी को टीसीएस और इन्फोसिस के साथ होगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक, विप्रो और एचडीएफसी लाइफ जैसी कुछ अन्य कंपनियों के तिमाही नतीजे भी आएंगे।



# फैशन, खुद क्रिएट करें डिजाइनर साड़ी

नए फैशन ट्रेंड के लिहाज से आज बाजार में छाई हुई हैं डिजाइनर साड़ियां। बात यदि साड़ी को अपना स्टाइल स्टेटमेंट बनाने की हो तो आप इन्हें चुन सकती हैं। डिजाइनर साड़ियां वेडिंग या पार्टी के लिए सबसे अच्छा विकल्प साबित होंगी। इससे भी एक कदम आगे की बात करें तो आप अपनी रचनात्मकता का इस्तेमाल कर खुद भी अपने लिए डिजाइनर साड़ी तैयार कर सकती हैं। यह ट्रेंड भी आजकल फैशन में छाया हुआ है। मानसून ने आमद दे दी है पर झमाझम बारिश का इंतजार है। शादी का मौसम चल रहा है।

यदि आप बाजार में चल रहे नए ट्रेंड पर नजर रखें हुए हैं तो साड़ी डिजाइन करना आपके लिए और आसान होगा। जैसे कि आप ब्रोकेड फेब्रिक को जूट सिल्क के साथ मिक्स कर साड़ी बना सकती हैं और इस साड़ी केसाथ ब्रोकेड का ब्लाउज साड़ी की खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसी तरह आप ऑर्गेंजा, कोटा ब्रोकेड और टसर सिल्क को साड़ी के बेस के रूप में इस्तेमाल कर उस पर फेब्रिक पेंटिंग, म्युरल स्टाइल पेंटिंग और मिरर वर्क, बीडवर्क कर सकती हैं। पेंटिंग से साड़ी की खूबसूरती और बढ़ जाएगी। साधारण सिंथेटिक साड़ी को सेल्फ एम्ब्राइडरी और प्लेन मटेरियल के साथ जोड़कर अपनी साड़ी को यूनिक बना सकती हैं।


पुरानी कशीदाकारी या वर्क वाली साड़ियों को नया रूप देकर फिर इस्तेमाल करना भी इन दिनों चलन में हैं। आप चाहें तो किसी पुरानी साड़ी के वर्क को नई पर भी स्थानांतरित कर सकती हैं। छोटी बूटियों से लेकर हैवी बॉर्डर तक को आप फिर से प्रयोग में ला सकती हैं।

साड़ी बनाने के लिए प्लेन फेब्रिक लेकर उसे मनचाहे कलर में रंगवाकर उस पर पेंटिंग या ब्लॉक प्रिंट करवाने जैसा विकल्प भी आपके लिए खुला है। यदि आप साड़ी को थोड़ा हैवी लुक देना चाहती हैं तो उस पर सिक्वेंस वर्क या मशीन एम्ब्राइडरी भी करवाई जा सकती है। क्रेप, टसर, चंदेरी और कोटा डोरिया की साड़ी के साथ क्रोशिया की लेस लगाकर भी नए प्रयोग किए जा सकते हैं।

इस तरह घर पर तैयार की गई साड़ियां खूबसूरत तो लगेंगी ही, साथ ही आपके बजट में भी आसानी आ जाएंगी। साड़ियां डिजाइन करते समय फेब्रिक और कलर का विशेष ध्यान रखें। इन डिजाइनर साड़ियों के ब्लाउज के साथ भी नए प्रयोग किए जा सकते हैं।

स्टैंड कॉलर से लेकर फुल स्वीव्ज, नेट और शिफॉन की स्लीव्ज के ब्लाउज इन साड़ियों के साथ बहुत फबेंगे। साड़ियां डिजाइन करना आपके लिए एक तरह की क्रिएटिव थैरेपी भी होगी। तो आज ही शुरू कर दीजिए ये क्रिएटिव काम।





# खूबसूरत आंखों को बचाएं डार्क सर्कल से

मौसम बारिश का चल रहा पर अब भी गर्मा अपने शबाव पर है। बदलती जीवनशैली के चलते आंखों के ईद-गिर्द डार्क सर्कल होना आम समस्या हो गई है। डार्क सर्कल चेहरे की खूबसूरती तो कम करते ही है साथ ही उम्र बढ़ने के साथ गहराते चले जाते हैं, इसलिए बेहतर है कि आप समय रहते ही अपनी आंखों की देखभाल शुरू कर दें। स्वस्थ तथा पौष्टिक भोजन, व्यायाम तथा अच्छी नींद इसके लिए सबसे अच्छा तरीका हैं। मेकअप से आप पार्टी में कुछ समय के लिए अपने डार्क सर्कल छुपा सकती हैं पर यदि आप चाहती हैं कि आपके डार्क सर्कल पूरी तरह ठीक हो जाए तो उसके लिए जीवनशैली में भी कुछ बदलाव करने होंगे।

## अपनाएं ये उपाय

☞यदि आप चाहती हैं कि पार्टी में डार्क सर्कल आपके चेहरे की चमक फीकी न करें तो यलो टोन कंसीलर आंखों के नीचे और पलकों पर लगाएं। कंसीलर लगाने के बाद आंखों का मेकअप करें। इससे आपकी आंखों के डार्क सर्कल कुछ समय के लिए तो नजर नहीं आएंगे।

☞नींद की कमी भी डार्क सर्कल होने का एक प्रमुख कारण है। अत- रात के समय सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें। भरपूर नींद लेने से आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी और आपकी आंखों की खूबसूरती भी बरकरार रहेगी।



☞कई बार किसी चीज की एलर्जी के कारण भी डार्क सर्कल हो जाते हैं। इस कंडीशन में आप डॉक्टर से कंसल्ट करें।

☞यदि आप रात को सोते समय धूम्रपान करने या हार्ड ड्रिंक्स लेने के आदि हैं तब यह आदत भी आपके डार्क सर्कल बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। दरअसल निकोटिन लेने से पर्याप्त ऑक्सीजन त्वचा तक नहीं पहुंच पाती और त्वचा संबंधी बीमारियां बढ़ने लगती है और यह दोनों ही आदते स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छी नहीं हैं इसलिए इनसे दूर रहना ही बेहतर है।

☞डिहाइड्रेशन की वजह से भी आंखों के नीचे डार्क सर्कल होने लगते हैं अत- शरीर में पानी की कमी न होने दें और दिनभर में आठ गिलास पानी जरूर पीएं।

☞डार्क सर्कल दूर करने के लिए अपने भोजन में पोषक तत्व शाकिल करें। विटामिन-के और विटामिन-ई से भरपूर सब्जियों, फलों और खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में प्राथमिकता दें।

# मसालेदार शामी कबाब



### सामग्री

500 ग्राम कीमा किया हुआ मटन, 2 अंडे, बारीक कटा हुआ एक प्याज, बारीक कटी हुई 5 हरी मिर्च, 100 ग्राम चने (रात भर भिगोए हुए), लहसुन की 10 कली, एक छोटा चम्मच जीरा, 4 इलायची, एक बड़ा टुकड़ा दालचीनी, एक बड़ा टुकड़ा अदरक,) 6 काली मिर्च, 4 लाल मिर्च, स्वादानुसार नमक और तलने के लिए घी।

### बनाने की विधि

तीन कप पानी और एक छोटा चम्मच नमक डालकर मटन को तब तक उबालें जब तक कि पानी सोख न लें और मटन नर्म हो जाए। अब इस उबले हुए मटन को पीसकर पेस्ट बना लें। अब अदरक, लहसुन, जीरा, इलायची, दालचीनी, भिगोए हुए चने, लाल मिर्च, काली मिर्च को पीस कर पेस्ट बना लें। इन दोनों पेस्ट को अच्छे से मिक्स करें और इसमें अंडे व स्वादानुसार नमक मिलाकर अच्छे से गूंथ लें। अंत में इसमें बारीक कटा प्याज और हरी मिर्च मिलाएं। अब इस गूंथे हुए पेस्ट से गोल और चपटे आकार के कबाब बनाएं। एक पैन में घी गर्म करें और इन कबाबों को सुनहरा भूरा होने तक तलें। तलने के बाद सॉस या चटनी के साथ गरमा-गरम परोसें।

# पनीर टिक्की विद बर्गर



### सामग्री

150 ग्राम पनीर, 2 हरी मिर्च, 1 प्याज, आधा चम्मच चाट मसाला, 1 चम्मच भूना मैदा, 2 बड़े चम्मच तेल, 1 बर्गर, हरा धनिया (कटा हुआ), नमक स्वाद के हिसाब से।

### बनाने की विधि

सर्वप्रथम पनीर को कद्दूकस कर लें। उसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया, नमक, चाट मसाला और मैदा मिलाकर टिकिया बना लें।

अब इन टिकिया को तल लें। तत्पश्चात बर्गर को बीच में से काटकर उल्टा करके सेंक लें। बर्गर में टिक्की लगाकर टोमॅटो कैचअप और हरी चटनी के साथ घर आए मेहमानों को पेश करें।

# कीजिए अपने किचन का कायाकल्प



**जरा** याद कीजिए वह दौर जब घर की महिलाओं का अधिकांश समय किचन में चूल्हा फूंकते-फूंकते ही गुजरता था। मसाला, अनाज आदि वस्तुएं भी घर में घट्टी पर या फिर सिलबट्टे पर पीसकर उपयोग में लाई जाती थीं। सब्जी, फल जैसी वस्तुओं को स्टोर करके रखने की कोई व्यवस्था नहीं थी। धीरे-धीरे बदलाव का दौर प्रारंभ हुआ। घर के दूसरे कमरों के साथ-साथ किचन पर भी ध्यान दिया जाने लगा और शुरूआत हुई मिट्टी के चूल्हों के स्थान पर गैस स्टोव्ह से। इसके आने के बाद तो कुकिंग का पूरा स्टाइल ही बदल गया। यानी सीटिंग की जगह स्टैंडिंग हो गया किचन। यह थी आधुनिक किचन कंसेप्ट की शुरूआत। वर्तमान में किचन की दुनिया आधुनिकता के रंग में रंगी हुई स्पष्ट नजर आती है। एक तो किचन अप्लायंसेस की बाढ़ आई हुई है, दूसरे आज इसके लुक और ट्रेंड पर ग्लोबल दुनिया का असर भी पड़ा है।

कहते हैं खाना बनाते समय माहौल का खुशनुमा होना आवश्यक होता है और इस कंसेप्ट पर आजकल के मॉडर्न किचन पूरी तरह से फिट बैठते हैं। मॉडर्न किचन को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि इसमें काम करना और सामान रखना ज्यादा सुविधाजनक हो।

इनमें किचन रैक, केबिनेट वर्क टॉप, नॉब्स, चिमनी, एक्जॉस्ट फैन, डिशवॉशर सबकुछ शामिल हैं। जिन्हें आप अपनी जरूरत और एरिया के अनुसार अदल-बदल कर सकती हैं। इस किचन का प्रत्येक सेट विविध मटेरियल और रंगों में उपलब्ध होता है।

इसकी खासियत यह है कि इसमें स्टोरेज-स्पेस, इज़ी टू यूज़ और मेंटेनेंस जैसी बातों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पिछले दिनों एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी ने किचन की लेटेस्ट तकनीक को भारत में लांच किया, इसकी खासियत है मैट लेक्योर ग्लास फिनिश वाले काउंटर टॉप। जिस पर कटिंग और चॉपिंग भी की जा सकती है, इस पर निशान नहीं पड़ते हैं और गर्म बर्तन भी रखे जा सकते हैं।

इनके केबिनट डस्टप्रूफ होते हैं और इनमें इंटीरियर लाइटनिंग की सुविधा भी है। साथ ही ये ज्यादा स्पेशियस भी हैं। बस ऑर्डर करके फिट करवाए जा सकते हैं। यदि आप मॉड्यूलर किचन नहीं लगवाना चाहती हैं तो भी चिंता की कोई बात नहीं। थोड़ी-सी सूझबूझ और मेहनत से कम खर्च में ही अपने किचन को आधुनिक बनाया जा सकता है। देखें किस तरह

➲ किचन में अगर स्टोरेज की सही व्यवस्था हो तो किचन का इंटीरियर खिलकर सामने आता है। एरिया और अपनी आवश्यकता के अनुसार किचन में दीवारों के अंदर बिल्ट इन स्टोरेज बनवा लें। इन केबिनेट में शेल्फ, ड्रॉर और पुल आउट हो तो इनके अंदर काफी सामान रखा जा सकता है, साथ ही ये सुविधाजनक भी होते हैं।

- लकड़ी की ऐसी वॉल यूनिट बनवाएं या खरीदें जिसमें क्रॉकरी आदि रखी जा सके। इसे और सुंदर बनाने के लिए डेकोरेटिव हैंडल लगवा लें।

➲ किचन चिमनी को गैस या कुकिंग टॉप पर लगवा लें। ये किचन में फैलने वाले धुएं से खराब होने वाली दीवारों को भी साफ रखती है।

➲ स्टोरेज के लिए कंटेनर और ग्लॉस जार का उपयोग करें। सुंदर और डिजाइनर रंग-बिरंगे कंटेनर और जार से आपका किचन सुंदर और व्यवस्थित नजर आएगा।

➲ गैस बर्नर, वॉटर प्यूरीफायर, ब्लैंडर, चॉपिंग बोर्ड, फ्रूट बास्केट, नाइफ स्टैंड, माइक्रोवेव, डिजाइनर डस्टबीन, इंडक्शन हॉट प्लेट, डेकोरेटिव पेंटिंग के उपयोग से भी किचन को मॉर्डन और कलात्मक लुक दिया जा सकता है।

➲ अब बारी आती है किचन की दीवारों के रंगों की। साफ, हल्के और खुले रंगों के साथ किचन का इंटीरियर बदला जा सकता है।



बाजार में ऐसे भी पेंट उपलब्ध हैं जो नैनो तकनीक पर आधारित हैं। ये दीवारों को नया लुक तो देते ही हैं, साथ ही इन्हें माइक्रोऑर्गेनिज्म से प्रतिरोधी बनाने में भी सहायता करते हैं। किचन में स्वच्छता और हाईजीन का होना भी बहुत जरूरी होता है, इसलिए इनसे बैक्टिरिया और वायरस पर नियंत्रण किया जा सकता है। इन तरीकों को अपनाकर आप भी अपने किचन को रेनोवेट कर मॉर्डन रूप दे सकती हैं। जब जमाना बदल रहा है तो फिर आपका किचन क्यों नहीं? तो फिर देर किस बात की, कर डालिए किचन का कायाकल्प...।

## जम्मू-कश्मीर में बीते साल रिकॉर्ड दो करोड़ पर्यटक पहुंचे

### -77 सालों में पहली बार पहुंची ये संख्या

जम्मू । जम्मू-कश्मीर से 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने के बाद चार साल में केंद्र शासित प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। इससे घाटी में रोजगार बढ़े हैं। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल रिकॉर्ड दो करोड़ पर्यटक आए। यह पिछले 77 साल में सबसे अधिक है। यह अनुच्छेद-370 हटने के बाद चार साल में केंद्र शासित प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। इससे रोजगार बढ़े हैं। होटल उद्योग फल-फूल रहा है। पिछले वर्ष यहां 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हुई। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रसिद्ध फ्रांसीसी समाचार पत्र ने कश्मीर के उभरते आकर्षण पर एक रिपोर्ट पेश की है। इसमें इस दशकों के संघर्ष के बाद विदेशी यात्रियों के लिए खुलने वाला एक भूला हुआ स्वर्ग बताया गया है। बेरेनिस डेब्रास ने अपने लेख में श्रीनगर को हिमालय की तलहटी में शांति के स्वर्ग के रूप में चित्रित किया है। वह लिखते हैं, डल झील की खामोशी में घिरी हुई नाव शांत पानी में खूबसूरती से सरकती है। ऐसा प्रतीत होता है कि समय ने अपनी सांसें रोक ली हैं और पक्षी धीरे-धीरे फुसफुसा रहे हैं। जब सब्जी विक्रेता एक नाव से दूसरी नाव पर बातचीत में लगे होते हैं, तब तैरता हुआ बाजार जीवंत हो उठता है। सदियों पुरानी परंपरा अपरिवर्तित बनी हुई है, कश्मीरी कहवा की सुगंध प्रामाणिक अनुभव प्रदान करती है। प्रवक्ता ने कहा कि रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह जम्मू-कश्मीर के संघर्षग्रस्त अतीत से एक समृद्ध वर्तमान तक की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाती है। भूले हुए स्वर्ग को विश्व मंच पर अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के रूप में चित्रित किया गया है, जो जादू और आकर्षण के एक नए युग का प्रतीक है।

## कजिन भाई-बहन को कपल समझ तीन घंटे की मारपीट, 9 लोग गिरफ्तार

बेलगावी । अलग-अलग धर्मों के कजिन भाई-बहन को कपल समझ लिया और घंटों तक बेरहमी से पीटा गया। घटना कर्नाटक के बेलगावी की है। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में बचाया। कुल 17 लोगों पर मारपीट के आरोप लगे हैं। खबर है कि पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई की और करीब 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, जांच जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, कजिन भाई-बहन कर्नाटक सरकार की युवा निधि में आवेदन देने के लिए बेलगावी आए थे। सर्वर में परेशानी के चलते देर हो रही थी, जिसके बाद दोनों पास की झील के पास चले गए थे। युवती की उम्र 24 और युवक की आयु 21 साल बताई जा रही है। दोनों यमनापुर गांव के रहने वाले हैं। फोर्ट लेक के पास कुछ लोगों ने उन्हें कपल समझ कर घसीटकर शेड में ले गए। यहां दोनों के साथ करीब 3 घंटों तक मारपीट होती रही। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने 17 में से 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि युवती के माता-पिता अलग धर्मों के हैं। युवती और युवक की मां बहनें हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों ने भीड़ को समझाने की काफी कोशिश की, लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी और मारपीट करते रहे।

## हिट एंड रन के मामले : देश में हर घंटे करीब 6 लोगों की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून को लेकर देशभर में बहस छिड़ी हुई है। बस, ट्रक और डंपर चालकों ने कुछ दिन पहले ही इसके विरोध में देशव्यापी हड़ताल कर चुके है। लेकिन इस बीच राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने सभी को चौंका दिया है। एनसीआरबी आंकड़ों के मुताबिक हिट एंड रन के मामलों में हर घंटे करीब 6 लोगों की मौत होती है। इतना ही नहीं हिट एंड रन के ही कारण हर रोज करीब 140 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। रिपोर्ट का सबसे खराब पहलू यहा है कि हिट एंड रन के करीब 50 फीसदी मामलों में पुलिस आरोपियों की गाड़ियों को ट्रेस ही नहीं कर सकती हैं। यानी घटना के लिए जिम्मेदार गाड़ी चालक मौके से किसी भी तरह भागने में कामयाब हो जाते हैं। गाड़ी ट्रेस ना होने पाने पर आरोपी फरार घोषित हो जाते हैं। जब गाड़ियां ट्रेस नहीं हो प पाती हैं, तब पीड़ित के परिवार को न्याय के साथ-साथ मुआवजा भी नहीं मिल पाता है।

**पहले और अब के कानून में क्या बदलाव**

अब तक हादसा होने पर ड्राइवरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 यानी लापरवाही से वाहन चलाने, 304ए यानी लापरवाही से मौत और 338 यानी जान जोखिम में डालने के तहत केस दर्ज किया जाता रहा है, लेकिन नए कानून में मौके से फरार होने वाले ड्राइवर के खिलाफ 104(2) के तहत केस दर्ज होगा। पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित ना करने पर उसे 10 साल की कैद के साथ जुर्माना भी देना होगा।

## मुस्लिम विक्रेता संघ की बड़ी पहल, 22 जनवरी को लखनऊ में बंद रहेंगी मांस की दुकानें

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख मुस्लिम संगठन ऑल इंडिया जमीयतुल कुरेश ने घोषणा की है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह के दौरान लखनऊ में सभी मांस की दुकानें बंद रखेंगे। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरेश के राष्ट्रीय सचिव शहाबुद्दीन कुरेशी और उपाध्यक्ष अशफाक कुरेशी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समुदाय ने लखनऊ के बिलोचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज और लाटूश रोड इलाकों में सभी मांस की दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। शहाबुद्दीन कुरेशी ने राज्य के डिप्टी सीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि हम सब अवधवासी हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर सद्भावना को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी 2024 को बिलोचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज और लाटूश रोड क्षेत्र के सभी मीट व्यापारी अपना कारोबार बंद रखेंगे। वहीं, महाराष्ट्र में भाजपा विधायक राम कदम ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के दिन राज्य में शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है। पत्र में कदम ने राज्य नेतृत्व से 22 जनवरी को शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए केंद्र से अनुरोध करने का भी आग्रह किया।

## पांच लोकसभा सदस्यों को साल 2023 संसद रत्न पुरस्कार

नई दिल्ली। भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को साल 2023 संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन सांसदों को 17 फरवरी को दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। संसद रत्न 17 फरवरी को किया जाएगा पुरस्कृत पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं। चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी धर्मार्थ न्यास 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के कहने पर इस सम्मान की शुरुआत की थी, जिन्होंने 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था। ये पुरस्कार व्यापक प्रदर्शन पर आधारित हैं, जिसके लिए नामांकित व्यक्तियों का चयन एक प्रतिष्ठित निर्णायक समिति ने किया।

## जेल से आकर आप नेता संजय सिंह ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन



नई दिल्ली । शराब घोटाला मामले में जेल में बंद आप नेता संजय सिंह ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन कर दिया है। उन्हें दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से पहले ही व्यक्तिगत रूप से नामांकन दाखिल करने की छूट मिल गई थी। सोमवार को सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में ले जाया गया, ताकि वह अपना नामांकन पत्र जमा कर सकें। नामांकन और दस्तावेजों की जांच की उपरोक्त प्रक्रिया पूरी होने तक संजय सिंह यहीं मौजूद रहे। बात दें कि संजय सिंह को किसी भी मोबाइल फोन का उपयोग करने और मामले या सीबीआई मामले के किसी अन्य आरोपी, संदिग्ध या गवाह से बात करने की अनुमति नहीं दी गई थी। संजय सिंह को प्रेसवार्ता को संबोधित करने या कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

# केरल से दुबई की यात्रा करे क्रूज से... खूबसूरत नजारे और कई छोटे-छोटे द्वीपों को निहारे



**कोच्चि (एजेंसी)।** सोचिए कितना मजा आएगा जब केरल से दुबई आप क्रूज से खूबसूरत नजारे और कई छोटे-छोटे द्वीपों को देखते हुए जाएंगे। जी हां यह सच है, अब लोग क्रूज जहाज पर केरल से दुबई की यात्रा कर सकते हैं। हवाई यात्रा के दौरान काफी पैसों को भी खर्च करना पड़ता था और डायरेक्ट फ्लाइट भी नहीं होती थी लेकिन अब खूबसूरत नजारों के साथ दुबई तक का सफर कर सकते है।

रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार ने बेपोर-कोच्चि-दुबई क्रूज सेवा को मंजूरी दे दी है, जो मलयाली लोगों के लिए लक्जरी समुद्री यात्रा की दुनिया में एक नए युग का संकेत है। केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने खुलासा किया कि अनिवासी भारतीय यात्रियों की लगातार मांगों के बाद क्रूज जहाज सेवा शुरू करने के शुरुआती कदम चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घोषणा एर्नाकुलम के सांसद हिबी ईडन द्वारा पूछे गए एक हालिया प्रश्न के जवाब में आई है।

कोझिकोड के बेयपुर से कोच्चि होते हुए दुबई तक 4000 किलोमीटर का सफर है। यात्रियों को केवल एक-तिहाई कीमत पर तीन गुना यानी 200 किलोग्राम तक सामान ले जाने की अनुमति होगी। एक तरफ के टिकट के लिए लगभग 10,000 रुपये (डीएच442) -15,000 (डीएच 663) है। यह सेवा कार्गो कंपनियों के सहयोग से शुरू होगी और जहाज में 1,250 लोग बैठ सकते हैं।

संभावित क्रूज सेवा अनिवासी केरलवासियों को राहत देने के लिए तैयार है, जो अक्सर केरल और दुबई के बीच अपनी यात्रा के दौरान बढ़ते हवाई किराए का सामना करते हैं। यदि क्रूज परिचालन शुरू करता है, तब यह एक लागत प्रभावी विकल्प प्रदान करता है, जिसके लिए हवाई टिकट के खर्च का केवल एक तिहाई की आवश्यकता होती है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, यात्री हवाई जहाज में अनुमति से तीन गुना अधिक सामान ले जाने की सुविधा का आनंद ले सकते हैं।

क्रूज सेवा को हरी झंडी देने का निर्णय शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, नोआरकेए-रूट्स और केरल मैरीटाइम बोर्ड सहित प्रमुख मंचों पर चर्चा के बाद होगा। इस सेवा में 1,250 यात्रियों को समायोजित करने की उम्मीद है और यह कोच्चि-दुबई मार्ग के लिए विशेष रूप से नामित एक पूरी तरह सुसज्जित जहाज का उपयोग करेगा। विशेष रूप से, मूल रूप से किसी अन्य राज्य के लिए कोच्चि में निर्मित जहाज को इस महत्वपूर्ण केरल खाड़ी सेवा के लिए पुनर्निर्मित किया गया है।

कई प्रवासियों को चरम यात्रा सीजन के दौरान अत्यधिक हवाई किराए का खामियाजा भुगतना पड़ा है। क्रूज़ सेवा का लक्ष्य एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करना है, जो अधिक किफायती परिवहन विकल्प प्रदान करता है और यात्रियों को कम से कम 10,000 में एकतरफा टिकट खरीदने में सक्षम बनाता है।

## वरुण गांधी का मोदी सरकार पर हमला... पांच साल बाद अग्निवीर हो जाएंगे बेरोजगार



नई दिल्ली । यूपी की पीलीभीत सीट से बीजेपी सांसद वरुण गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वरुण ने फिर से अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद अग्निवीर युवा गांवों में बेरोजगार घूमते हुए दिखाई देने वाले हैं। क्या ये देश और वर्दी का अपमान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का मनोबल गिरेगा। सांसद ने कहा, अग्निवीर के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को निर्धारित समय के बाद नौकरी से बाहर किया जाएगा। गांव में उन्हें रोजगार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, जो लाखों लोग हटाए जाएंगे, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा, देश नारों से नहीं, बल्कि नीतियों से चलता है। सांसद ने कहा, पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए। इसमें से अधिकांश उद्योगपतियों के हैं। गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ। वरुण गांधी ने कहा कि हम संविदा के खिलाफ नहीं लेकिन महंगाई के आधार पर इनका भी मानदेय बढ़ाया जाए। बीमा का लाभ मिले, स्थायीकरण हो ताकि उन्हें भी अपनी अहमियत का एहसास हो। पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए, इनमें से ज्यादात्तर कर्जा उद्योगपतियों का माफ किया गया किसी गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ।

# मोदी सरकार के प्रयासों से घाटी में हिन्दुओं के आए अच्छे दिन...जय श्रीराम के नारे गूंज रहे



**श्रीनगर (एजेंसी)।** मोदी सरकार के प्रयासों और विकास कार्यों की बदौलत कश्मीर बदला-बदला नजर आ ही रहा है साथ ही जिस तरह कश्मीर में हिंदुओं के त्यौहारों को धूमधाम से मनाया जा रहा है, मंदिरों का जीर्णोद्धार हो रहा है और वहां से शंख ध्वनियां सुनाई दे रही हैं, वह भी अभूतपूर्व है। पिछले साल रक्षा बंधन पर श्रीनगर के बाजारों में तरह-तरह की राखियों की भरमार थी, जन्माष्टमी पर धूमधाम से रथ यात्रा निकली, कश्मीरियों ने दीपावली और दशहरा भी धूमधाम से मनाया और अब अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर भी कश्मीर के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अयोध्या से लाए 'कलश को कश्मीर में मार्तंड सूर्य मंदिर परिसर के राम मंदिर में स्थापित किया गया तब पूरी घाटी जय श्रीराम के उद्घोष से गूँज उठी। यही नहीं श्रीनगर के आनंदेश्वर भैरवनाथ मंदिर में 32 साल बाद हवन किया गया, तब श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा।

बता दें कि अनंतनाग जिले में मार्तंड सूर्य मंदिर के परिसर में स्थित राम मंदिर में रविवार को अयोध्या से लाए गए एक 'कलश' को स्थापित किया गया। चुनिंदा राम मंदिरों में भेजे गए कलशों में से एक इस 'कलश को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के भक्तों की उपस्थिति में स्थानीय लोगों द्वारा स्थापित किया गया। कलश स्थापना के समय विशेष पूजा की गई और भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए। बता दें कि आठवीं शताब्दी का मार्तंड मंदिर भारत के सबसे पुराने सूर्य मंदिरों में से एक है। राम मंदिर में कलश स्थापित करने के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिक्रिया देकर कहा कि हम इस सम्मान के लिए देश के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही प्रार्थना करते हैं कि कश्मीर में शांति और सद्भाव कायम रहे।

बता दें कि कश्मीर में आतंकवाद फैलने के बाद कई मंदिरों को तहस-नहस किया गया था और कई को बंद कर दिया गया था। आनंदेश्वर भैरवनाथ मंदिर में भी पूजा पाठ बंद करा दिया गया था लेकिन अब बदले हालात में यहां 32 साल बाद पहला हवन हुआ है। श्रीनगर शहर के मैसुमा मोहल्ले में स्थित आनंदेश्वर भैरवनाथ मंदिर में भगवान भैरवनाथ की जयंती के अवसर पर यहां हवन और पूजा-अर्चना की गयी। हवन व पूजा के बाद श्रद्धालुओं व वहां तैनात सीआरपीएफ जवानों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ने कहा, मंदिर में करीब 32 साल बाद हवन और पूजा का आयोजन किया गया क्योंकि मौजूदा हालात के कारण मंदिर कई सालों से बंद था। उन्होंने कहा कि पुलिस, नागरिक प्रशासन और स्थानीय निवासियों ने हवन के लिए पूरा समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर 150 से अधिक लोगों को मंदिर में आमंत्रित किया गया था।

## पीएम मोदी और भाजपा सरकार ने बलात्कारियों का समर्थन किया: ओवैसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट के बिलकिस बानो फैसले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला कर कहा कि भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उनके वादे खोखले थे। बानो के बलात्कारियों को समय से पहले रिहा करने के लिए गुजरात सरकार को अदालत के कड़े शब्दों में जवाब का जिक्र करते हुए, ओवैसी ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने राज्य में बलात्कारियों की मदद की।

ओवैसी ने कहा कि मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि बीजेपी पीड़ित के साथ खड़े होने के बजाय हमेशा इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों के साथ खड़ी रही है। ये बिलकिस बानो ही हैं, जिन्होंने इतनी बहादुरी से लड़ाई लड़ी और अपनी जान की बाजी भी लगा दी। वहीं गुजरात सरकार जो उनकी रक्षा नहीं कर सकी, उन्होंने उन दोषियों को रिहा करने का आदेश दिया जिन्होंने उनके साथ बलात्कार कर उनके बच्चे की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि सभी बलात्कारियों को, चाहे वे किसी भी राजनीतिक विचारधारा के हों, एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए कि उन्हें कोई छूट नहीं दी जाएगी।

ओवैसी ने कहा कि सिर्फ इसकारण कि आप एक राजनीतिक विचारधारा की पुष्टि करते हैं, आपको मुक्त नहीं किया जाएगा। जब नरेंद्र मोदी नारी शक्ति की बात करते हैं, तब यह खोखला दावा है। वे बानो के बलात्कारियों के साथ खड़े हैं। गुजरात और केंद्र में भाजपा सरकारों, दोनों ने इन लोगों को रिहा करने में मदद की-उन्हें बोलना चाहिए और बिलकिस बानो से माफी मांगनी चाहिए। ओवैसी ने बताया कि भाजपा के दो विधायकों ने 2022 में दोषियों की रिहाई का समर्थन किया था।

## सीट बंटवारे को लेकर आप और कांग्रेस की बैठक खत्म...आगे भी होगी बैठकें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए सोमवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच बैठक हुई। बैठक के दौरान दोनों दलों के कई नेता मौजूद थे। आप और कांग्रेस केंद्र में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए गठित विपक्ष के इंडिया ब्लॉक में भागीदार हैं। पिछले महीने दिल्ली में गठबंधन नेताओं की आखिरी बैठक के बाद विभिन्न दलों के बीच विभिन्न राज्यों के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू हो गई है।

कांग्रेस-आप की बैठक में कांग्रेस की ओर से मुकुल वासनिक, अशोक गहलोत, मोहन प्रकाश, अरविंदर सिंह लवली मौजूद रहे जबकि आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व आतिशी, सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक ने किया। यह बैठक लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली और पंजाब में दोनों पार्टियों के सीटों के बंटवारे पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी। दिल्ली में 7 लोकसभा सीटें हैं जबकि पंजाब में 13 सीटें हैं।

बैठक के बाद कांग्रेस नेता गहलोत ने कहा कि जब इतना बड़ा गठबंधन बनता है, तब हर पार्टी को त्याग करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन सफल होता है तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगली बार सत्ता में नहीं लौटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी किसी की बातों में नहीं आना चाहिए। जब इतना बड़ा गठबंधन बनता है, तब सभी को समझौता करना पड़ता है, त्याग करना पड़ता है। कांग्रेस ने पहल की है और पूरे देश में अच्छा संदेश गया है और प्रक्रिया आगे बढ़ रही है...अगर गठबंधन सफल होता है, तब इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि पीएम मोदी अगली बार सरकार नहीं बना पाएंगे।

बैठक के बाद, कांग्रेस नेता वासनिक ने चर्चा को बहुत सार्थक बताकर कहा कि भविष्य में भी आप के साथ चर्चा होगी क्योंकि वह विपक्षी गठबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मुलाकात बहुत सार्थक रही। सीटों के तालमेल को लेकर दोनों पार्टियों ने अपनी बात रखी। जल्द ही आम आदमी पार्टी के साथ सीटों का तालमेल हो जाएगा। आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन की एक महत्वपूर्ण और मजबूत पार्टी है। आगे आप से और भी चर्चा होगी।

# 'उनकी उम्र हो गई है, लेकिन अभी भी वह बच्चे हैं', राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर किरण रिजिजू का तंज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेगी। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में समाप्त होगी। यह 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जिसमें 100 लोकसभा क्षेत्र और 337 विधानसभा क्षेत्र और 110 जिले शामिल होंगे। मार्च 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगा। इस यात्रा को कांग्रेस द्वारा पिछले साल कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसको लेकर राजनीति भी खुब हो रही है।

भाजपा इस यात्रा को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साध रही है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि लोग उनकी न्याय यात्रा के बारे में क्यों बात कर रहे हैं। इसका हमारे लिए कोई मतलब नहीं है। हम जो कार्यक्रम कर रहे हैं, विकसित भारत संकल्प यात्रा, वह लोगों के लिए है। अगर वह अपने आनंद के लिए यात्रा करेंगे, तो कैसे करेंगे इससे लोगों को फायदा होता है?... उनकी यात्रा उनके मनोरंजन के लिए है, इससे किसी को फायदा नहीं होने वाला है। वह विवादास्पद बयान देते रहते हैं।

भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी कोई लाभकारी काम नहीं किया है। वह परिपक्व नहीं हैं। वह अभी भी बच्चे हैं। उनकी उम्र हो गई है लेकिन उनके विचार अब भी बच्चों जैसे हैं... हम उन्हें गंभीरता से नहीं लेते हैं। कांग्रेस और वामपंथी उन्हें बढ़ावा देते हैं, लेकिन यह देश के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाएं देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा था कि पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसलिए निकाल रही है क्योंकि सरकार ने उसे संसद में लोगों के मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया और इस पहल का उद्देश्य संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को फिर से स्थापित करना है।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में खरगे व सोनिया को निमंत्रण देने पर रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक नाखुश

अयोध्या । श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि जो राम को नहीं मानते हैं और जो सनातन विरोधी हैं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सोनिया गांधी को निमंत्रण दिए जाने पर मुख्य अर्चक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये वहीं लोग हैं जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे सनातन विरोधियों को आमंत्रण देने की जरूरत नहीं है, ऐसे लोगों को आने की जरूरत नहीं है।

# चुनाव से पहले पीएम मोदी करेंगे रैलियां, रोडशो के साथ देंगे जनता को सौगातें

### -भाजपा ने शुरु की हर राज्य में तैयारी, 5 फरवरी से पहले होंगे दौरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले पीएम मोदी हर राज्य में दौरा करने वाले हैं। पीएम वहां पर रैलियां करके रोड शो के साथ जनता को अनेक सौगातें भी देने वाले हैं। इस तरह से भाजपा देश की हर विधानसभा सीट तक पहुंचने की तैयारी में है। इस रणनीति के तहत खुद पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचने वाले हैं। बता दें कि फिलहाल तो विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक की हर सीट पर कोई न कोई केंद्रीय मंत्री पहुंच रहा है। इस बीच ज्यादातर बड़े राज्यों का पीएम नरेंद्र मोदी 5 फरवरी से पहले कम से कम एक बार दौरा कर सकते हैं। तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप जैसे राज्यों में पहुंचकर पीएम नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत से इसकी शुरुआत भी कर दी है। यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार जैसे कुछ बड़े राज्यों में तो पीएम के कम से कम दो दौरे हो सकते हैं। इसके अलावा छोटे राज्यों में भी एक-एक दौरा करने का प्लान है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को ही पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान का भी दौरा किया था। वह 30 दिसंबर को यूपी के अयोध्या में रोड शो करके आ ही हैं और फिर 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचेंगे।

इस बीच यूपी में एकाध आयोजन और भी हो सकता है। पीएम मोदी ज्यादातर राज्यों में जनसभा के अलावा रोड शो भी कर सकते हैं। अकसर वह लंबे रोड शो करते रहे हैं और भाजपा के लिए यह रणनीति काफी कारगर रही है। ऐसे में एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी वह तरीका अपना सकते हैं। विधानसभा के चुनावों में भी पीएम नरेंद्र मोदी की अकसर यही प्रचार शैली रही है। वह चुनाव के ऐलान से पहले ही कई दौरे करते हैं और अहम परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन भी करते हैं। इससे चुनावी माहौल में जनता पर छाप छोड़ने में मदद मिलती है। पीएम इसी क्रम में दो दिनों के लिए 10 जनवरी से गुजरात दौरे पर होंगे। इस दौरान वह बाइब्रेंट गुजरात समिट में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 12 जनवरी को उनका महाराष्ट्र जाने का प्लान है।

उधर नासिक में भी उनके रोड शो की तैयारियां हैं।वहां से अगले दिन यानी 13 जनवरी को वह झारखंड के धनबाद और बिहार के बेतिया में रहेंगे। इस बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और होम मिनिस्टर अमित शाह भी लगातार दौरे कर रहे हैं। हाल ही में दोनों नेता एक साथ बंगाल गए थे और वहां लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया था। अमित शाह भी जनवरी महीने में 6 राज्यों का दौरा करने वाले हैं। इनमें से एक जम्मू-कश्मीर भी प्रमुख होगा।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Tuesday, 09 January 2024

## पाकिस्तान में पोलियो टीम पर आंतकी हमला, 6 जवानों की मौत

इस्लामाबाद ।आतंकवाद को पनाह देने वाला पाकिस्तान आज खुद भी आतंकी हमलों से परेशान है।आए दिन पुलिस, सेना और आम नागरिकों पर आतंकवादी हमला कर रहे हैं।उत्तरपश्चिम पाकिस्तान में एक पुलिस वाहन पर हमला हो गया जिसमें करीब 6 जवान मारे गए।इस वाहन में पुलिस एंटी पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए जा रही थी। हमले में कम से कम एक दर्जन लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी ले ली है।रिपोर्ट्स के मुतबिक कुछ घायल अधिकारियों की हालत गंभीर है।उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।बता दें कि पाकिस्तान में अक्सर एंटी पोलिय अभियान पर हमले होते ही रहते हैं। इस्लामिक आतंकवादी अक्सर पोलियो टीम को निशाना बनाते हैं। उनका कहना है कि यह वैक्सीन लोगों को नपुंसक बना देती है।उनका कहना है कि इस्लाम के दुश्मन इस वैक्सीन का इस्तेमाल करवा रहे हैं, ताकि उनकी आबादी कम हो जाए।पाकिस्तानी तालिबान ने हमले कि जिम्मेदारी ले ली है।बता दें कि इस साल पहली बार पाकिस्तानी प्रशासन ने पोलियो अभियान शुरू किया था। हमला करने वाले पाकिस्तानी तालिबान को तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के तौर पर भी जाना जाता है।यह अफगानी तालिबान का निकट सहयोगी माना जाता है।टीटीपी के बहुत सारे लड़ाकों को अफगानिस्तान में शरण मिलती है।कुछ दिनों से पाकिस्तान में हमले बढ़े हैं।हालांकि अफगानिस्तानी तालिबान का दावा है कि वह अपनी धरती का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ नहीं होने देता है।

## जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 128 पहुंची, 195 लापता

टोक्यो।जापानी अधिकारियों ने कहा है कि मध्य प्रान्त इशिकावा में मरने वालों की संख्या 128 तक पहुंच गई है।गौरतलब है कि 6 दिन पहले 7.6 तीव्रता के भूकंपों ने प्रीफेक्चर और इसके आसपास के क्षेत्र को प्रभावित किया था।भूकंप के कारण इशिकावा में 560 लोगों को चोटें आईं हैं।प्रीफेक्चर में 195 निवासियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।स्थानीय अधिकारियों के अनुसार भूकंप प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान जारी है।एक समाचार एजेंसी के अनुसार रात करीब 8ः20 बजे इशिकावा प्रान्त के सुजु शहर में एक ढहे हुए घर से मलबे में फंसी 90 साल की एक महिला को बाहर निकाला गया।एक डॉक्टर ने रविवार को कहा कि सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के 124 घंटे बाद बचाई गई बुजुर्ग महिला अब ठीक हो गई है।आपातकालीन बचाव दल के अनुसार भूकंप के बाद 72 घंटों से अधिक समय तक लोगों को बचाया जाना दुर्लभ है क्योंकि पहले 3 दिनों के बाद किसी आपदा में जीवित रहने की संभावना काफी कम हो जाती है।प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने रविवार को कहा कि सरकार प्रभावित लोगों को तरजीही उपचार देने के लिए भूकंप को एक निर्दिष्ट आपातकालीन आपदा के रूप में नामित करेगी।जैसे कि ड्राइवर के लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ाना और दिवालियापन की कार्यवाही को स्थगित करना।जापान की मौसम एजेंसी ने यातायात बाधित होने की चेतावनी दी है क्योंकि आपदा प्रभावित इलाकों में भारी बर्फबारी की आशंका है।इशिकावा में सोमवार सुबह तक 60 सेमी तक बर्फबारी होने की संभावना है।प्रीफेक्चुरल सरकार भारी बर्फ जमा होने की स्थिति में प्रमुख सड़कों को अस्थायी रूप से बंद करने की योजना बना रही है।

## कोहरे के कारण 35 वाहनों की आपसी भिड़ंत में दो मरे, नौ घायल

लॉस एंजिल्स ।अमेरिका के कैलिफोर्निया में घने कोहरे के कारण 35 वाहनों की आपसी टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई।इस भिडंत में 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस दुर्घटना के कारण केर्न काउंटी में दक्षिण की ओर जाने वाले अंतरराज्यीय मार्ग को रविवार सुबह तक 24 घंटे से अधिक समय के लिए बंद करना पड़ा है।स्थानीय मी ?डिया के अनुसार लॉस एंजिल्स के उत्तर में लगभग 170 किलोमीटर दूर, बेकर्सफील्ड के पास दक्षिण की ओर स्थानीय समयानुसार सुबह 7ः30 बजे हुई टक्कर के बाद यहां पर आपातकालीन दल को बुलाया गया। हालां ?कि बाद में घोषणा की गई कि 'अराजक' स्थिति में दो लोगों की मौत हो गई है।बताया जा रहा है ?कि इस दुर्घटना में 35 वाहन शामिल थे, जिनमें 17 यात्री वाहन और 18 बड़े रिग शामिल थे।कैलिफोर्निया परिवहन विभाग (कैल्ट्रांस) ने कहा कि यह दुर्घटना कोहरे की स्थिति के दौरान हुई जिसमें दृश्यता लगभग तीन मीटर तक कम थी।कैल्ट्रान्स के अनुसार जांच और सफाई के कारण क्षेत्र में दक्षिण की ओर जाने वाली एल–5 लेन रविवार सुबह लगभग 11 बजे तक बंद रही।दुर्घटना में शामिल ड्राइवर येसेनिया क्रूज ने बताया कि जीपीएस पर दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद वह रुक गई।दो मिनट बाद, उसके पीछे वाली कार उससे टकरा गई और तभी सब कुछ तेजी से होता गया।

## नई दिल्ली के एक्शन पर मालदीव ने भारतीय दूत को किया तलब

माले ।नई दिल्ली के रूख के बाद अब राजनयिक विवाद बढ़ने पर मालदीव ने भारतीय दूत को तलब किया है।मालदीव की तरफ से यह ताजा प्रतिक्रिया सामने आई है।मिली जानकारी के अनुसार कुछ ही घंटों बाद मालदीव ने भारतीय दूत को बुलाया है।बता दें कि भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर आपत्ति जताई थी।मालदीव सरकार ने मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर अपने तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया।तीनों उप मंत्रियों ने लक्षद्वीप की यात्रा के बाद एक्स पर प्रधानमंत्री के पोस्ट के लिए उनकी आलोचना की थी और कहा था कि यह केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का एक प्रयास है। मालदीव की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, युवा मंत्रालय में उप मंत्रियों – मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम माजिद को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है।गौरतलब है कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और माले की पिछली सरकार में दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति देखी गई है। बता दें कि नये राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का करीबी माना जाता है। मुइज्जू ने लगभग एक महीने पहले पदभार संभालने के बाद मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी का आह्वान किया था।इसके बाद से अनेक प्र ?तिक्रियाएं आनी शुरु हो गई थीं।

## मजदूर के फावड़े ने कोयले की खदान से निकाला करोड़ों साल पुराना हाथी–दांत

वाशिंगटन ।कोयले की खदान में खुदाई के दौरान करोड़ों साल पुराना हाथी–दांत मिला है।यह खजाना मजदूरों को फावड़ा चलाने के दौरान हाथ लगा है।मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका के नॉर्थ डकोटा शहर में खुदाई के दौरान मजदूरों के काफी पुराना मैमथ (हाथी के पूर्वज) का दांत मिला है।बताया जा रहा कि यह खदान के अंदर विलुप्त हो चुकी नदी के तल में दबा हुआ था।यह 2 मीटर लंबा विशाल दांत बताया जा रहा है जो अनुमानत: 10 हजार से 1 लाख साल पुराना है। खदान से आमतौर पर सालाना लाखों तन लिग्नाइट कोयले का उत्पादन होता है। कोयले के खदान में भारी उपकरणों के इस्तेमाल बाद भी लाखों साल पुराने विशाल दांत की अच्छी तरह से संरक्षित स्थिति से विशेषज्ञ काफी आश्चर्यचकित थे।बताया जा रहा है कि आगे की खुदाई में भी 20 से अधिक हड्डियाँ मिलीं हैं, जो बताती है कि संभवत: नॉर्थ डकोटा में मैमथ ज्यादा मात्रा में पाए जाते थे।जानकार बता रहे हैं कि आज के हाथियों से काफी बड़े मैमथ कभी पृथ्वी पर घूमते थे।यह विशाल खोज उनके इतिहास के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करती है, जिसमें संभावना जताई हैं कि सभी हड्डियाँ एक ही जानवर की हैं।मैमथ के पूरे कंकाल की तुलना में कम हड्डियों के बावजूद यह खोज काफी महत्वपूर्ण है।यह विशाल दांत 22.6 किलोग्राम से अधिक वजनी है लेकिन यह काफी नाजुक होता है।इनके क्षति को रोकने के लिए जीवाश्म विज्ञानियों ने नियंत्रित निर्जलीकरण के लिए इसे प्लास्टिक में पैक कर दिया।हड्डियां महीनों तक इसमें रखी रहेंगी जिन्हें खदान कंपनी शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन के लिए दान करने वाली है।

## भूकंप से बेघर हुए हजारों लोगों में निराशा और अनिश्चितता का डर

टोक्यों । जापान के पश्चिमी तट पर आए भूकंप से हजारों लोग बेघर होने के बाद निराशा और अनिश्चितता के माहौल में जी रहे हैं।अभी भी लापता लोगों की तलाश जारी है।बता दें कि एक सप्ताह पहले आए भूकंप के कारण रातोंरात बेघर हुए हजारों लोग थकान और अनिश्चितता के जद हैं।यहां आए भूकंप के कारण अब तक कम से कम 161 लोगों की मौत हो गयी है और कई लोग लापता हैं।



वार्सेटर में विंटर स्टोर्म के दौरान बर्फबारी के बीच से निकलती हुई गाड़ियां।

## शेख हसीना लगातार चौथी बार बांग्लादेश की पीएम बनेंगी

### –अवामी लीग ने 300 में से 204 सीटें जीतीं; भारत, चीन और रूस ने दी बधाई


ढाका ।बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने जा रही हैं।रविवार 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं।इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी।वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता। गोपालगंज–3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया।हसीना को 2 लाख 49 हजार 965 तो निजामुद्दीन को महज 469 वोट मिले। हसीना पहली बार 1986 में चुनाव जीती थीं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार चुनाव में 40 प्रतिशत वोट पड़े।यह आंकड़ा बदल सकता है।2018 के चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान हुआ था।देश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आवामी लीग की जीत के बाद ढाका में भारत के राजदूत प्रणय वर्मा ने शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने बुके देकर शेख हसीना को भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जीत की बधाई दी।प्रणय वर्मा ने उम्मीद जताई है कि शेख हसीना की नई पारी में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, भारत के अलावा चीन और रूस ने भी शेख हसीना को बधाईयां भेजी हैं।



# लोकतंत्र बचाओ अपील के साथ बाइडेन का चुनाव अभियान शुरु

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कैपिटल हिल पर हुए दंगे की तीसरी वर्षगांठ को बदनामी दिवस का प्रतीक बताते हुए अपना चुनाव अभियान शुरू किया।इस दौरान अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला करते हुए लोकतंत्र बचाओ अपील की अपील की। राष्ट्रपति बाइडेन ने पेंसिल्वेनिया में वैली फोर्ज में अमेरिकियों से पूर्व राष्ट्रपति से अमेरिकी लोकतंत्र की रक्षा करने में शामिल होने का आह्वान किया जिन्होंने तुलनात्मक रूप से विद्रोहियों को माफ करने का वादा किया है।

उन्होंने वैली फोर्ज, पेंसिल्वेनिया के पास शुक्रवार के भाषण में कहा, जिस लोकतंत्र के लिए उन अमरीकी स्वतंत्रता सेनानियों ने लड़ाई लड़ी, वह खतरे में है। क्या लोकतंत्र अभी भी



अमेरिका का पवित्र उद्देश्य है या नहीं, यह हमारे समय का सबसे जरूरी सवाल है। यहां कॉन्टिनेंटल सेना ने ब्रिटिशों के खिलाफ विद्रोह के दौरान जनरल जॉर्ज वाशिंगटन के शासनकाल साल1777-78 की सर्दी बिताई थी। साल 1776 में 4 जुलाई को अमेरिका को औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों से मुक्त कराया गया था।बाइडेन ने ट्रंप के अधिक अपमानजनक दावों और टिप्पणियों की एक सूची सूचीबद्ध की, जिसमें एडॉल्फ हिटलर की भाषा और तानाशाहों के अलोकतांत्रिक कार्यों की तुलना की गई।

सूत्रों के मुताबिक, पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पॉल पर हुए हिंसक हमले पर ट्रंप के हंसने की अत्यधिक आलोचना करते हुए बाइडेन ने ट्रंप के बारे में कहा, क्या वह मानसिक ट्रंप कौन हैं। हमें जिस सवाल का जवाब देना है, वह यह है कि हम कौन हैं ट्रंप ने शुक्रवार को आइयोवा में समर्थकों की भीड़ के बीच बाइडेन के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भय फैलाने वाला कहा और हकलाने वाले बाइडेन के आजीवन संघर्ष का मजाक उड़ाया। ट्रंप ने तर्क दिया कि बाइडेन के राष्ट्रपति पद को कमजोरी, अक्षमता, भ्रष्टाचार और विफलता द्वारा चिह्नित किया गया है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि कुटिल व्यक्ति आज पेनसिल्वेनिया में अपना दयनीय भय फैलाने वाला अभियान कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# अमरीकी राष्ट्रपति से गोपनीयता, सामान्य व्यवहार के विपरीत : रक्षा अधिकारी

### –आईसीयू में भर्ती अमरीकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने छुपाया तथ्य



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमरीकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती सूचना से अनभिज्ञ राष्ट्रपति जो बाइडन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी अनुसार पेंटागन प्रमुख ऑस्टिन संबंधी तथ्य को राष्ट्रपति जो बाइडन से भी कई दिनों तक छिपा कर रखा गया।

ऑस्टिन के वाल्टर रीड आर्मी मेडिकल सेंटर में भर्ती होने का खुलासा करने में पेंटागन की नाकामी, उनकी बीमारी को लेकर पारदर्शिता की कमी को दर्शाती है। देश के राष्ट्रीय सुरक्षा संकट से जूझने के वक्त इस तरह की गोपनीयता राष्ट्रपति तथा अमेरिका के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कैबिनेट सदस्यों के साथ सामान्य व्यवहार के विपरीत है।

एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने कहा कि उप रक्षा मंत्री कैथलीन हिक्स को बृहस्पतिवार तक यह जानकारी नहीं दी गयी थी कि ऑस्टिन एक जनवरी से अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद हिक्स ने कांग्रेस को बयान भेजने और वाशिंगटन लौटने की योजना बनानी शुरू कर दी।

हिक्स छुट्टी लेकर प्यूर्तो रिको गयी थीं। अधिकारियों ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि बाइडन को भी ऑस्टिन के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी नहीं दी गयी थी। उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान ने बृहस्पतिवार को उन्हें इसकी जानकारी दी।

शनिवार शाम को जारी किए एक बयान में ऑस्टिन ने सूचना देने में देरी की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, ''मैं मानता हूं कि उचित तरीके से तथ्य को सूचित करने का काम कर सकता था। लेकिन यह बताना जरूरी है कि यह मेरी चिकित्सीय प्रक्रिया थी और मैं इसका खुलासा न करने को लेकर अपने फैसलों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।

ऑस्टिन (70) के प्रेस सचिव ने बताया कि वह एक मामूली सर्जरी के बाद स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को कतर में एक संवाददाता सम्मेलन में ऑस्टिन का समर्थन किया।

## मालदीव की मंत्री के बयान को मुइज्जू सरकार ने बताया व्यक्तिगत राय

माले।मालदीव की मंत्री मरियम शिउना द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मुइज्जू सरकार ने पल्ला झाड़ लिया है।उसने इसे मंत्री की व्यक्तिगत राय बताया है।बता दें कि पीएम की लक्षद्वीप यात्रा के बाद हिंद महासागर के द्वीप राष्ट्र मालदीव के मंत्री को इस बात का डर सताने लगा कि अब उनके देश से पर्यटन भारत में चला जाएगा।मालदीव में युवा अधिकारिता उप मंत्री मरियम शिउना ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जोकर और कठपुतली तक कह दिया।मंत्री द्वारा किए गए इस पोस्ट के बाद मालदीव में ही विरोध शुरू हो गया, जिसके बाद उन्हें अपना पोस्ट डिलीट करना पड़ गया।लगातार हो रहे विरोध के बाद मालदीव सरकार भी हरकत में आई और इस बयान के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का दावा किया।हालांकि मालदीव सरकार ने मंत्री द्वारा पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया और खुद को मंत्री की मंशा से अलग बताया है।बता दें कि मालदीव सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह मंत्री की व्यक्तिगत राय है, इस बयान का मालदीव सरकार प्रतिनिधित्व नहीं करती है।मालदीव सरकार के बयान में कहा गया है कि सरकार का मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग लोकतांत्रिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए।अभिव्यक्ति ऐसे तरीकों से की जानी चाहिए जो नफरत, नकारात्मकता न फैलाएं और मालदीव और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच घनिष्ठ संबंधों में बाधा न डालें।मालदीव सरकार ने बयान में कहा कि सरकार के संबंधित अधिकारी ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।मालदीव के मंत्री के पीएम मोदी विरोधी बयान के बाद मालदीव में ही विरोध शुरू हो गया।मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी की निंदा की है।उन्होंने कहा कि मंत्री मरियम शिउना द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा भयानक थी।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए एक प्रमुख सहयोगी है।

## मेयर एरिक एडम ने अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को बताया बेहद महत्वपूर्ण

### –हिंदू समुदाय द्वारा आयोजित माता की चौकी में शामिल हुए अनेक लोग


**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क में आयोजित माता की चौकी में शहर के मेयर एरिक एडम और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान शामिल हुए। इस दौरान मेयर एरिक एडम ने अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। माता की चौकी समारोह में शामिल होने के बाद जब उनसे अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर न्यूयॉर्क के हिंदुओं में दिख रहे उत्साह को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस कार्यक्रम को हिंदू समुदायों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मीडिया द्वारा साझा की गई वीडियो में दिलीप चौहान को माता रानी की आरती करते देखा जा सकता है। यह माता की चौकी शहर के गीता मंदिर में आयोजित की गई थी। इस बीच मंदिर के पंडित ने मेयर एरिक एडम और दिलीप चौहान को शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया। जब उनसे अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर न्यूयॉर्क के हिंदुओं में दिख रहे उत्साह को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस कार्यक्रम को हिंदू समुदायों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। वहीं पर मीडिया से बात करते हुए अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा, अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदू समुदाय को देखें, तो यह बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें जश्न मनाने और अपनी आध्यात्मिकता को ऊपर उठाने का मौका देता है। इस बीच दिलीप चौहान ने कहा कि मेयर हिंदू समुदाय से बेहद प्यार करते है। उन्होंने न्यूयॉर्क में दिवाली उत्सव को देखते हुए पब्लिक स्कूल में हॉलिडे भी घोषित किया है। उपायुक्त दिलीप चौहान ने भारत के लोगों को राम मंदिर उद्घाटन पर शुभकामनाएं भी दी हैं।

# परमाणु संलयन आधारित नकली सूरज का निर्माण कर रहा चीन

### –विद्युत उत्पादन के लिए व्यवसायिक एप्लीकेशन बनी तकनीक

**बीजिंग (एजेंसी)।** परमाणु संलयन तकनीक के आधार चीन की सरकार नकली सूरज का निर्माण करने जा रही है। चीन का यह सूरज असली सूर्य के मुकाबले 7 गुना ज्यादा गरम होगा। चीन का दावा है कि इस नकली सूरज से विश्वभर में चल रहे ऊर्जा चुनौतियों का एक आदर्श हल निकलेगा। चीन का यह परमाणु रिएक्टर साल 2035 तक बनकर तैयार हो जाएगा। चीन की सरकारी कंपनी चाइना नैशनल न्यूक्लियर कार्पोरेशन इस सूरज का निर्माण करने जा रही है। वहीं अमेरिका समेत कई अन्य देश भी नकली सूरज को बनाने में जुटे हुए हैं।

दरअसल, अनंत ऊर्जा का स्त्रोत सूरज परमाणु संलयन तकनीक पर काम करता है और यही पूरी दुनिया को आकर्षित कर रहा है। चीन का प्लान है कि साल 2035 इस नकली सूरज का प्रोटोटाइप बना लिया जाए और साल 2050 तक बड़े पैमाने पर व्यवसायिक उत्पादन शुरू कर दिया जाए। सितंबर



महीने में चीनी कंपनी के चेयरमैन लू तिएझोंग ने कहा था कि परमाणु संलयन के आधार पर बिजली का निर्माण सबसे पहले चीन में होना चाहिए। हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं।

चीन अब अपने परमाणु संलयन ऊर्जा शोध से जुड़े हर व्यक्ति को एक साथ लाना चाहता है ताकि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल किया जा सके। अभी तक चीन में यह प्रोग्राम शोध संस्थाओं और प्राइवेट कंपनियों में बिखरा हुआ था। उन्हें वैसी सफलता नहीं मिली जैसी की चीन की सरकार चाहती थी। चीनी कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि ग्लोबल एनर्जी चैलेंज को देखते हुए विभिन्न देशों में प्रतिस्पर्द्धा मुख्य बिंदू बन गया है। उन्होंने कहा कि चीन को अब उच्च गुणवत्ता वाले ऊर्जा उद्योग की जरूरत है।

चीनी सरकारी कंपनी के अधिकारी ने कहा कि अब हम अपना पूरा संसाधन इस एक मुख्य प्रॉजेक्ट पर करने जा रहे हैं। चीन की एक अन्य हाईटेक कंपनी स्टारटोरस फ्यूजन के संस्थापक चेन रुई ने कहा कि परमाणु संलयन अब देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है। उनकी कंपनी परमाणु संलयन से पैदा होने वाली बिजली के लिए व्यवसायिक एप्लीकेशन बना रही है। उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका इस दिशा में बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। चीन की जिनपिंग सरकार अब इस क्षेत्र पर और ज्यादा फोकस कर रही है। चीनी रिएक्टर हाइड्रोजन परमाणुओं को 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गर्म करता है, जिससे वे मिलकर भारी परमाणु बन जाते हैं और इस प्रक्रिया में गर्मी और रोशनी के रूप में बहुत बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।

# टाइम ट्रेवलर ने 94 साल आगे की दुनिया देखी, सबूत के तौर पर फोटो भी दिखाई

### –एलियंस को लेकर किया बड़ा दावा, अलग–अलग देशों के नेताओं से करेंगे बातचीत

**लंदन (एजेंसी)।** इन दिनों भविष्यवाणी करने वालों की बातें खूब सुनी जा रही है। इनमें कितनी सच्चाई है और कितना लॉजिक है, यह तो जानकार ही बता सकते हैं, लेकिन एक टाइम ट्रेवलर की बातों पर यकीन करें तो उसने 94 साल आगे की दुनिया देखी है। वह उसकी फोटो भी दिखा रहा है और दावा कर रहा है कि तब तक तो एलियन अलग-अलग देशों के नेताओं से बातचीत भी करेंगे। टाइम ट्रैवेलिंग का दावा करने वाले लोगों ने भविष्य में जाने के जो सबूत पेश किए हैं, उन पर यकीन तो नहीं होता, लेकिन लेकिन टाइम ट्रैवेलर्स इस कांसेप्ट को लेकर जो बातें बताते हैं, वो चौंका ज़रूर देती हैं। एक ऐसे ही खुद को टाइम ट्रैवेलर कहने वाले एलेक्जेंडर स्मिथ नाम के शख्स ने दावा किया है कि वो साल 1981 में ही टाइम ट्रैवल कर 137 साल आगे चला गया था। अब उसने भविष्य की तस्वीर भी दिखाई है और इससे जुड़े हुए कुछ सनसनीखेज़ दावे किए हैं। एलेक्जैंडर स्मिथ ने मीडिया से बात करते हुए बताया कहा था कि वो साल 1981 में ही टाइम ट्रैवल कर साल 2118 में पहुंच गया था। फिर वर्तमान में लौटकर शख्स ने दावा किया है।

एलेक्जैंडर स्मिथ ने बताया कि वो अमेरिकी खुफिया विभाग सीआईए (सीआईए) के एक टॉप सीक्रेट मिशन के तहत भविष्य में गया था। स्मिथ ने इंटरव्यू में बताया कि वो दिन दूर नहीं है, जब एलियंस धरती पर आ जाएंगे और वो अलग-अलग देशों के नेताओं से संपर्क साधेंगे। वो हम इंसानों से ज्यादा स्मार्ट होंगे। हैरानी की बात ये है कि वो हमारे बीच ही रहेंगे और हमारे लिए खतरा बने रहेंगे। उनका संपर्क उनकी अपनी दुनिया से भी बना रहेगा।

इतना ही नहीं स्मिथ ने बताया कि साल 2118 में थर्ड वर्ल्ड वॉर होने की भी आशंका है, जो अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के बीच होगा। उसने एक तस्वीर भी दिखाई है, जिसके फ्यूचर की फोटो होने का दावा किया है। उसकी इस फोटो में हरे रंग की ऊंची-ऊंची इमारतें दिख रही हैं, जिन्हें लेकर उसका दावा है कि ऐसी बिल्डिंग फ्यूचर



में बना करेंगी। इतना ही नहीं स्मिथ का ये भी दावा है कि आने वाले वक्त में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ेगा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर पहली टी20 सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय टीम

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मुकाबले में खेलने उतरेगी। ये सीरीज अभी तक 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में भारतीय महिला टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतकर पहली बार घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतना रहेगा।

आंकड़ों पर नजर डालें तो मेहमान टीम की दावेदारी मजबूत नजर आती है। भारतीय टीम को आज तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में से केवल एक में ही जीत दर्ज मिली है। वहीं चार सीरीज वह हारी है। भारतीय टीम ने एकमात्र सीरीज 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी। इस बार भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया था पर दूसरे मैच में उसे छह विकेट से हार झेलनी पड़ी।

भारतीय टीम के लिए इस सीरीज में हरमनप्रीत के फॉर्म को लेकर चिन्ता बनी हुई है। हरमनप्रीत सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक नहीं लगा पायी है। वह पिछली 11 पारियों में से सात बार दो अंकों तक भी नहीं पहुंची है। दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अच्छा ऑलराउंड प्रदर्शन किया था हालांकि वह टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं रही। दीप्ति ने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के शुरुआती दो विकेट लेकर उसे संकट में डाल दिया था। अब दीप्ति



से तीसरे मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। एलिसा हीली अपनी कप्तानी में टीम को जीत दिलाकर साल की अच्छी शुरुआत करना चाहेंगी।

अब तक हुए शुरुआती दो टी20 मैचों में गेंदबाज हावी रही हैं। इससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं मिला। ऐसे में दोनो ही टीमें के लिए ये तीसरा मैच अहम रहेगा जिसमें टॉस जीतने वाली टीम के पास अधिक अवसर रहेगा।

### टीम

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि।

**ऑस्ट्रेलिया** = एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम।

# संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ गतिविधियों पर रोक: संजय सिंह



**गोण्डा (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को साफ किया कि संघ को भंग नहीं किया गया है और केवल उसकी गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। नंदनीनगर महाविद्यालय के प्रांगण में कुश्ती संघ के निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर आयोजित युवाज्ञान शक्ति संगम समारोह में संजय सिंह ने कहा, 'संघ भंग नहीं है। केवल उसके गतिविधियों पर रोक लगायी गयी है। कुश्ती संघ स्वायत्त संस्था है, इसे भंग नहीं किया जा सकता। संघ अभी भी काम कर रहा है और करता रहेगा।' उन्होंने कहा कि वे तदर्थ समिति को नहीं मानते और भारतीय कुश्ती संघ द्वारा घोषित कुश्ती चैंपियनशिप पूर्व निर्धारित समय से होगी। इन्हीं कारणों से जूनियर खिलाड़ियों का खासा नुकसान हो रहा है। उन्होंने जंतर मंतर पर जूनियर पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर कहा कि जब जूनियर खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है तो वे मजबूरन प्रदर्शन कर रहे है। पदक विजेता पहलवान साक्षी मालिक के जूनियर खिलाड़ियों के बृजभूषण सिंह के इशारे पर प्रदर्शन के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि ये उनकी मर्जी है वे मनगढ़ंत आरोप मढ़ रही हैं। देश लोकतंत्र से चलता हैं न कि लाठीतंत्र या धरनातंत्र से।

## टी20 विश्वकप में टेस्ट नहीं खेलने वाले देशों को तीन टेस्ट क्रिकेटरों को शामिल करने की इजाजत दें : गंभीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर ने कहा है आगामीटेस्ट नहीं खेलने वाले देशों की अंतिम-11 में टेस्ट खेलने वाली टीमों के तीन खिलाड़ियों को भी जगह दी जानी चाहिये। गंभीर ने कहा कि इससे ये टीमें भी बेहतर प्रदर्शन के लायक होंगी।

गंभीर से जब टी20 विश्व कप में नीदरलैंड और आयरलैंड जैसी टीमों के प्रदर्शन को लेकर पूछा गया तो गंभीर ने कहा, मैं निश्चित रूप से इन टीमों को बढ़ते हुए देखना चाहता हूं हालांकि मेरा मानना है कि अगर आप रोमांचक और संघर्षपूर्ण प्रतियोगिता देखना चाहते हैं तो सभी छोटी टीमों को टेस्ट खेलने वाले देशों के तीन पेशेवरों के साथ मैदान पर उतरने की अनुमति दें।

साथ ही कहा कि उभरते देशों को उन खिलाड़ियों को शामिल करने की इजाजत दी जानी चाहिए जो टेस्ट खेलने वाले अपनी टीमों में जगह नहीं बना सके हैं। गंभीर ने कहा, जो खिलाड़ी आपकी विश्वकप टीम में नहीं हैं, अगर छोटे देश चाहें तो उन्हें अंतिम इलेवन में अधिकतम तीन और कम से कम एक खिलाड़ी रखने की अनुमति होनी चाहिए, जैसी भी उनकी जरूरत हो। गौरतब है कि आगामी टी20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। इसके बाद, हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण में प्रवेश करेंगी। गंभीर ने आईपीएल जैसे फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करने का उदाहरण भी दिया। आईपीएल में एक टीम की अंतिम इलेवन में अधिकत चार विदेशी खिलाड़ी खेल सकते हैं। साथ ही कहा कि इसी प्रकार अगर कनाडा और अमेरिका को टेस्ट खेलने वाली टीमों के तीन खिलाड़ी मिल जायें तो ये भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगी।

# पूर्व क्रिकेटर ने भारतीय सेलेक्शन पर उठाए सवाल, पूछा- शिवम दुबे को मौका लेकिन ईशान किशन कहां है?

**डरबन (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। एक साल बाद कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में वापसी हुई है। विराट कोहली भी वापस आए हैं। दोनों ने एक साल पहले यानी साल 2022 के नवंबर में आखिरी टी20 मैच खेला था। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में कई बदलाव देखने को मिले हैं, कई खिलाड़ियों को आराम मिला है तो कुछ की वापसी देखने को मिली है। लेकिन इसी कड़ी में पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने टीम सेलेक्टर पर सवाल उठाए हैं।

दरअसल, आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए श्रेयस अय्यर के स्क्वॉड में नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि, श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए उपकप्तान के रूप में नामांकित किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिाफ भी टीम का हिस्सा थे, अब अफगानिस्तान के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली?

साथ ही आकाश चोपड़ा ने शिवम दुबे के स्क्वॉड में होने को लेकर कहा कि वह अंदर क्यों हो रहे हैं। उन्होंने लिखा कि, शिवम दुबे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर टीम में थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चुने नहीं गए थे। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में उनकी वापसी?





पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने ईशान किशन के टीम में नहीं होने पर सवाल किया है। बता दें कि, ईशान किशन को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुना गया था लेकिन जितेश शर्मा को प्लेइंग 11 में जगह दी गई। ईशान किशन ने अचानक साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लिया। खबरों में इसके पीछे कारण सामने आया कि वह लगातार ट्रेवल के कारण थकान महसूस कर रहे हैं और आराम करना चाहते हैं।

आकाश चोपड़ा ने ट्वीट में ईशान किशन को लेकर लिखा, इसके अलावा ईशान किशन कहां हैं? उसकी उपलब्धता पर कोई खबर?

### अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।


## सहवाग ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर मालदीव की विवादित टिप्पणी पर आपत्ति जतायी

नई दिल्ली। वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर समेत कई दिग्गज खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव की एक मंत्री के विवादित बयान पर आपत्ति जतायी है। सहवाग ने तो मालदीव के मंत्री के विवादित बयान को भारत के लिए



अवसर भी करार दिया है। सहवाग ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'चाहे उडुपी के खूबसूरत तट हों या पोंडी के पैराडाइज बीच, अंडमान के नील और हैवलॉक। हमारे देश में कई ऐसे सुंदर तट और जगह हैं, जहां पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं हैं हालांकि अभी तक इनपर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया है।' सहवाग ने इसके आगे लिखा, 'भारत सभी आपदाओं को अवसर में बदलने के लिए जाना जाता है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा हमारे देश और प्रधानमंत्री पर किया व्यंग्य भारत के लिए एक प्रकार का अवसर है जिससे कि वह ऐसे तटों या जगहों पर बुनियादी विकास पर ध्यान देकर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करे, इससे हमारी अर्थव्यवस्था भी बेहतर होगी।' सहवाग ने अंत में प्रशंसकों से एक सवाल भी किया। उन्होंने पूछा, 'कृपया अपने पसंदीदा अज्ञात खूबसूरत स्थानों के नाम बताएं।' इससे पहले मालदीव की एक मंत्री मरियम शिउना ने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके लिए वहां की सरकार ने उन्हें निलंबित भी कर दिया था।

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पायेंगे शमी



मुम्बई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट नहीं होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से बाहर रहेंगे। इसका कारण ये है कि शमी अभी तक अपने टखने की चोट से नहीं उबरे हैं। इसी कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से भी बाहर हो गए थे। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में जबकि दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। एक रिपोर्ट में कहा गया, शमी ने अभी तक गेंदबाजी करना भी शुरू नहीं किया है, उन्हें पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाकर अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। इसी कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में उनका खेलना संभव नहीं दिख रहा है। शमी को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया था पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम के अनुमति नहीं दिये जाने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। अब इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट के लिए शमी की जगह शार्दुल ठाकुर या मुकेश कुमार को दिए जाने की संभावना है, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज करेंगे।

## स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए जर्मनी जायेंगे सूर्यकुमार, आईपीएल के शुरुआती सत्र से बाहर रहेंगे



### -अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज भी नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए जर्मनी जाएंगे। इसी कारण सूर्यकुमार अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से भी बाहर रहेंगे। इसके अलावा वह घरेलू सत्र और आईपीएल के शुरुआती मैचों में भी नहीं खेल पायेंगे। सूर्यकुमार को हाल ही में स्पोर्ट्स हर्निया से प्रभावित होने की बात पता चली। अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में आराम कर रहे हैं। बीसीसीआई के अनुसार, सूर्यकुमार को हाल ही में स्पोर्ट्स हर्निया का पता चला है। इसी कारण वह अभी बेंगलुरु में एनसीए में आराम कर रहे हैं। दो-तीन दिन में वह इसकी सर्जर के लिए जर्मनी जाएंगे। इससे साफ है कि वह निश्चित रूप से रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से नहीं खेल पाएंगे और इसके अलावा आईपीएल में मुंबई इंडियंस के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले साल 2022 में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को भी स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए जर्मनी जाना पड़ा था। राहुल भी अब चोट के कारण कुछ महीनों के लिए खेल से बाहर थे। बोर्ड की ओर से एक अधिककारी ने कहा, जून में टी20 विश्व कप को देखते हुए सूर्यकुमार को ठीक होने के लिए पूरा समय दिया जाएगा। वह टी20 विश्व कप में भारत की संभावनाओं को देखते हुए बेहद अहम खिलाडी हैं।

स्पोर्ट्स हर्निया कमर का मतलब निचले पेट के क्षेत्र में आपकी मांसपेशी, लिगामेंट या टेंडन का टियर या मोच आना है। स्पोर्ट्स हर्निया उन लोगों को अधिक होता है जा खिलाड़ी होते हैं। इसके बाद भी स्पोर्ट्स हर्निया में कोई वास्तविक हर्निया शामिल नहीं है।

# आईसीसी ने प्रतिबंध हटाने वाली ख्वाजा की अपील को ठुकराया


**मेलबर्न (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा को करारा झटका दिया है। आईसीसी ने आर्मबैंड (काली पट्टी) पहनने के कारण ख्वाजा पर लगाये लगे प्रतिबंध को हटाने की अपील ठुकरा दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार ख्वाजा ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ हुई तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के दौरान गाजा में हिंसा में फंसे फलस्तीनी लोगों के समर्थन में काली पट्टी बांधी थी जिसके कारण आईसीसी ने उन्हें तब फटकार भी लगाई थी क्योंकि उन्होंने इसके लिए आईसीसी से अनुमति नहीं ली थी। इसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटाने की अपील की थी जिसे आईसीसी ने मानने से इंकार कर दिया है।

आईसीसी के नियमों के तहत क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान किसी तरह के राजनीतिक, धार्मिक या नस्लवादी संदेश को प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। खिलाड़ी पूर्व खिलाड़ियों, परिजनों या किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के निधन पर पहले से अनुमति लेकर काली पट्टी बांध सकते हैं। आईसीसी के प्रवक्ता ने तब कहा था, '' ख्वाजा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और आईसीसी से अनुमति लिए बिना पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में बांह पर काली पट्टी बांधी थी। यह अन्य उल्लंघन श्रेणी में आता है और पहला अपराध होने पर उन्हें फटकार लगाई गई है।''

इस क्रिकेटर ने कहा कि आईसीसी ने पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन मुझसे पूछा था कि काली पट्टी क्यों बांधी है तब मैंने कहा था कि यह निजी शोक के कारण है। मैंने इसके अलावा कुछ नहीं कहा था।

उन्होंने कहा, '' मैं आईसीसी और उसके नियमों का सम्मान करता हूं। मैं इस फैसले को चुनौती दूंगा। आर्मबैंड को लेकर फटकार का कोई मतलब नहीं है।'' उन्होंने कहा कि जब वह अभ्यास सत्र के लिए आये तो उनका कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं था। वह केवल मानवता के नाते फिलिस्तीनियों का मामला उठा रहे थे।

## नडाल इस बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में नजर नहीं आयेंगे



नई दिल्ली। स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल इस बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नजर नहीं आयेंगे। नडाल ने ये फैसला फिट नहीं होने के कारण लिया है। वह पिछले सप्ताह ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दौरान मांसपेशियों में लगी चोट से अब तक नहीं उबर पाये हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वह सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं और इलाज के लिए घर वापस जा रहे हैं। नडाल ने ट्वीट किया, सभी को हेलो, ब्रिस्बेन में मैच के दौरान मेरी मांसपेशियों में एक छोटी सी समस्या थी, जैसा कि आप जानते हैं कि मैं चिंतित था। एक बार जब मैं मेलबर्न पहुंचा तो मुझे एमआरआई कराने का अवसर मिला जिसमें मेरी मांसपेशियों में माइक्रो टियर पाया गया हालांकि ये उस हिस्से में नहीं था जहां मुझे चोट लगी थी। साथ ही कहा कि मैं अभी पांच सेटों के मैचों में खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं अपने डॉक्टर को दिखाने और आराम करने के लिए ही स्वदेश जा रहा हूं। पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में कुल्हे की चोट के कारण वह करीब एक साल तक बाहर रहे थे। इसके बाद उन्होंने ब्रिस्बेन से वापसी की। इस खिलाड़ी ने ब्रिस्बेन में शानदार प्रदर्शन करते हुए डोमिनिक थिएम और जेसन कुब्लर जैसे खिलाड़ियों को हराया था हालांकि उन्हें क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## ओडिशा जगरनॉट्स अल्टीमेट खो खो सत्र 2 में पहले स्थान पर पहुंची

कटक। ओडिशा जगरनॉट्स यहां जारी अल्टीमेट खो खो की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। ओडिशा जगरनॉट्स ने सत्र 2 के एक अहम मुकाबले में तेलुगू योद्धाओं को 35-27 से हराया। ओडिशा की ओर से दिलीप खांडवी, ओंकार सोनवणे और अविनाश देसाई सभी ने छह-छह आक्रमण अंक हासिल किये। इससे ओडिशा टीम मैच पर हावी रही। ओडिशा ने दिलीप खांडवी, गौतम एमके और निखिल सोडाय के अपने पहले बैच के साथ पिच पर तीन मिनट और 32 सेकंड तक जमे रहने और तीन ड्रीम रन अंक हासिल करने के साथ ही टर्न 1 की अच्छी शुरुआत की। फिर रोहन सिंगाडे



ने तेलुगू योद्धा के आक्रमण का विफल कर दिया। इस प्रकार टीम ने अजेय रहकर एक ड्रीम रन अंक हासिल किया। टर्न 1 के अंत में तेलुगू योद्धाओं की बढ़त केवल सात अंक थी। ओडिशा ने तेलुगू योद्धाओं के आक्रमण को विफल करते हुए पहले बैच को एक मिनट और 37 सेकंड में वापस भेज दिया। उनके दूसरे बैच ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया और एक मिनट और 48 सेकंड तक मैट पर रहे। बैच 3 ड्रीम रन पॉइंट के पंद्रह सेकंड के भीतर आ गया पर इससे गति में कोई बदलाव नहीं आया। ओडिशा जगरनॉट्स ने दूसरी पारी में 23-10 की मजबूत बढ़त के साथ शुरुआत की। टर्न 3 में तेलुगू योद्धाओं के लिए हालात नहीं बदले। ओडिशा जगरनॉट्स का ओमकार सोनवणे, दीपेश मोरे और निखिल बी का पहला बैच मैट पर तीन मिनट और 57 सेकंड तक चला और दो ड्रीम रन अंक हासिल किए। उनका दूसरा बैच अधिक समय तक नहीं टिक सका लेकिन उनके तीसरे बैच के दो सदस्य अजेय रहे और ओडिशा जगरनॉट्स ने अंतिम मोड़ तक 25-24 की बढ़त बना ली। उनके हमलावरों को मैच ख़त्म करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

# वरुण तोमर और ईशा ने एशियाई निशानेबाजी क्वालीफायर में 10 मीटर स्वर्ण के साथ ओलंपिक कोटा हासिल किया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के युवा निशानेबाजों वरूण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही तोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली।

भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता।

मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक(575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने





के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे। भारत इस प्रतियोगिता से पहले राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में 13 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है।



# फेसबुक से मिला था टीवी के लिए ब्रेक, फिल्मी है मेरी कहानी

**पौराणिक शो कर्माधिकारी शनिदेव में भगवान शनि की पत्नी दामिनी का किरदार निभाने वालीं अपर्णा दीक्षित ने कहा- जो हनुमानजी के सच्चे भक्त होते, उन पर सदा रहती शनिजी की कृपा होती है। उन्होंने कहा- मैं मजाक-मजाक में सबसे कहती रहती हूं कि जो ताजमहल नहीं देख सकते, वो मेरी खूबसूरती से ही ताजमहल का अंदाजा लगा लें।**

आगरा की रहने वाली अपर्णा दीक्षित की किस्मत ने कॉलेज टाइम में ऐसा टर्न मारा कि बिना किसी जद्दोजहद और स्ट्रगल के उन्हें फेसबुक के जरिए टीवी में ऑडिशन देने का मौका मिल गया। यह मौका उन्हें 19 साल की उम्र में मिला। भले ही वह शो कभी ना शुरू हो पाया हो, लेकिन टीवी में उनके जाने के रास्ते खुल गए। फिर वह एक के बाद एक सफल शो करती गईं और उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना एक दशक पूरा कर लिया। इन दिनों वह नए पौराणिक शो कर्माधिकारी शनिदेव में भगवान शनि की पत्नी दामिनी के किरदार में नजर आ रही हैं। वह बताती हैं कि जो हनुमानजी के भक्त होते हैं, उन पर शनि जी की हमेशा कृपा रहती है। मैं बचपन से हनुमान भक्त हूं इसलिए मुझे पता है कि शनि जी की मुझ पर हमेशा कृपा रहेगी।

## हमारे पौराणिक शो इंडोनेशिया-मलेशिया में खूब देखे जाते हैं

हमारे पौराणिक शो भारतीयों के साथ बाहर के दर्शकों को भी बहुत प्रभावित करते हैं। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है। इंडोनेशिया, मलेशिया जैसी जगहों के दर्शक हमारे इस तरह के शो बहुत फॉलो करते हैं। ये उनकी भाषा में डब होते हैं। अगर मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका मिल रहा, जिसकी पहुंच विदेश तक है तो मेरे लिए यह बड़ी बात है। हमारी संस्कृति इतनी ज्यादा पुरानी है कि उसकी जड़ें दूर-दूर तक हैं। थाइलैंड में भी गणेश जी के मंदिर हैं। मुझे लगता है कि कहीं ना कहीं सारे भगवान एक-दूसरे से जुड़े हैं। हो सकता है कि उन्होंने उनके नाम अलग रख दिए हों, थोड़ा-बहुत रिलीजन फैक्टर अलग हो, लेकिन कल्चर वही है। यह वजह है कि वे हमारे शो से काफी अच्छी तरह से जुड़ जाते हैं।

## फेसबुक के जरिए टीवी इंडस्ट्री में आई

मेरा ऐक्टिंग इंडस्ट्री में आने का किस्सा बहुत दिलचस्प है। दिल्ली में मेरा कॉलेज चल रहा था। वहां से मुझे किसी फिल्मी स्टोरी की तरह साल 2011 में फेसबुक से पिक किया गया। आप इस तरह की कहानी फिल्मों या टीवी पर देखते होंगे तो सोचते होंगे कि ऐसा थोड़ी ना होता है लेकिन मैं इसका जीता-जागता उदाहरण हूं। मैं अपने ऐक्टर बनने का पूरा क्रेडिट सिर्फ भगवानजी को ही दे सकती हूं। बालाजी का एक शो आने वाला था और वह एक फ्रेश चेहरा देख रहे थे। उनकी को-आर्डिनेटर ने मुझे मेसेज किया। मैंने उनसे कहा कि आप मेरे पैरंट्स से बात कीजिए। उन्होंने मुझे लुक टेस्ट के लिए मुंबई बुलाया। मुंबई जाना मेरे लिए बड़ी बात थी क्योंकि मैं कॉलेज स्टूडेंट थी और ना ही मैं वहां पर कभी गई थी। फिर उन लोगों ने मेरे पैरंट्स से बात की। मैं मम्मी के साथ ऑडिशन देने आई। उस वक्त मैं 19 साल की थी। वे जिस शो के लिए सिलेक्ट करने वाले थे, वो आया ही नहीं। एक अच्छी चीज यह हो गई कि बालाजी प्रोडक्शन के पास मेरा पोर्टफोलियो आ गया। फिर पापा ने कहा कि पहले तुम अपनी पढ़ाई पूरी कर लो। उस वक्त मैं सेकंड इयर में थी। मैंने फिजिक्स ऑनर किया, तब मैं मुंबई आई।



# शाहरुख और मैं कभी करीबी दोस्त नहीं थे

बॉलीवुड में आने से पहले शाहरुख खान और मनोज बाजपेयी ने दिल्ली में एक्टिंग कोच बैरी जॉन से ट्रेनिंग ली थी। जैसे-जैसे शाहरुख खान और मनोज बाजपेयी के करियर आगे बढ़ें, दोनों ने बिल्कुल अलग-अलग किस्म की फिल्में कीं। ऐसे में एक इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी ने कहा कि शाहरुख कभी भी उनके करीबी दोस्त नहीं थे। यहां तक कि दोनों के रास्ते भी एक-दूसरे से जुदा थे। मनोज बाजपेयी किलर सूप नाम की एक वेब सीरीज में जल्द ही नजर आने वाले हैं। जिस्ट के साथ हुई बातचीत के दौरान एक्टर ने कहा- अब मेरा और शाहरुख का मिलना नहीं होता। हम दो अलग-अलग दुनिया के लोग हैं, इसलिए हमारे रास्ते भी नहीं टकराते। पहले भी हमारी दोस्ती ऐसी ही थी। शाहरुख का अपना एक अलग फ्रेंड सर्कल था और मेरा भी अलग फ्रेंड सर्कल था। हालांकि हम एक ही ग्रुप के लोग हैं। जब एक ही ग्रुप में काम करते हैं तो सबके साथ जान पहचान होती है, सबके साथ उठते-बैठते हैं, सबके साथ खाना-पीना होता है। मनोज बाजपेयी ने शाहरुख के साथ का एक मजेदार किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एक दफा वे शाहरुख के साथ क्लब गए थे। चूंकि मनोज बाजपेयी ने प्रॉपर जूते नहीं पहने थे, इसलिए उन्हें क्लब में एंट्री नहीं मिली थी। इस किस्से के बारे में उन्होंने कहा- हम दोनों अलग-अलग दुनिया में रहते हैं। हमारी पसंद भी अलग ही रही हैं। चॉइस के हिसाब से ही हम दोनों ने अपनी-अपनी दुनिया चुनी। बता दें, साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म वीर जारा में शाहरुख और मनोज बाजपेयी साथ दिखाई दिए थे।

## मनोज बाजपेयी हमेशा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं

इंटरव्यू के दौरान जब मनोज बाजपेयी की तुलना शाहरुख से की गई तो मनोज ने कहा- नहीं मेरी तुलना मत कीजिए। मुझे बस अच्छे रोल दीजिए। अगर आज मैं ओटीटी का राजा बन जाता हूं, तो कल आप मुझे ओटीटी का गुलाम बना देंगे। इसलिए मैं उपनामों पर यकीन नहीं रखता। मुझे इससे कोई मदद नहीं मिलती। मुझे अच्छे काम से मदद मिलती है। मनोज ने आगे कहा- जहां तक ओटीटी के किंग की बात है, तो ये उपनाम आप किसी और एक्टर को दे दीजिए। मुझे नहीं चाहिए। मैं सिर्फ एक एक्टर हूं, जो हमेशा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश में लगा रहता है।

## मनोज बाजपेयी किलर सूप में दिखेंगे

मनोज बाजपेयी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जोरम में दिखे थे। हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। द फैमिली मैन के बाद मनोज बाजपेयी अपनी नई सीरीज किलर सूप से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इसमें एक्टर कोंकणा सेन शर्मा के साथ नजर आएंगे। ये क्राइम-थ्रिलर सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जनवरी को रिलीज होगी। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी डबल रोल में नजर आएंगे। वहीं कोंकणा उनकी पत्नी की भूमिका निभाते दिखेंगी। सीरीज में मर्डर, पैसों की हेरा-फेरी और सस्पेंस का भी तड़का होगा।



# 'डेडली' में पहली बार दिखेगी जान्हवी-टाइगर की जोड़ी

टाइगर श्रॉफ-वरुण धवन और जान्हवी कपूर एक साथ फिल्म 'डेडली' में नजर आने वाले हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर होंगे। वहीं फिल्म का डायरेक्शन राज मेहता करेंगे। डेडली की कहानी अनुराग कश्यप लिख रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार जान्हवी और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म में वरुण धवन विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। डायरेक्टर राज मेहता इससे पहले गुड न्यूज और जुग जुग जीयो जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

## इन फिल्मों में नजर आएंगी जान्हवी

जान्हवी कपूर के पास इस साल कई फिल्में हैं। इस साल वो जूनियर एनटीआर की देवरा, राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही और गुलशन देवैया के साथ उलझ में काम करेंगी। बता दें कि हाल ही में खबर आई थी कि जान्हवी करण जौहर की 'दुल्हनिया 3' में नजर आएंगी। बहरहाल, बाद में करण जौहर ने इस बात से इनकार कर दिया था। इस फिल्म में आलिया भट्ट बतौर एक्ट्रेस नजर आएंगी। टाइगर श्रॉफ अक्षय कुमार के साथ बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर, वरुण धवन भेड़िया 2, सिटाडेल इंडिया और तमिल फिल्म थेरी की रीमेक में दिखाई देंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण आने वाले दिनों में हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल के हिंदी रीमेक में दिखेंगे। उनके साथ सामंथा रुथ प्रभु भी दिखाई देंगी। हालांकि रिलीज डेट को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसे राज एंड डीके द्वारा बनाया जा रहा है। हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन को लीड रोल में देखा गया था। इंटरनेशनल लेवल पर इस सीरीज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वरुण के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी हैं। फिल्म में वरुण फुल एक्शन अवतार में देखने को मिलेंगे।

# रेड 2 में काम करने के लिए उत्साहित हैं अजय

**बॉलीवुड के सिंघम अजय देवगन अपनी आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अजय, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सिंघम अगेन और फिल्म मैदान को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वहीं, आज शनिवार को अभिनेता ने अपनी तीसरी आगामी फिल्म रेड 2 की आधिकारिक घोषणा करते हुए शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता करने जा रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में, अजय एक बार फिर आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की भूमिका निभाएंगे।**

अजय ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से रेड 2 के मुहूर्त कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे रवि तेजा के साथ नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में अभिनेता के साथ निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक दिख रहे हैं। मुहूर्त की झलकियां साझा करते हुए अजय ने कैप्शन में लिखा, नया मामला, नई शुरुआत, रेड 2 की शूटिंग आधिकारिक तौर पर आज शुरू हो गई है। वहीं, उन्होंने मुहूर्त की शोभा बढ़ाने के लिए साउथ अभिनेता रवि तेजा को धन्यवाद कहा। इसके अलावा अजय ने फिल्म की रिलीज डेट बताते हुए लिखा, 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में।

## आयकर छापे पर आधारित है फिल्म

अजय देवगन की रेड 2 को बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियो के तहत किया जाएगा। बता दें कि, फिल्म का पहला भाग रेड 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आईटी विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए वास्तविक जीवन के आयकर छापे पर आधारित था।



# एक बार फिर करण जौहर की फिल्म में काम करेंगे शाहरुख

शाहरुख खान और करण जौहर ने मिलकर कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम, माय नेम इज खान और कभी अलविदा ना कहना जैसी शानदार फिल्में दी हैं। दर्शकों की बड़ी तमन्ना है कि ये जोड़ी एक बार फिर साथ में पर्दे पर जादू रचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दर्शकों की यह मुराद जल्द पूरी हो सकती है। कहा जा रहा है कि बीते वर्ष पठान और जवान जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाले शाहरुख अब जल्द ही करण जौहर की फिल्म में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान और करण जौहर के बीच फिलहाल फिल्म के आइडिया पर बातचीत चल रही है। कहा जा रहा है कि इस बार शाहरुख खान के साथ मिलकर करण जौहर एक्शन फिल्म करेंगे। बता दें कि करण जौहर ने अभी तक एक्शन शैली में हाथ नहीं आजमाया है। वहीं, शाहरुख खान ने बीते वर्ष पठान और जवान जैसी दो एक्शन फिल्में दी हैं, जो ब्लॉकबस्ट साबित हुई है। हालांकि, कहा ये भी जा रहा है कि लगातार दो एक्शन फिल्में करने के बाद शाहरुख खान फिलहाल इस शैली को लेकर खास उत्साहित नहीं हैं। लेकिन, दूसरी तरफ वे डंकी के बाद अपनी फिल्मों को लेकर ज्यादा प्रयोग भी नहीं करना चाहते। शाहरुख खान और करण जौहर ने साथ में काफी काम किया है, साथ ही दोनों के बीच मजबूत दोस्ती का रिश्ता भी है।





# राम चरण संग तहलका मचाएंगे शिवा राजकुमार

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवी सुपरस्टार शिवा राजकुमार पहली बार तेलुगु फिल्म में नजर आने के लिए तैयार हैं। शिवन्ना, मेगास्टार चिरंजीवी के साथ एक मजबूत रिश्ता रखते हैं। उन्होंने अब राम चरण की आगामी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सहमति दे दी है। अभिनेता ने खुद बुच्ची बाबू सना की आरसी 16 से जुड़ने की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू के दौरान, शिव राजकुमार ने बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म आरसी 16 में अपनी भागीदारी का खुलासा किया। सुपरस्टार ने कहा, मैंने दो फिल्मों में अभिनय करने का वादा किया है, एक तमिल भाषा में और दूसरी तेलुगु भाषा में। तेलुगु फिल्म में राम चरण हैं। जब फिल्म के निर्देशक के बारे में पूछा गया, तो शिवन्ना ने पुष्टि की कि इसका निर्देशन वास्तव में उप्पेना के निर्देशक द्वारा किया जाएगा। शिव राजकुमार के बयान के बाद आरसी16 में उनकी भूमिका की पुष्टि सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैल गई है। राम चरण के साथ बुच्ची बाबू सना की आरसी 16 के निर्माता फिल्म के कलाकारों और चालक दल के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं।

# डंकी के बाद अब ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं राजकुमार हिरानी, लीड रोल में होंगे विक्रांत मैसी

निर्देशक राजकुमार हिरानी अपनी फिल्म डंकी को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। प्रभास स्टारर सलार से मुकाबला होने के बावजूद डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, फिल्म की कहानी और उसके निर्देशन को लेकर डंकी के डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की भी खूब तारीफ हुई। अब हिरानी एक फिर सुर्खियों में हैं, जिसकी वजह डंकी नहीं, बल्कि उनका ओटीटी डेब्यू है। डंकी की सफलता के बाद हिरानी अब ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक साक्षात्कार में इसकी पुष्टि भी की है। हिरानी के इस प्रोजेक्ट में 12वीं फेल प्रमुख विक्रांत मैसी लीड रोल में होंगे। बी-टाउन की गलियों में बीते कुछ दिनों से इसकी खूब चर्चा भी थी कि हिरानी विक्रांत मैसी के साथ ओटीटी पर डेब्यू करेंगे। आखिरकार अब इस खबर पर मुहर लग गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डंकी के निर्देशक हिरानी ने कहा, मैं एक ओटीटी शो कर रहा हूं, जिसकी शूटिंग इस महीने (जनवरी) से शुरू हो जाएगी। मैं इससे जुड़ा हुआ हूं। हालांकि, इसका निर्देशन मैं नहीं कर रहा है। ये डिजनी प्लस हॉटस्टार का शो होगा, जिसमें विक्रांत लीड रोल में होंगे। हिरानी ने आगे कहा, इस शो की अपनी एक जगह है। मैं इसके स्क्रिप्ट और इसे जिस तरह से आगे बढ़ाया गया है, मैं उससे खुश हूं। इस शो में मेरा अपना क्षेत्राधिकार है। वहीं, विक्रांत मेसी की बात करें तो 12वीं फेल की सफलता के बाद से वे लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उनके किरदार की खूब सराहना हो रही है, जो आईपीएस मनोज शर्मा की रियल लाइफ पर आधारित है। इस फिल्म को विधु विनोद चोपड़ा ने निर्देशित किया है। फिल्म में मैसी के अलावा अभिनेत्री मेधा शंकर, अनंत वी जोशी, अंशुमान पुष्कर और प्रियांशु चटर्जी भी प्रमुख भूमिका में हैं। इसके अलावा विक्रांत के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में भी कई दिलचस्प फिल्में शामिल हैं।

